अधिकतम ▲ 17 डिग्री से.
डिग्री से. 07 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 7.21
सूर्यास्त 5.35
सोना 24 कैरेट: 1,35,970.00
चांदी (प्रति किलो): 2,41,000
सेंसेक्स : 85,762.01
अमेरिका : 90.01
कैनेडियन : 65.57
आस्ट्रेलिया : 60.25

दैनिक
अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित

वर्ष 41 | चंडीगढ़, सोमवार, 05 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण पक्ष: द्वितीया विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 05 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12

न्यूज ब्रीफ

गुरमीत राम रहीम को फिर मिली 40 दिन की पैरोल

चंडीगढ़, (अप्रस)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर पैरोल मिल गई है। राम रहीम को रोहतक स्थित जिला कारागार सुनारिया से 40 दिनों की पैरोल को मंजूरी दी गई है। राम रहीम दो साध्वियों से दुष्कर्म और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में सजा काट रहा है। जानकारी के मुताबिक, 15 सितंबर, 2025 को भी राम रहीम को 40 दिनों की पैरोल मिली थी। इस बार की पैरोल के साथ वह 15वीं बार जेल से बाहर आएगा। पिछली बार जब उसे 21 दिन और 40 दिन की पैरोल मिली थी, तब वह सिरसा स्थित डेरा स'चा सौदा में ही रहा था। इस बार भी 40 दिन की पैरोल मिलने के बाद राम रहीम के सिरसा डेरे में ही रहने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि सीबीआई की विशेष अदालत ने गुरमीत राम रहीम को दो साध्वियों से दुष्कर्म के मामले में 10-10 साल यानी कुल 20 साल की सजा सुनाई थी। इसके अलावा वह पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या और डेरे के मैनेजर रणजीत सिंह की हत्या के मामलों में भी सजा काट रहा है। राम रहीम को बार-बार मिलने वाली पैरोल को लेकर विवाद भी खड़ा होता रहा है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने पहले भी राम रहीम के पैरोल पर सवाल उठाते हुए कहा था कि राम रहीम कोई सामान्य कैदी नहीं, बल्कि एक हार्ड क्रिमिनल है, जिसे इस तरह की रियायतें नहीं मिलनी चाहिए।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को रिहा करने की उठी मांग

अमेरिका मादुरो को रिहा करे: चीन, उत्तर कोरिया बोला- अमेरिका कर रहा गुंडागर्दी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

कराकस। चीन ने अमेरिका से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की मांग की है। दोनों इस समय अमेरिका की हिरासत में हैं। अमेरिकी सेना उन्हें कल वेनेजुएला की राजधानी काराकास से पकड़कर अमेरिका ले गई थी। चीनी विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि राष्ट्रपति को इस तरह अपने देश ले जाना गलत है। इस मुद्दे का हल बातचीत से होना चाहिए। इससे पहले भी चीन ने अमेरिका की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। वहीं, उत्तर कोरिया ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका की यह कार्रवाई किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता पर किया गया सबसे गंभीर हमला है।

गौरतलब है कि अमेरिकी सैनिकों ने 2 जनवरी की रात वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को अगवा कर लिया था। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया है, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन पर हथियार-ड्रग्स से जुड़े मामलों में मुकदमा चलाया जाएगा।

अमेरिकी कार्रवाई से लोगों में नाराजगी, दिल्ली में विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली/न्यूयॉर्क, 4 जनवरी। वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई से पूरी दुनिया हैरान है। इस बीच भारत में भी अमेरिका के खिलाफ लोगों का गुस्सा देखने को मिला है। कई वामपंथी पार्टियों ने रविवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो एवं उनकी पत्नी को पकड़ने की निंदा की। सीपीआईएम नेताओं ने वेनेजुएला के खिलाफ साम्राज्यवादी सैन्य हमले के लिए अमेरिका की कड़ी आलोचना की और दुनिया भर से अमेरिका की कड़ी आलोचना करने के लिए कहा। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने भारत की केंद्र सरकार से इस एक्शन के खिलाफ साफ और कड़ा स्टैंड लेने की अपील की है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने दक्षिण अमेरिकी देश में तेल संसाधनों पर कब्जा करने के लिए वेनेजुएला पर हमला किया। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति लंबे समय से वेनेजुएला पर हमला करने की चेतावनी दे रहे थे। ऐसे में शनिवार को अमेरिकी सेना की कार्रवाई को इसी तरह से देखा जा रहा है। अमेरिका ने न केवल वेनेजुएला पर हमला किया और उसके राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को कब्जे में लिया, बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि ट्रांजिशन पीरियड के दौरान अमेरिका वेनेजुएला को चलाएगा। इस बीच, सीपीआईएम, सीपीआई, सीपीआईएमएल, आरएसपी, और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने भी केंद्र से अपील की है कि वह अमेरिका के हमले की आलोचना करने और वेनेजुएला के साथ एकजुटता दिखाने के लिए दुनिया भर के देशों की आवाज में शामिल हो।

हरियाणा के मुख्यमंत्री का पटियाला दौरा, घनौर की अनाज मंडी में किया लोगों को संबोधित

झूठे वायदों से सत्ता में आकर पंजाब का शोषण कर रही है आप सरकार: नायब सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

- भाजपा बनाएगी पंजाब को देश का अग्रणी राज्य
- बढ़ते नशे, बेरोजगारी और वायदाखिलाफी से पंजाब बेहाल
- महिलाओं को एक हजार का इंतजार, बुजुर्गों की नहीं बढ़ी पेंशन

पटियाला, 4 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मौजूदा पंजाब सरकार में शामिल लोगों ने झूठे वायदे करके सत्ता तो हथिया ली, लेकिन चार साल बीतने के बावजूद लोगों के हित में काम करने की बजाए पंजाब का शोषण किया जा रहा है। पंजाब को नशाखोरी, बेरोजगारी और वायदा खिलाफी ने बर्बाद कर दिया है। पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा की तर्ज पर विकास करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को हरियाणा-पंजाब सीमा के निकट स्थित जिला पटियाला के घनौर की अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन युवा विकास शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि एक समय में हरियाणा में भी कहा जाता था कि भारतीय जनता पार्टी का माहौल नहीं है। वर्ष 2014 के बाद ऐसा समय आया, आज वहां लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार है। इसी तर्ज पर पंजाब में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले पंजाब को नशामुक्त बनाने की बात कहकर यहां नशे को बढ़ा दिया है। युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया गया था। हालात ये हैं कि आज चार साल बाद भी आम आदमी पार्टी की सरकार ने एक भी वायदा पूरा नहीं किया है। इन्होंने वायदा किया था कि महिलाओं को एक हजार रुपये देंगे। आज तक नहीं दिए गए। बुजुर्गों को 2500 रुपये पेंशन देने की बात कही थी, आज तक भी 1500 रुपये दी जाती है, वह भी तीन से चार महीनों देरी से मिलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने वायदा किया था कि सरकार बनने पर महिलाओं को पांच सौ रुपये में सिलेंडर और 2100 रुपये दिए जाएंगे। सरकार बनते ही हरियाणा में पांच सौ रुपये में सिलेंडर देने की योजना लागू कर दी गई और अब प्रदेश में लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये देकर वायदा पूरा कर दिया है। हरियाणा में बुजुर्गों को 3200 रुपये पेंशन दी जा रही है, जो पूरे देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने भर्ती पर रोक लगवा दी थी। इसके बाद उन्होंने युवाओं से वायदा किया था कि वे शपथ बाद में लेंगे और युवाओं को नियुक्ति पत्र पहले देंगे। जैसे ही भाजपा की सरकार आई, शपथ बाद में ली और 25000 युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर वायदा पूरा किया। हरियाणा में किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को नमन किया गया और उनके 350वें शहीदी साल को मनाते हुए एक माह तक लगातार प्रदेश में कार्यक्रम किए गए। उन्होंने कहा कि पंजाब में सांय पांच बजे के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार के दरवाजे बंद हो जाते है। हंसता खेलता विकसित पंजाब आम आदमी पार्टी की सरकार ने बर्बाद कर दिया है।

पटियाला के घनौर में जनसभा का अभिवादन स्वीकार करते हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी। साथ में पूर्व सांसद परनीत कौर व अंबाला से पूर्व विधायक असीम गोयल।

कांग्रेस ने न तो गरीबों को प्लाटों के कागज दिए और न ही कब्जा

हरियाणा सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस ने गरीबों को प्लाट देने की बात तो कही थी, लेकिन उन्होंने तो कागज दिए और न ही कब्जा। आज ऐसे लोगों को प्लाट व उनका कब्जा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल आई बाढ़ में पंजाब का काफी नुकसान हुआ। पंजाब सरकार बताए, किसानों को कितना मुआवजा दिया। जबकि हमने हरियाणा में जिन किसानों की फसल खराब हुई थी, उसके लिए 116 करोड़ रुपये उनके खाते में दिए हैं। ऐसे लोगों को, जिनके घरों में नुकसान हुआ, पशुओं का नुकसान हुआ, उन्हें पांच करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी गई है।

केवल भारतीय जनता पार्टी ही पंजाब को आगे बढ़ा सकती है

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केवल भारतीय जनता पार्टी ही पंजाब को आगे बढ़ा सकती है। कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे लेकिन वर्तमान पंजाब सरकार ने तो कांग्रेस को भी पीछे छोड़ दिया है। इनके मंत्री जेल में हैं। उन्होंने पंजाब के आम आदमी का पैसा लूटा है। पंजाब के लोग इनसे तंग आ चुके हैं। जनसभा को पूर्व मंत्री असीम गोयल, पूर्व मंत्री पंजाब सरकार महारानी परनीत कौर, पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह चीमा व सभा के आयोजक विकास शर्मा ने भी संबोधित किया।

अमृतसर के मैरिज पैलेस में सरपंच की गोली मारकर हत्या

शादी समारोह में मुंह ढके बिना आए हमलावर, पीछे से सीधे सिर में गोली मारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में आम आदमी पार्टी (आप) के सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इसी दौरान बदमाशों ने पैलेस में आकर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। उनके सिर में गोलियां मारी गईं। गोली मारने का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियों में दिखाई दे रहा है कि दोनों हमलावर धीरे-धीरे सरपंच के पास आते है। एक आगे रहता है और दूसरा उसके पीछे। इसके बाद दोनों अपने कपड़ों में छिपी पिस्टल निकालते है। आगे वाला हमलावर टेबल पर बैठे खाना खा रहे सरपंच के पास जाता है और पीछे से उनके सिर में गोली मार देता है। गोली लगते ही सरपंच टेबल पर गिर जाते है और दोनों हमलावर वहां भाग जाते है। अचानक हुए इस घटनाक्रम से कोई कुछ समझ नहीं पाता। इसके बाद तुरंत घायल सरपंच को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। फायरिंग का पता चलते ही पुलिस पैलेस में पहुंची। टीम ने पूरे पैलेस को घेरकर जांच शुरू की और शादी समारोह में आए लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

पहले भी हो चुका है हमला

पुलिस को शक है कि सरपंच की रेकी की जा रही थी। वह तरनतारन जिले के वल्टोहा गांव के रहने वाले थे और मौजूदा सरपंच थे। इस शादी समारोह में वह लड़की पक्ष की ओर से आए थे। पुलिस जांच के मुताबिक, उन पर 3 बार पहले भी हमला हो चुका है। उधर, देर शाम गैंगस्टर डोनी बल और प्रभ दासुवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर इस मामले की जिम्मेदारी ली।

सौगात शिक्षा नीति में बहुत बड़े बदलाव करने जा रही है प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू

अंग्रेजी और गणित के लिए जल्द भर्ती किए जाएंगे स्पेशल इंस्ट्रक्टर: सुक्खू

अर्थ प्रकाश/ शिल्पा शर्मा

हमीरपुर। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश सरकार शिक्षा नीति में बहुत बड़े बदलाव करने जा रही है और सीबीएसई के अधीन लाए जा रहे सरकारी स्कूलों के लिए अंग्रेजी तथा गणित के लिए स्पेशल इंस्ट्रक्टर नियुक्त किए जाएंगे, जिनकी भर्ती जल्द ही शुरू की जा रही है। रविवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान ग्राम पंचायत अमलैहड़ में स्थित अपने पैतृक गांव भवड़ां में लगभग 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित गुग्गा धाम एवं पार्क के उद्घाटन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अमलैहड़ स्कूल को भी सीबीएसई का दर्जा दिया गया है। यहां राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का कार्य तेजी से करवाया जा रहा है, जिसमें अगले साल से कक्षाएं आरंभ कर दी जाएंगी। अमलैहड़ सहित प्रदेश के चार चुनिंदा स्कूलों में मल्टीपल सब्जेक्ट शुरू किए जाएंगे, ताकि बच्चे अपनी रुचि के अनुसार विषय चुन सकें।

किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस विधि से उगाई गई फसलों की उच्च मूल्य पर खरीद सुनिश्चित कर रही है। प्राकृतिक खेती से उगाई गई हल्दी को सरकार 90 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद रही है। पांच कनाल भूमि पर हल्दी उगाकर किसान तीन लाख रुपये तक आय अर्जित कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बंजर भूमि पर सोलर प्लांट लगाने के लिए भी सब्सिडी प्रदान कर रही है। चार कनाल भूमि पर सोलर प्लांट लगाकर युवा हर साल तीन लाख रुपये तक का शुद्ध लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत गौना के गांव पखरोल में लगभग 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित श्री वैकुंठ धाम एवं पार्क का लोकार्पण भी किया तथा क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने नादौन शहर के इंद्रपाल चौक पर स्वतंत्रता सेनानी इंद्रपाल की प्रतिमा एवं स्मारक का उदघाटन भी किया। इस प्रतिमा एवं स्मारक का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हाल ही में नगर परिषद के माध्यम से पूर्ण किया गया है।

इस अवसर पर सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, ओबीसी वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथी चंद, उपायुक्त अमरजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि, नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

पेयजल योजनाओं पर शुरू किए जा रहे हैं 100 करोड़

मुख्यमंत्री ने बताया कि नादौन विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए ब्लीचिंग पाउडर के प्रयोग के बजाय अत्याधुनिक यू.वी. टैक्नोलॉजी और ओजोनेशन प्रक्रिया से पानी की प्यूरिफिकेशन की जा रही है। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान सोनिया ठाकुर ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

हरजिंदर धामी कहते हैं कि उन्हें अकाली दल का सिपाही होने पर गर्व है, जबकि उन्हें गुरु साहिब का सिपाही होना चाहिएः बलतेज पन्नू

शिरोमणि कमेटी 328 लापता सरूपों के बारे में जवाब दे और बादलों को बचाना बंद करे : बलतेज पन्नू

कहा-शिरोमणि कमेटी कानून से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकती, जब इन्हें सही लगे तो एफआईआर मंजूर हो जाती हैं, लेकिन जवाबदेही के वक्त नहीं

हरजिंदर सिंह धामी बेअदबी और लापता सरूपों से जुड़ी छुपाई गई डायरी का खुलासा करें; सच को हमेशा के लिए दबाया नहीं जा सकता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 4 जनवरी। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने रविवार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी पर तीखा हमला किया। उन्होंने धामी पर इंसाफ, सच और गुरु साहिब के साथ खड़े होने की बजाय शिरोमणि अकाली दल (बादल) के प्रवक्ता के रूप में काम करने का आरोप लगाया।

एक दिन पहले चंडीगढ़ में हरजिंदर सिंह धामी की प्रेस कॉन्फ्रेंस का जवाब देते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि धामी ने दावा किया था कि वे मीडिया के जरिए अपना पक्ष लोगों के सामने रखना चाहते हैं। पन्नू ने टिप्पणी की कि धामी की प्रेस कॉन्फ्रेंस का निमंत्रण एक राजनीतिक पार्टी, शिरोमणि अकाली दल (बादल) की ओर से जारी किया गया था। धामी साहब अक्सर कहते हैं कि उन पर शिरोमणि अकाली दल (बादल) के प्रवक्ता होने के आरोप लगते हैं। कल उन्होंने खुद माना कि उन्हें अकाली दल का सिपाही होने पर गर्व है। अच्छा होता अगर वे गुरु साहिब के सिपाही होते।

हरजिंदर सिंह धामी के इस दावे पर कड़ा एतराज जताते हुए कि शिरोमणि कमेटी एफआईआर को स्वीकार नहीं करती और उसे पुलिस की जरूरत नहीं है, पन्नू ने कहा कि

यह पूरी तरह गुमराह करने वाली बात है। उन्होंने सवाल किया, 'शिरोमणि कमेटी खुद एक एक्ट के तहत बनी है, जो कि एक कानून है। जब भी शिरोमणि कमेटी अमृतसर में अपना जनरल हाउस बुलाती है, तो वह डिप्टी कमिश्नर से इजाजत लेती है। आप कैसे कह सकते हैं कि आप एफआईआर या पुलिस में विश्वास नहीं करते?'

बलतेज पन्नू ने कई ऐसे मौकों का हवाला दिया जहां शिरोमणि कमेटी ने खुद पुलिस से संपर्क किया था। उन्होंने शिरोमणि कमेटी के पूर्व सचिव द्वारा टेक सिंह धनौला (जो आज जथेदार के रूप में नियुक्त हैं) के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर का हवाला दिया। उन्होंने कहा, 'धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी और गिरफ्तारी भी हुई थी। इसलिए जब शिरोमणि कमेटी को जरूरत होती है, तो एफआईआर स्वीकार होती है।'

बेअदबी के मुद्दे पर बलतेज पन्नू ने याद दिलाया कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह ने हाल ही में बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव पहले ही पंजाब विधानसभा के सामने आ चुका है। एक कमेटी बनाई गई है, सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें हुई हैं, और एक सख्त राज्य कानून बनाने के लिए सुझाव इकट्ठे किए जा रहे हैं ताकि किसी की ऐसा अपराध करने की हिम्मत न पड़े।

आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज ने पुराने आरोपों का हवाला देकर पुलिस पर शक पैदा करने की धामी की कोशिश को भी खारिज कर दिया। पत्रकारिता में अपने दो दशकों के अनुभव का हवाला देते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि अगर हम 1996 में पीछे जाएं, तो प्रकाश सिंह बादल ने बार-बार ट्रुथ कमीशन बनाने की बात की थी। लेकिन जब 1997 से 2002 और फिर 2007 से 2017 तक अकाली सरकारें रहीं, तो उन अफसरों को किसने तरक्की दी जिन पर नौजवानों पर अत्याचार के आरोप थे? सुमेध सैनी को डीजीपी किसने बनाया? मुहम्मद इजहार आलम को किसने प्रोत्साहित किया? उनके परिवार को राजनीति में कौन लाया? धामी साहब शायद यह सब भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि असली सवाल जिससे हरजिंदर सिंह धामी बच रहे हैं, वह सीधा और अटल है- श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 लापता सरूप कहां हैं, जिनका शिरोमणि कमेटी आज तक पता लगाने में असफल रही है।

ईशर सिंह रिपोर्ट का हवाला देते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया था कि दोषियों के इस्तीफे स्वीकार नहीं किए जाने चाहिए, क्योंकि इस्तीफों का इस्तेमाल जिम्मेदारी से बचने और निचले अधिकारियों पर दोष मढ़ने के लिए किया जाएगा। पन्नू ने इशारा किया कि इसके बावजूद धामी साहब ने रूप सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। इतना ही नहीं, उनके बकाए निपटा दिए गए और उन्हें विदेश भेज दिया गया। यह सब अपने लोगों को बचाने के लिए किया गया था।

बलतेज पन्नू ने आगे दावा किया कि जब एस.एस. कोहली का नाम सामने आया, तो हरजिंदर सिंह धामी की पार्टी से जुड़े एक न्यूज चैनल ने खबर को दबा दिया ताकि सच्चाई सामने न आ सके। उन्होंने कहा कि शायद एस.एस. कोहली बड़े रहस्यों पर बैठे हैं। अब एसआईटी उन रहस्यों को बेनकाब करेगी।

उन्होंने कहा कि ईशर सिंह रिपोर्ट में स्पष्ट बताया गया था कि 75 प्रतिशत भुगतान एस.एस. कोहली से वसूला जाना चाहिए, फिर भी पिछले पांच सालों में कुछ नहीं हुआ। पन्नू ने कहा कि आप कहते हैं कि मामला सिख जुडीशियल गुरुद्वारा कमीशन के पास है। उस कमीशन ने पांच सालों में क्या किया है? जवाब स्पष्ट है, क्योंकि आपकी पार्टी के करीबी लोग वहां बैठे हैं। कमीशन का मुखिया आपकी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता के पिता हैं। बलतेज पन्नू ने पूछा कि शिरोमणि कमेटी पांच साल तक गुरु की गोलक से लिए गए पैसे वापस लेने में कैसे असफल रही। उन्होंने पूछा कि लगभग 10 करोड़ रुपए कोहली के पास गए, जिसमें से 7.5 करोड़ रुपए वसूल किए जाने थे। यह क्यों नहीं किया गया?

बेअदबी की घटनाओं पर शिरोमणि कमेटी प्रभावशाली कार्रवाई करने में असफल रही

बलतेज पन्नू ने याद दिलाया कि जब 1 जून 2015 को बुर्ज जवाहर सिंह वाला में सरूप चोरी हुए थे और जब नवंबर में बेअदबी की घटनाएं हुई थीं, तो शिरोमणि कमेटी प्रभावशाली कार्रवाई करने में असफल रही थी। उन्होंने सवाल किया कि पोस्टर लगाए गए थे, लेकिन क्या ठोस कदम उठाए गए? किस शिरोमणि कमेटी पुलिस' ने दोषियों को गिरफ्तार किया या एफआईआर दर्ज की, जब आप दावा करते हैं कि आपको पुलिस की जरूरत नहीं है? उन्होंने कोटकपूरा गोलीकांड का भी जिक्र किया, जहां इंसाफ की मांग कर रहे श्रद्धालुओं पर पानी की बौछारें और गोलियां चलाई गईं। पन्नू ने कहा कि सुखबीर सिंह बादल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थीं। उन्हें हाई कोर्ट से जमानत लेनी पड़ी थी। कानून से ऊपर होने का दावा करने की यह असलियत है।

गुम हुए 328 पावन स्वरूपों का मामला : विशेष जांच टीम ने की छापेमारी, 2 व्यक्ति गिरफ्तार

14 स्थानों पर तलाशी अभियान के दौरान मोबाइल डिवाइस, टैबलेट, कंप्यूटर सहित स्टोरेज डिवाइस जब्त

राजनीतिक नेताओं सहित कई व्यक्तियों से संबंधित कंपनियों द्वारा किए गए भुगतान संबंधी दस्तावेज और दोषपूर्ण वित्तीय रिकॉर्ड की हो रही गहन जांच

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर, 4 जनवरी। श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के गुम हुए 328 स्वरूपों के मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एस.आई.टी.) ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान 14 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया और मोबाइल डिवाइस, टैबलेट, कंप्यूटर और एक्सेसरीज, स्टोरेज डिवाइस सहित दोषपूर्ण वित्तीय रिकॉर्ड और दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

एस.आई.टी. के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि पुलिस कमिश्नरेट अमृतसर के अधीन थाना सी-डिवीजन में दर्ज की गई एफ.आई.आर. में कुल 16 व्यक्तियों को नामजद किया गया है। जिनमें से दो आरोपियों की कथित तौर पर मृत्यु हो चुकी है और 14 व्यक्तियों की जांच चल रही है। इस मामले में अब तक सतिंदर सिंह कोहली और कंवलजीत सिंह उर्फ कवलजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि कंवलजीत सिंह उर्फ कवलजीत सिंह को 03-01-2026 को गिरफ्तार किया गया है। यह सहायक के रूप में काम कर रहा था और पवित्र स्वरूपों की देखभाल, मर्यादा, अनधिकृत छपाई के दौरान हुई गंभीर लापरवाहियां और कमियां में इसकी सीधी भूमिका थी।

प्रवक्ता ने कहा कि पंजाब और चंडीगढ़ में कुल 14 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें चंडीगढ़ में 2 स्थान, अमृतसर शहर में 8 स्थान और गुरदासपुर, रोपड़, तरनतारन तथा अमृतसर देहाती में 1-1 स्थान पर छापेमारी करके तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान 7 मोबाइल फोन, 3 टैबलेट, 2 लैपटॉप, 1 स्टोरेज डिवाइस और दोषपूर्ण वित्तीय रिकॉर्ड तथा दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फोरेंसिक जांच की जाएगी और जब्त किए गए दस्तावेजों तथा वित्तीय रिकॉर्ड की बारीकी से जांच-पड़ताल की जा रही है क्योंकि भुगतान करने वाली कंपनियों की कड़ियां राजनीतिज्ञों सहित कई प्रभावशाली व्यक्तियों से जुड़ी हुई हैं।

एस.आई.टी. इस गंभीर मुद्दे की योजनाबद्ध तरीके से और गहराई से जांच कर रही है तथा पुख्ता सबूत जुटाए जा रहे हैं। इस संबंध में और स्थानों पर छापे मारे जाने और गिरफ्तारियां होने की संभावना है तथा आगे की जांच जारी है।

नशा मुक्त पंजाब के लिए मान सरकार के ठोस, दृढ़ व परिणामोन्मुखी कदम : डॉ. बलजीत कौर

नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाने हेतु 467.49 लाख रुपये व्यय

सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा प्रदेशभर में जागरूकता शिविरों की व्यापक श्रृंखला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 4 जनवरी। पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूर्ण दृढ़ता और संवेदनशीलता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए ठोस और प्रभावी कदमों के परिणाम आज ज़मीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए

पंजाब सरकार द्वारा कुल 467.49 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि राज्य में नशों के विरुद्ध जन-जागरूकता पैदा करने, लोगों को संवेदनशील बनाने और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से पंजाब सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा आपसी समन्वय से व्यापक योजना के तहत कई प्रभावशाली कार्यक्रम लागू किए गए हैं। विशेष रूप से बच्चों, युवाओं और अध्यापकों को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ने के लिए स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम तैयार कर लागू किए गए हैं, जिनके लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 107.22 लाख रुपये, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियों हेतु 202.99 लाख रुपये, जबकि सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी जिलों में जागरूकता शिविरों की श्रृंखला आयोजित करने के लिए 109.12 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि नशों की सबसे बड़ी मार राज्य के युवाओं और उनके परिवारों पर पड़ती है। कई माताएं अपने बेटों के भविष्य के लिए प्रतिदिन प्रार्थना करती हैं, कई बच्चे अपने पिता की आंखों में से आशा को समाप्त होते हुए देखते हैं और कई घरों की खुशियां नशों की भेंट चढ़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि मान सरकार इस पीड़ा को गहराई से समझती है और नशा मुक्त पंजाब की लड़ाई को केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मानवीय, संवेदनशील और सामाजिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ा रही है।

कैबिनेट मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल नशों को जड़ से समाप्त करना ही नहीं है, बल्कि प्रत्येक युवा को पुनः सपने देखने का साहस देना, प्रत्येक मां के आंसू पोंछना और हर परिवार में खुशहाली वापस लाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान का दृढ़ संकल्प है कि पंजाब का प्रत्येक युवा नशों से दूर रहकर प्रगति, आत्मगौरव और सम्मानपूर्ण जीवन व्यतीत करते हुए आगे बढ़े।

ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर बैठक में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विकास प्रताप; स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री कुमार राहुल; सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के विशेष सचिव श्री केशव हिंगोनिया; निदेशक डॉ. शेना अग्रवाल; संयुक्त सचिव श्री आनंद सागर शर्मा सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पंजाब सरकार प्रसूति स्वास्थ्य देखभाल में लाई क्रांति; हर महीने 20,000 गर्भवती महिलाएं आम आदमी क्लीनिकों से ले रही हैं लाभ

मात्र 4 महीनों में 10,000 से अधिक गर्भवती महिलाओं ने करवाए मुफ्त अल्ट्रासाउंड

माताओं को स्वास्थ्य संबंधी मानक सुविधाएं देने के लिए आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से राज्यव्यापी प्रोटोकॉल-संचालित गर्भावस्था देखभाल की शुरूआत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 4 जनवरी। आने वाली पीढ़ियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने प्रसूति स्वास्थ्य देखभाल को सफलतापूर्वक विकेंद्रित किया है और आम आदमी क्लीनिक (ए.ए.सी.) गर्भवती महिलाओं के लिए नई जीवन रेखा के रूप में उभर रहे हैं। एक विशेष प्रोटोकॉल-आधारित गर्भावस्था देखभाल मॉडल शुरू करने के मात्र चार महीनों के अंदर सेवाएं हासिल करने वालों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की गई है और हर महीने लगभग 20,000 गर्भवती महिलाएं इन क्लीनिकों में पहुंच रही हैं।

इस पहल की सफलता को साझा करते हुए पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पहले ही एक यूनिक रैफरल सिस्टम के माध्यम से 10,000 से अधिक महिलाओं को मुफ्त अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्रदान की गई हैं। इसके साथ ही लगभग 500 निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों को सूचीबद्ध करके राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि महिलाओं को विभिन्न स्कैन- जिनकी कीमत आम तौर पर 800 रुपये से 2,000 रुपये के बीच होती है - की सुविधा पूरी तरह मुफ्त दी जा रही है। इस सुविधा से मात्र 120 दिनों के छोटे समय में पंजाबी परिवारों को अनुमानित 1 करोड़ रुपये

की बचत हुई है। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि पंजाब में 70 प्रतिशत से कम गर्भवती महिलाओं ने अपना पहला एंटे-नेटल चेक-अप करवाया है और लगभग 60 प्रतिशत से कम ने सिफारिश अनुसार पूरे चार चेक-अप करवा लिए हैं, जबकि राज्य में माताओं की मृत्यु दर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 90 रही है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। इन आंकड़ों ने राज्य भर में एक व्यापक, पहुंचयोग्य गर्भावस्था देखभाल मॉडल की तुरंत आवश्यकता को उजागर किया। पंजाब में हर साल लगभग 4.3 लाख प्रसव होते हैं, जिससे माताओं और बच्चों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए जल्दी पता लगाना, नियमित निगरानी और समय पर रैफरल बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। पिछले तीन सालों में, मान सरकार ने 881 आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए हैं, जो पंजाब की प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की रीढ़ के रूप में उभरे हैं, जिसमें 4.6 करोड़ से अधिक ओपीडी विजिट और रोजाना लगभग 70,000 मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इस बुनियादी ढांचे का लाभ उठाते हुए, सरकार ने लगभग चार महीने पहले ए.ए.सीज़. के माध्यम से एक विस्तृत, प्रोटोकॉल-संचालित गर्भावस्था देखभाल मॉडल शुरू किया।

इस सुधार के तहत, सभी जरूरी एंटे-नेटल चेक-अप अब आम आदमी क्लीनिकों में उपलब्ध हैं। इनमें एच.आई.वी. और साइफिलिस स्क्रीनिंग, खून के सभी टेस्ट, शुगर, थायरॉइड, हेपेटाइटिस, भ्रूण की दिल की धड़कन, कोलेस्ट्रॉल और हीमोग्लोबिन मूल्यांकन जैसे रूटीन और महत्वपूर्ण टेस्ट शामिल हैं। यदि अल्ट्रासाउंड की आवश्यकता होती है तो ए.ए.सी. डॉक्टर द्वारा रैफरल स्लिप जारी की जाती है, जिसके माध्यम से गर्भवती महिलाएं मुफ्त अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्राप्त कर सकती हैं। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि, लगभग 5,000 महिलाओं को हर महीने उच्च-जोखिम वाली गर्भावस्थाओं के रूप में पहचाना जा रहा है ताकि निरंतर ट्रैकिंग, केंद्रित सहायता और विशेषज्ञ देखभाल के लिए उच्च चिकित्सा सुविधाओं के लिए समय पर रैफरल किया जा सके।

इस सुधार से मरीज के अनुभव में भी काफी सुधार हुआ है। महिलाएं अब गर्भावस्था से संबंधित ज्यादातर टेस्ट अपने घरों के नजदीक ही करवा सकती हैं, जिससे बड़े अस्पतालों में जाना और लंबी कतारों की परेशानी से बचते हुए मिनटों में चिकित्सकीय सलाह ले सकती हैं और बिना किसी वित्तीय बोझ के अल्ट्रासाउंड सेवाओं तक पहुंच कर सकती हैं। जन्म से पहले की पहली जांच से लेकर जन्म के बाद के फॉलो-अप तक, यह पहल तकनीकी, मानक क्लीनिकल प्रोटोकॉल, रैफरल प्रणालियों और कम्युनिटी-स्तरीय सहायता को एकीकृत करके पूरी गर्भावस्था देखभाल को मजबूत बनाती है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कहा कि यह पहल जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य के प्रति पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी अगुवाई के तहत, पंजाब एक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का निर्माण कर रहा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हर मां को घर के नजदीक मानक देखभाल मिले। सालाना 4.3 लाख गर्भावस्थाओं के साथ, आम आदमी क्लीनिकों में गर्भावस्था देखभाल सेवाओं का विस्तार एक परिवर्तनकारी कदम है और भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक नया मानक स्थापित कर रहा है।'

सड़क हादसे में पार्षद के पति की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बनूड़, 4 जनवरी। शहर के वार्ड नंबर 10 के मौजूदा कांग्रेस पार्षद हरविंदर कौर डांगी के पति रिटायर्ड जे ई भाग सिंह डांगी, जो कल एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, की मोहाली के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार भाग सिंह डांगी कल अपनी एक्टिवा पर बनूड़ से राजपुरा जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक अज्ञात गाड़ी ने एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए पास के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें मोहाली के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। भाग सिंह डांगी अपने पीछे विधवा पत्नी और तीन बेटियों को छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार शहर के वार्ड नंबर 12 के श्मशान घाट में किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक हरदयाल सिंह कंबोज, बाबा दिलबाग सिंह बागा, नगर परिषद अध्यक्ष जगतार सिंह, पार्षद सोनी संधू, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष कुलविंदर सिंह भोला, पार्षद अवतार सिंह बबला, जिला परिषद सदस्य खजान सिंह हुलका, बसपा के प्रदेश महासचिव जगजीत सिंह छडबड़, पार्षद प्रीति वालिया, लछमन सिंह चंगेरा, प्रीतिंदर सिंह ढीढ़सा, नंबरदार खुशविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह हनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष जीवन पेसी, पूर्व अध्यक्ष जसवीर सिंह पप्पी और बलकार सिंह के अलावा अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी संवेदना व्यक्त की है।

'युद्ध नशेयां विरुद्ध' : 309वें दिन 593 ग्राम हेरोइन सहित 94 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

मात्र 4 महीनों में 10,000 से अधिक गर्भवती महिलाओं ने करवाए मुफ्त अल्ट्रासाउंड

माताओं को स्वास्थ्य संबंधी मानक सुविधाएं देने के लिए आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से राज्यव्यापी प्रोटोकॉल-संचालित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 4 जनवरी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा प्रदेश से नशों के खात्मे के लिए चलाई गई मुहिम 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' के लगातार 309वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 312 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके बाद पूरे प्रदेश में 94 नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद 79 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके साथ ही, 309 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या अब 43,206 हो गई है। छापों के नतीजे के रूप में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 593 ग्राम हेरोइन, 1.2 किलोग्राम अफीम, 1198 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 11,620 रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई है। जिक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर पुलिस सुपरिंटेंडेंट को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए कहा है। पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी का गठन भी किया है। 71 गजेटेड अधिकारियों की निगरानी के तहत 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 312 स्थानों पर छापे मारे। पुलिस टीमों ने दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान 320 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की है। राज्य सरकार ने राज्य से नशों के खात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रीवेंशन - लागू की है।

खन्ना नेशनल हाईवे पर नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण जारी

नक्शा थोड़ा और निर्माण ज्यादा, कौंसिल अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका

शिकायतों के बावजूद कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण

खन्ना, 4 जनवरी। शहर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे सहित अंदरूनी इलाकों में अवैध निर्माण खुलेआम जारी है। कई स्थानों पर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पास कराए गए नक्शे से कहीं अधिक निर्माण किया गया है। हैरानी की बात यह है कि संबंधित विभागों को बार-बार शिकायत देने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका गहराती जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ मामलों में बेहद छोटे क्षेत्र का नक्शा पास करवाया जाता है, जबकि मौके पर उससे कहीं अधिक क्षेत्र में निर्माण खड़ा कर दिया जाता है। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे सरकार के राजस्व को भी भारी

नुकसान हो रहा है। अवैध निर्माण के कारण भविष्य में यातायात, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी गंभीर समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।

सूत्रों के अनुसार, कई जगहों पर निर्माण अधिकारी मौके का निरीक्षण भी कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य उसी रफ्तार से जारी है। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर किन अधिकारियों की शह पर यह सब हो रहा है। यदि निरीक्षण के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, तो यह साफ संकेत है कि नियमों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। इस मामले को लेकर जब ईओ चरणजीत सिंह से बातचीत की गई थी तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि अवैध निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। उनकी टीम द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की सख्त कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में रोष और निराशा दोनों बढ़ रही हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करेगा या फिर शिकायतें यूं ही फाइलों में दबकर रह जाएंगी। जनता की मांग है कि अवैध निर्माण पर तुरंत रोक लगे, जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान की जाए और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके। शहर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे सहित अंदरूनी इलाकों में अवैध निर्माण खुलेआम जारी है। कई स्थानों पर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पास कराए गए नक्शे से कहीं अधिक निर्माण किया गया है। हैरानी की बात यह है कि संबंधित विभागों को बार-बार शिकायतें देने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका गहराती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ मामलों में बेहद छोटे क्षेत्र का नक्शा पास करवाया जाता है, जबकि मौके पर उससे कहीं अधिक क्षेत्र में निर्माण खड़ा कर दिया जाता है। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे सरकार के राजस्व को भी भारी नुकसान हो रहा है। अवैध निर्माण के कारण भविष्य में यातायात, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी गंभीर समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।

सूत्रों के अनुसार, कई जगहों पर निर्माण अधिकारी मौके का निरीक्षण भी कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य उसी रफ्तार से जारी है। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर किन अधिकारियों की शह पर यह सब हो रहा है। यदि निरीक्षण के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, तो यह साफ संकेत है कि नियमों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर जब चरणजीत सिंह से बातचीत की गई, तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि अवैध निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। उनकी टीम द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की सख्त कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में रोष और निराशा दोनों बढ़ रही हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करेगा या फिर शिकायतें यूं ही फाइलों में दबकर रह जाएंगी। जनता की मांग है कि अवैध निर्माण पर तुरंत रोक लगे, जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान की जाए और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके।

प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत : सैनी

- इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्क बनाने की योजना की जा रही तैयार
- उद्योगपतियों ने उद्यमशीलता व नवाचार के साथ देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में संत कबीर कुटीर निवास पर पंजाब के उद्योगपतियों को सम्बोधित करते हुए।

चंडीगढ़, 4 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उद्योगपति देश में औद्योगिक क्रांति लाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वर्ष 2029 तक देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को चण्डीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर निवास पर ओएसडी तरूण भण्डारी के नेतृत्व में आए पंजाब के उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी बी बी भारती भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला समय इलेक्ट्रिक व्हीकल का है। इसलिए सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्क बनाने की योजना तैयार कर रही है। गुरूग्राम में इलेक्ट्रिक व्हीकल बेट्री की एक बड़ी इण्डस्ट्री लेकर आए है। सरकार उद्योगों को गति प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया, लोकल फोर वोकल - विषय के साथ भारत को गति से आगे ले जाने में देश में बने हुए सामान का उपयोग करने पर बल दिया। इसका श्रेय भी उद्योगपतियों को ही जाता है। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों ने उद्यमशीलता व नवाचार के साथ देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने व्यवस्थित ढंग से उद्योगों को गति प्रदान की है, उनके सांझा विचारों के बेहतर परिणाम निकल कर सामने आए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया की 5वीं अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया था, जबकि भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन गया। इसके लिए सभी उद्योगपति बधाई के पात्र हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की एमएसई-सीडीपी योजना के अलावा प्रदेश में मिनी क्लस्टर विकास योजना शुरू की गई है। इन योजनाओं के तहत 48 एमएसएमई क्लस्टरों में 170 करोड़ रूपए की योजनाओं पर काम चल रहा है। इनसे हरियाणा में 8 हजार से अधिक एमएसएमई लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में उद्योगपतियों के लिए व्यवस्था प्रणाली को दुरुस्त कर उद्योगों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों जापान दौरे के दौरान उद्योगपतियों का बहुत अच्छा रिस्पोंस मिला जिसमें 5000 करोड़ रुपए के निवेश में से 2000 करोड़ रुपए का निवेश शुरू हो गया है और कई उद्योगपतियों ने जमीन का चयन कर लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप उद्योगपतियों के हित में सुझावों को अमलीजामा पहना रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्री बजट बैठकें आयोजित कर सुझाव लिए जा रहे हैं और उन्हें बजट में समाहित किया जा रहा है। यदि कोई उद्योगपति उनसे मिलना चाहता है तो उनके द्वार सदैव खुले है। बेझिझक किसी भी समय कोई भी उनसे आकर मिल सकता है। उद्योग हित में प्रोत्साहन देने की सोच ही प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करेगी और विकसित राष्ट्र का सपना भी पूरा होगा। इस अवसर पर जोगिन्द्र सिंह हांडा, सौरभ मेहता, ए.के.गर्ग, राहुल गर्ग, प्रवीण कांसल, पंकज कपूर, गुरदीप सिंह सहित कई उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने सुझाव रखे।

टैक्स के रूप में वसूला राजस्व उद्योगों की सुविधाओं पर खर्च होगा

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में टैक्स के रूप में जो राजस्व एकत्र होगा उसे उद्योगों की सुविधाओं पर ही खर्च किया जाएगा। इसके अलावा, राज्य में बिजली रेट भी अधिक नहीं हैं। हिसार में एयरपोर्ट के साथ भी आईएमटी बनाया गया है। अम्बाला में भी आईएमटी के लिए भूमि का एग्रीमेंट कर लिया गया है। नारायणगढ़ में भी आईएमटी की तैयारी कर ली गई है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अमृतसर से ड्राई फ्रूट की मार्केट के लिए सोनीपत में भूमि का प्रस्ताव पास किया गया है। दिल्ली की होलसेल मार्केट व मार्बल मार्केट के लिए भी अनुमति प्रदान की गई है। जल्द ही इन पर कार्य आरम्भ किया जाएगा। करनाल में फार्मा हब विकसित करने पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मारूति उद्योग द्वारा गुरुग्राम में बड़ा प्रोजेक्ट लगाया गया है। हर रोज दो हजार गाड़िया तैयार की जा रही है।

जिला में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में स्वास्थ्य विभाग सजग एवं सतर्क : गौरव गौतम

- रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन कैंप में सरकारी डिस्पेंसरी का किया शुभारंभ
- राज्य सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और आधुनिकीकरण कर जनता को कर रही लाभान्वित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पलवल, 4 जनवरी। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य में बेहतरीन और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण इलाज पहुंचाना है। आयुष्मान भारत योजना, चिरायु हरियाणा योजना और सरकारी अस्पतालों के आधुनिकीकरण से गरीब एवं मध्यम वर्ग को बड़ा लाभ मिला है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों तक सुविधाओं का विस्तार किया गया है। आधुनिक उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर, निःशुल्क दवाइयां और जांच सेवाओं से जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिल रही है।

गौरव गौतम रविवार को जिला पलवल में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) कैम्प परिसर में सरकारी डिस्पेंसरी का शुभारंभ करने उपरांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खेल राज्य मंत्री ने डिस्पेंसरी में उपलब्ध करवाई जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित ओपीडी, प्राथमिक उपचार, दवाइयों की उपलब्धता और टीकाकरण जैसी सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि डिस्पेंसरी में योग्य चिकित्सकीय स्टाफ की तैनाती की गई है ताकि मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सके।

गौरव गौतम ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम नागरिक तक सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस डिस्पेंसरी के शुरू होने से क्षेत्र के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा और उन्हें छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह डिस्पेंसरी स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और भविष्य में यहां और भी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

ओवरलोड वाहनों की चेकिंग से यमुनानगर-गुमथला मार्ग पर रोजाना जाम, किसान संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)। यमुनानगर-गुमथला वाया जठलाना सड़क मार्ग पर ओवरलोड वाहनों की चेकिंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि सरकार और प्रशासन इस समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि यमुनानगर वाया खजूरी रोड पर जठलाना से खजूरी तक हर समय ओवरलोड वाहनों के कारण जाम लगा रहता है। चेकिंग के नाम पर आम जनता को परेशान किया जा रहा है। नौकरीपेशा लोग, मरीज और अन्य जरूरी कामों से शहर जाने वाले लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से सवाल किया कि जब किसान या कोई संगठन जनहित में कुछ समय के लिए सड़क जाम करता है तो उस पर मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं, लेकिन प्रशासनिक कार्यों से लगने वाले जाम पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं होती। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि चेकिंग करनी ही है तो खनन क्षेत्रों में जाकर की जाए, क्योंकि वहीं से ट्रक निकलते हैं और वहां तोल कांटे भी लगे हुए हैं। सड़क पर चेकिंग करने से यातायात बाधित होता है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि गुमथला-यमुनानगर सड़क मार्ग बने हुए एक वर्ष हो चुका है, लेकिन अब तक सड़क के दोनों ओर बरम नहीं बनाए गए हैं, जिससे रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। अधिकारियों द्वारा टेंडर प्रक्रिया का हवाला दिया जा रहा है, लेकिन देरी के कारण लोगों की जान जोखिम में है। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं की गईं तो संगठन आंदोलन करेगा और जल्द ही जिला उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा।

बसंत पंचमी पर रोटरी क्लब करेगा 5 कन्याओं का सामूहिक विवाह

रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)। अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब की ओर से बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार 23 जनवरी को इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रादौर में जरूरतमंद परिवारों की 5 कन्याओं का तीसरा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. सुदेश बंसल और डॉ. शुभम सलूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में पंकज बंसल, एमडी मैत्री होलिडेज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में भाजपा नेता नेपाल राणा, चौधरी धर्मबीर सिंह डागर (चेयरमैन, शुगर फैड), नगरपालिका चेयरमैन रादौर रजनीश मेहता शालु, सीए एस.के. जिंदल, विनय मित्तल बिन्नी, धर्म सिंह बंचल, जतिन नयैर, विक्रम सैनी, अनिरुद्ध त्यागी, विक्रांत अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। रोटरी क्लब द्वारा कन्याओं को विवाह के लिए आवश्यक सभी घरेलू सामान प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब, रोटरी क्लब वूमेन सेल, इनरव्हील क्लब, रोट्रेक्ट क्लब ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज और इंटरेक्ट क्लब का सहयोग रहेगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

अशोक गुज्जर से जाट शिक्षण संस्थान कैथल के पदाधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट

कैथल (अप्रस/ओमप्रकाश)। जाट शिक्षण संस्थान कैथल के प्रधान राजकुमार बेनीवाल के नेतृत्व में संस्थान के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुज्जरर से ढांड निवास पर मिले। जहां उन्होंने शिष्टाचार भेंट की। भेंटवार्ता के दौरान शिक्षा, समाजहित एवं संस्थान की गतिविधियों को लेकर सकारात्मक चर्चा की गई। अशोक गुर्जर ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है और इस दिशा में संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जाट शिक्षण संस्थान के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध लोगों का मार्गदर्शन संस्थान के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की ऊर्जा मिलती है। शिक्षण संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को उच्चकोटि की शिक्षा मुहैया करवाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर उपप्रधान बलविंद्र बनवाला, एडवोकट रश्मी ढुल, बलवार नैन, कुलदीप गयोंग, विक्रम सोंगल, सत्यवान माजरा भी उपस्थित रहे।

सभा की आगामी कार्यकारिणी के चुनाव नियत समय पर पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए जाएंगे : साहिब सिंह

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक

थानेसर, 4 जनवरी। श्री विश्वकर्मा पांचाल (लोहार) समाज सुधार सभा, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) की एक महत्वपूर्ण आम बैठक आज समाज सुधार सभा की धर्मशाला प्रांगण में सभा के प्रधान श्री साहिब सिंह खरिण्डवा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन मनोज पटवा द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान श्री साहिब सिंह खरिण्डवा ने बताया कि सभा की आगामी कार्यकारिणी के चुनाव नियत समय पर पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व सभासद बनने हेतु प्राप्त सभी आवेदनों पर विचार कर पात्र आवेदकों को सदस्यता प्रदान की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि सभी सदस्यों की अद्यतन सूची फार्म जिला रजिस्ट्रार, फर्म एंड सोसायटी, कुरुक्षेत्र के पास जमा कराई जाएगी तथा उनकी प्रमाणित सूची प्राप्त की जाएगी। इसके साथ ही सभा की वार्षिक रिपोर्ट, जिला रजिस्ट्रार, फर्म एंड सोसायटी, कुरुक्षेत्र के कार्यालय में अनुमोदन हेतु भेजी जाएगी, ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा न आए और इच्छुक सदस्य निर्बाध रूप से चुनाव लड़ सकें। मंच संचालन करते हुए मनोज पटवा ने जानकारी दी है कि चुनाव से संबंधित समस्त कार्यों के संचालन हेतु 'दयानंद आर्य' तथा उनके साथ तीन अन्य सदस्यों को अधिकृत किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस समिति पर विश्वास व्यक्त किया तथा चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में कोषाध्यक्ष वकील पांचाल, प्रबंधक सतपाल पांचाल, जयपाल पांचाल (कुरुक्षेत्र), दयानंद पांचाल (नरवाना), मनोज पटवा, राजपाल पांचाल, कर्मवीर पांचाल (सौंख), संतोष पांचाल, धर्मपाल पांचाल, मदनलाल पांचाल, रमेश पांचाल, विनोद पांचाल, कर्मवीर पांचाल (मिर्जापुर), रामनिवास पांचाल, सतपाल पांचाल, सोम दत्त पांचाल, सुरेश पांचाल, महेंद्र पांचाल, जगदीश पांचाल, कृष्ण पांचाल, मदनलाल पांचाल (कैथल), कृष्ण पांचाल (हंसडाहर), रवि पांचाल, सुभाष पटवा, शुभम पांचाल, मदनलाल पांचाल (कुरुक्षेत्र), इंद्र सिंह पांचाल, राम जुआरी पांचाल सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

भारत विकास परिषद नरवाना ने ईंट भट्ठा मजदूरों को बांटी सर्दी की राहत, बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

नरवाना, 4 जनवरी। भारत विकास परिषद शाखा नरवाना द्वारा सेवा भाव को साकार करते हुए सर्द मौसम में ईंट भट्ठों पर कार्यरत मजदूरों एवं उनके परिवारों के लिए राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिषद के सदस्यों ने गांव नेहरा और कलोदा स्थित ईंट भट्ठों पर पहुंचकर जरूरतमंद मजदूर परिवारों व उनके बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु आवश्यक सामग्री वितरित की। परिषद की टीम प्रातःकाल नेहरा तथा गांव कलोदा स्थित मोर ईंट भट्ठे पर पहुंची, जहां मजदूरों को गर्म कपड़े, टोपी, जुराबें, बर्तन और दैनिक उपयोग की अन्य जरूरी सामग्री प्रदान की गई। राहत सामग्री मिलने से बच्चों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान देखने को मिली। गौरतलब है कि भारत विकास परिषद शाखा नरवाना पिछले दो दशकों से निरंतर ईंट भट्ठों पर कार्यरत मजदूरों और जरूरतमंद परिवारों की सेवा करती आ रही है। हर वर्ष सर्दी के मौसम में परिषद द्वारा इस प्रकार के राहत कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश मित्तल और प्रांतीय संयोजक संजय चौधरी ने मजदूरों को बच्चों की शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बच्चों की पढ़ाई से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए परिषद से संपर्क करने का आग्रह किया। शाखा अध्यक्ष पुनीत जैन ने ÷आइए मुस्कान बांटने चलें÷ परियोजना के अंतर्गत समाज से अपील की कि जरूरतमंदों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्द मौसम में जरूरतमंद बच्चों और परिवारों को राहत सामग्री देना सच्ची सेवा है।

सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा प्रदेश का सुनहरा भविष्य : सुल्तान जडौला

अर्थ प्रकाश/ओमप्रकाश

कैथल, 4 जनवरी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा की राजनीति में ईमानदारी और जनसेवा की पहचान बन चुके है। हर वर्ग के लोगों से उनका जुड़ाव और जमीन से निकला नेतृत्व उन्हें जनता के करीब लाता है। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति से शुरू हुआ दीपेंद्र हुड्डा ने जमीनी स्तर पर कड़े संघर्ष के बीच अपने काम और कर्मशीलता से पहचान बनाई है। उन्होंने कभी हार नहीं मानी संघर्ष ही सफलता की कुंजी है, यही उनका मंत्र रहा। अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत में सुल्तान जडौला ने सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिन की बधाई देते हुए दीपेंद्र हुड्डा की लंबी आयु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा का सुनहरा भविष्य है।

शहजादपुर नगरपालिका से संबंधित अधिसूचना जारी होने पर खुशी में जश्न, बाजार में बांटे गए लड्डू और बजे ढोल

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

नारायणगढ़/शहजादपुर, 4 जनवरी। हरियाणा सरकार द्वारा शहजादपुर को नगरपालिका का दर्जा देने की दिशा में किए गए ऐतिहासिक निर्णय से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस अवसर पर शहजादपुर की मुख्य मार्किट में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लड्डू बांटकर एवं ढोल बजाकर खुशी का इजहार किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अम्बली ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा 29 दिसंबर 2025 को अधिसूचना जारी कर शहजादपुर को नगरपालिका समिति का दर्जा देने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने इस निर्णय के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। संदीप सैनी अम्बली ने कहा कि शहजादपुर को नगरपालिका का दर्जा मिलना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे शहरी सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों को बेहतर आधारभूत ढांचा मिलेगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकासोन्मुख सोच का परिणाम है, जिससे नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि अधिसूचना के तहत शहजादपुर, बपौली, माजरा, ऋषि नगर (डेहा बस्ती) एवं भुंड माजरी क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका समिति शहजादपुर (जिला अम्बाला) के गठन का प्रस्ताव किया गया है। नगरपालिका बनने से शहजादपुर क्षेत्र में सड़कों, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सफाई व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विकास होगा। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अश्वनी अग्रवाल, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, मंडल प्रधान विक्रम राणा, पूर्व जिला परिषद् वाईस चेयरमैन पवन गुर्जर, रणधीर सिंह भूरेवाला, बलदेव सलोला, हैप्पी शर्मा, मनोज कुमार सैनी उर्फ मोनू सैनी , विशाल शर्मा, नरेन्द्र सैनी, सन्दीप चौधरी, राजकुमार सैनी, बलदेव शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद जयंती पर कालेजों में होगी स्वदेशी संकल्प दौड़

- युवा जाव सीकर नही जाव प्रोवाइडर बनें : चावला

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 4 जनवरी। देश भर के कालेजों में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस तारतम्य में रन फोर स्वदेशी और स्वदेशी औश्र स्वाभिमान के साथ स्वालंबन को लेकर भी प्रतियोगिताओं के साथ विभिन्न कार्यक्रम अयोजित किए जाएंगे। इस तरह के कार्यक्रम नेताजी सुभाष वद्र बोस की जयंती 23 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए स्वार्णिम भारत स्वालंबन ट्रस्ट के चेयरमैन तथा स्वादेशी जागरण मंच के पूर्ण कालिक कार्यकर्ताओं के अखिल भारतीय पालक सतीश चावल ने दी। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को देश के विभिन्न भागों की तरह हरियाणा के साथ करनाल में भी कालेजों में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता भी अपनी भागीदारी करेंगे। स्वदेशी संकल्प दौड़ सभी कालेजों के साथ इंजीनियरिंग कालेजों, मैडीकल कालेजों और विश्वविद्यालयों में भी होगी। इसके अलावा कालेज विश्वविद्यालय अपने यहां भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित कर सकते हैं। श्री चावला ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच् इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी कर रहा हैं। उनके कार्यकर्ता कालेजों में संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को जाव प्रोवाइडर बनना चाहिए।

आज स्वदेशी की भावना को अपनाना जरूरी हैं। इसके रहते हमारी जीडीपी लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी निर्माण उद्योग को बढ़ाने की जरूरत हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वदेशी और स्वालंबन को लेकर गंभीर हैं। पिछले एक साल से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके दूरगामी प्रभाव हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश प्रमुख सुरेश पुरी और देवेंद्र अरोड़ा ने भी जानकारी दी।

सेवा व समर्पण के तहत कैथल के वार्ड 22 में पहुंची आदित्य सुरजेवाला मेडिकल वैन वार्डवासियों ने किया विधायक आदित्य सुरजेवाला का आभार व्यक्त

अर्थ प्रकाश/ओमप्रकाश

कैथल, 04 जनवरी। कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर सेवा व समर्पण के तहत शुरू की गई आदित्य निःशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन आज शहर के वार्ड नंबर 22, रामनगरए भाट बस्ती में पहुंची। इस चलते फिरते अस्पताल में वार्डवासियों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गई। सुबह से ही वार्ड 22 में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य बीमारियां की तथा मौके पर ही जरूरी दवाइयां प्रदान की। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने इस सुविधा की खूब सराहना की। आदित्य सुरजेवाला का धन्यवाद करते हुए राजू भट्ट, लक्ष्मी देवी, निर्मला, पताशी देवी, चाहत, खजानी सैनी, राजू, बीरू आदि ने कहा कि घर के पास ही इतनी अच्छी सुविधा मिल जाए, इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है। आदित्य सुरजेवाला की यह पहल काबिले तारीफ है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने बताया कि यह मोबाइल अस्पताल कैथल हलके के हर गांव और हर वार्ड तक पहुंचेगी ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं घर द्वार पर मिल सकें।

गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया

- गुरमति समागम में रागी ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान किया
- गुरु का अटूट लंगर बरता गया, गुरुद्वारा रंग बिरंगी रोशनी में नहाया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 4 जनवरी। पंथ सेवक वावा सुक्खा सिंह जी, कार सेवा वालों की देख-रेख में गुरुपर्व प्रबंध कमेटी द्वारा खालसा पंथ के संस्थापक तथा दशम गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व आज डेरा कारसेवा गुरुद्वारा में मनाया गया। इस अवसर पर दीवान सजाया गया। सुबह से ही धर्मालुओं का तांता लगा रहा। बाहर से आए रागी ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। गुरु का अटूट लंगर बरता गया। गुरु के समक्ष मत्था टेकने हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन अयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा श्रवण विकलांग केंद्र की चेयमैन मेघा भंडारी सहित अन्य लोग पहुंचे। यहांपर बाहर से आने वाले अतिथियों को सिरोपा भेंट कर गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह तथा हरमीत सिंह हैप्पी ने स्वागत किया। जानकारी देते हुए गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदरसिंह तथा महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि पंथ सेवक वावा सुक्खा सिंह जी, कार सेवा वालों की देख-रेख में सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक सांय 6.00 से रात्रि 9.30 बजे तक गुरुद्वारा डेरा कार सेवा, कलन्दरी गेट, करनाल में गुरूमति समागम हुआ। इस अवसर पर गुरमति समागम के साथ अटूट लंगर बरता गया। आज के गुरमित समागम में भाई नरेन्द्र सिंह जी (हजूरी रागी) श्री दरबार साहिब, श्री अमृतसर साहिब भाई गुरदित्त्स सिंह (हजूरी रागी) श्री दरबार साहिब, अमृतसर साहिब इंटरनैशनल गोल्ड मैडलिस्ट कविशर भाई सुच्चा सिंह जी डेरा पठाना ई गुरसेवक सिंह जी (हजूरी रागी) गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, माडल टाऊन, करनाल भाई अमृतपाल सिंह जी (हैड ग्रंथी) गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही पहली, करनाल गुरु का गुणगान करेंगे।

इस अवर पर विद्यार्थी गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी गुरवाणी का पाठ किया। भाई गुलाब सिंह करनाल भाई दर्शन सिंह ने स्टेज का संचालन किया नित्तनेम एवं रहरासि साहिब जी के पाठ की सेवा भाई मंजूर सिंह जी एवं भाई गुरप्रीत सिंह जी ने किया।

इस अवसर पर गुरु का लंगर अटूट बरता गया। इस अवसर पर रतन सिंह, हरप्रीत नरूला, गुरपाल सिंह डोनी, कुलदीप मक्कड़ हरमीत सिंह हैप्पी ,तेजेंद्र सिंह डिम्पी सहित तमाम लोग मौजूद थे।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल का जम्मू दौरा

एनएचपीसी की जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जम्मू। केंद्रीय विद्युत एवं आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सचिव (विद्युत) पंकज अग्रवाल के साथ 4 जनवरी को जम्मू पहुंचे। माननीय केंद्रीय मंत्री एवं सचिव (विद्युत) का स्वागत एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया।

भूपेंद्र गुप्ता ने माननीय केंद्रीय मंत्री एवं सचिव (विद्युत) को जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में स्थित एनएचपीसी की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया तथा चल रही एवं प्रस्तावित जलविद्युत परियोजनाओं के निरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। यह दो दिवसीय दौरा रियासी, रामबन और किश्तवाड़ जिलों में स्थित परियोजनाओं के निरीक्षण को शामिल करता है।

4 जनवरी को माननीय केंद्रीय मंत्री ने एनएचपीसी के सलाल पावर स्टेशन का दौरा किया, जहां उन्हें चल रहे कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने सलाल जलाशय में तलछट (सिल्ट) हटाने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रियासी जिले में चिनाब नदी पर स्थित सलाल पावर स्टेशन में संचित गाद को हटाने और जल संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, सिंधु जल संधि की समाप्ति के बाद तलछट हटाने का कार्य किया जा रहा है। सलाल पावर स्टेशन के दौरे के दौरान माननीय केंद्रीय मंत्री एवं सचिव (विद्युत) ने पावर स्टेशन परिसर में पौधारोपण अभियान में भी भाग लिया, जो पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। माननीय केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय प्रशासन तथा विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी चर्चा की, ताकि कार्यों के समयबद्ध निष्पादन के लिए समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जा सकें।

इसके पश्चात माननीय केंद्रीय मंत्री ने किश्तवाड़ जाते समय सावलकोट जलविद्युत परियोजना (1856 मेगावाट) का हवाई निरीक्षण किया। किश्तवाड़ पहुंचने पर उन्होंने रैटल जलविद्युत परियोजना का दौरा किया, जहां उन्होंने बांध कंक्रीटिंग कार्यों का शिलान्यास किया तथा परियोजना दल को कार्यों को प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए प्रेरित किया। अपने प्रवास के दौरान माननीय केंद्रीय मंत्री किश्तवाड़ जिले में एनएचपीसी की विभिन्न चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे।

केंद्र एवं राज्य सरकार हर प्रतिभावान खिलाड़ी के साथ खड़ी है: रणवीर सिंह ढाका

अर्थ प्रकाश/ सुकरमपाल

रोहतक। नेपाल में आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप का भव्य और सफल आयोजन खेल जगत में आपसी सहयोग और मैत्री का सशक्त उदाहरण बना। इसी प्रतियोगिता में रोहतक की बेटी अंजली शर्मा ने 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कृपाल नगर स्थित अंजलि के निवास पर पहुंच कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बोलते हुए एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार खिलाड़ियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है और प्रत्येक प्रतिभावान खिलाड़ी के साथ खड़ी है। एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने आगे कहा खेल के लिए किसी भी खिलाड़ी को सुविधाओं की कमी नहीं होने दी जाएगी। अंजलि के पिता सुधीर शर्मा ने भी अपनी बेटी के स्वर्ण पदक जीतने पर खुशी जाहिर की। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत और नेपाल सहित अन्य देशों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य दोनों देशों के बीच खेलों के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान, युवाओं को प्रोत्साहन तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर पंकज भारद्वाज,शिवनारायण ,राजेंद्र ,कुलदीप भारद्वाज, डॉ सतीश भारद्वाज, तिलक राज,तीरथ मुदगिल, विक्रांत राठी ,रामचंद्र हुड्डा, सतीश गिल, कुलदीप भारतीय, मैनपाल मुदगिल, रामकुमार थानेदार, धर्मपाल ,सत्यवान और हरिओम भारद्वाज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

'आप' सरकार को चलता करने के लिए लोग बेताब: जगजीत छड़बड़

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से ही राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। दिनदहाड़े गैंगवार, हत्याएं, गैंगस्टरों की गतिविधियां, लूटपाट और डकैतियों की घटनाओं में तेजी आई है, जिससे आम जनता में भय का माहौल बना हुआ है। इन हालातों को लेकर पंजाब सरकार पूरी तरह से गैर-गंभीर नजर आ रही है।

यह विचार बसपा पंजाब के जनरल सचिव जगजीत सिंह छड़बड़ ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रोजाना हो रही आपराधिक घटनाओं के प्रति बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं है। पंजाब में बढ़ते अपराधों ने आम लोगों का जीना दूभर कर दिया है। जगजीत सिंह छड़बड़ ने आगे आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी की सरकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर भी अत्याचार कर रही है। प्रेस की आवाज को दबाने के लिए पंजाब के कुछ पत्रकारों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि जो भी पंजाब सरकार के खिलाफ आवाज उठाएगा, उसके खिलाफ झूठे केस दर्ज कर उसे दबाने की कोशिश की जाएगी।

उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में पंजाब की जनता 'आप' सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए पूरी तरह तैयार और उतावली है।

उत्कृष्टता, नैतिकता व समग्र शिक्षा के प्रति हम प्रतिबद्ध: चंपालाल भंडारी

श्री महावीर जैन शिक्षण संघ द्वारा बीबीयूएल के 40 गौरवशाली तथा सीबी. भंडारी जैन कॉलेज के 25 वर्षों के समारोह में डिप्टी सीएम डीके व सुनील सिंघी सहित अनेक अतिथि हुए शामिल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

बेंगलूरु। फूलों की नगरी में रविवार को एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आयोजन देखने को मिला, जब श्री महावीर जैन शिक्षण संघ ने बीबीयूएल जैन विद्यालय के 40 गौरवशाली वर्ष तथा सीबी. भंडारी जैन कॉलेज के 25 सफल वर्षों का भव्य समारोह अत्यंत गर्व, कृतज्ञता एवं भविष्य की सुदृढ़ दृष्टि के साथ मनाया। इस प्रतिष्ठित अवसर की शोभा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके. शिवकुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में बढ़ाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड नई दिल्ली से चेयरमैन सुनील सिंघी, भाजपा सांसद पीसी. मोहन तथा राज्यसभा सांसद लेहरसिंह सिरोया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने श्री महावीर जैन शिक्षण संघ की उल्लेखनीय यात्रा की सराहना की। साथ ही इसके निरंतर विकास, प्रगतिशील दृष्टिकोण तथा मूल्य-आधारित शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान हेतु शुभकामनाएँ दीं।

संघ के अध्यक्ष चंपालाल भंडारी ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि श्री महावीर जैन शिक्षण संघ की अभूतपूर्व उन्नति और वैश्विक पहचान ट्रस्टियों, शिक्षकों, पूर्व छात्रों, अभिभावकों और शुभचिंतकों के सामूहिक सहयोग से ही संभव हो सकी है। उन्होंने उत्कृष्टता, नैतिकता और समग्र शिक्षा के प्रति संस्था की अटूट प्रतिबद्धता पर बल दिया। संघ के उपाध्यक्ष एवं स्मारिका समिति के अध्यक्ष हेमराज (मन्नू भाई) ने संगठन की निःस्वार्थ सेवा का अवसर मिलने पर गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने संघ की प्रेरणादायक विरासत, अनुशासित मूल्यों और जिम्मेदार, संवेदनशील एवं आत्मविश्वासी नागरिकों के निर्माण के मिशन पर प्रकाश डालते हुए भविष्य में भी पूर्ण समर्पण का संकल्प दोहराया।

नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत स्थानीय एडीआर सेंटर में नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

फतेहाबाद। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश ददीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री की अध्यक्षता में नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत स्थानीय एडीआर सेंटर में नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीजेएम गायत्री ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है जो विशेष रूप से युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर धकेल रहा है। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवा देश की शक्ति है और यदि वहीं नशे की चपेट में आ जाता है तो राष्ट्र की प्रगति बाधित हो जाती है ऐसे में युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वंय नशे से दूर रहे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें और खेल, योग, पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि समाज के हर व्यक्ति तक यह संदेश पहुंच सके।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों व पैनल अधिवक्ताओं ने नशे से दूर रहने की शपथ ग्रहण की।

दीक्षित सिंगला सहित कई नेता आम आदमी पार्टी में शामिल विधायक रंधावा की अगुवाई में आप को मिली मजबूती

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

जीरकपुर। जीरकपुर इलाके में आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल पोजीशन को बड़ी मजबूती मिली है। शनिवार को नागला के बाजीगर बस्ती और बलटाना के विकास नगर से कांग्रेस और अकाली दल के दर्जनों लोकल नेता, पंच और वर्कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इन सभी नेताओं को डेरा बस्सी से आम आदमी पार्टी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने पार्टी में शामिल कराया।

इस मौके पर ब्लॉक लेवल के आम आदमी पार्टी के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट, नेता, वर्कर और लोकल रिप्रेजेंटेटिव मौजूद थे। पार्टी में शामिल होने वालों में बाजीगर बस्ती से रोशन लाल पंच, अजीत बाबा जी, जबल प्रधान, रोशन प्रधान, अशोक, सुंदर लाल, कांग्रेस व अकाली दल के परवीन और हंसराज पंच, तारा सिंह प्रधान, चरणजीत पंच, भाई लाल, अमरीक सिंह, छिंदरपाल, शिंगारा प्रधान, कश्मीर सिंह, खैराती राम, रोशनलाल सिंहपुरा, जोगिंदर, हरिराम, बलविंदर व गुरमीत कुमार आदि शामिल हैं। इसके अलावा बलटाना विकास नगर से भाजपा को अलविदा कहने वाले दीक्षित सिंगला अपने साथियों भूषण सिंगला, ज्योति, ऊषा रानी, सीमा, भागीरथ, पंकज, अमन, काका के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। नए शामिल हुए नेताओं का स्वागत करते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब में लोगों की पहली पसंद बन रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सरकार ने पिछले चार सालों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में इन जनहितैषी नीतियों और विकास कार्यों के कारण लोग पुरानी पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

विधायक रंधावा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सड़कों, सफाई, इंफ्रास्ट्रक्चर और आम नागरिकों की समस्याओं को हल करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोगों के समर्थन से आम आदमी पार्टी पंजाब में विकास और ईमानदार राजनीति की नई मिसाल कायम करती रहेगी।

नववर्ष व श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर जीबीपी रोज़वुड मार्केट एसोसिएशन ने किया लंगर सेवा का आयोजन

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नववर्ष की शुरुआत और अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के पावन अवसर पर जीबीपी रोज़वुड मार्केट एसोसिएशन की ओर से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुलाबगढ़ रोड पर भगवान श्री राम जी के दरबार के समक्ष सर्वत्र भले, देशवासियों की सुख-शांति और खुशहाली के लिए विशेष अरदास की गई। अरदास के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों से आए लोगों ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ भाग लिया। लंगर सेवा के दौरान संगत में भारी उत्साह देखने को मिला। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्गों के लोगों ने सेवा और प्रसाद ग्रहण करने में सहभागिता निभाई। मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा साफ-सुथरे और सुव्यवस्थित प्रबंध किए गए, जिसकी संगत द्वारा भरपूर सराहना की गई। इस पावन अवसर पर जीबीपी सोसाइटी के निवासी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन धीमान (पम्मा) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी संगतों को नववर्ष और श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक प्रयास समाज में आपसी भाईचारे, सद्भावना और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने मार्केट एसोसिएशन के इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। लंगर सेवा में समस्त मार्केट एवं दुकानदारों द्वारा सराहनीय सहयोग दिया गया। इस सेवा में रमेश सैनी, कपिल वधवा, राजेश सैनी, अरुण शर्मा, सुखा सैनी, विकास पुत्रिया, रिंकू सैनी, दिलजोत सिंह, मुस्तकीन, जोनी सैनी, गगन, लक्की, करण, शुभम, पलविंदर सिंह सहित अन्य कई सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जगराओं क्षेत्र में ट्रांसफार्मर चोरी की घटनाएं बढ़ीं, चोरों ने दो किसानों को लगाया लाखों का चूना

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

जगराओं। पुलिस थाना सुधार गावों के एरिया के कई में ट्रांसफार्मर चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। पुलिस थाना सुधार के गांव हेरां के पूर्व सरपंच गुरबचन सिंह और राजोआणा कलां के किसान सुरजीत सिंह जब अपने खेतों में पहुंचे तो वहां ट्रांसफार्मरों के खाली खोल पड़े मिले। चोर रात के अंधेरे में ऊंचे बिजली पोल पर चढ़कर ट्रांसफार्मरों से महंगा तेल, तांबा, तार और अन्य कीमती सामान निकालकर फरार हो गए। इस एक ही घटना में दोनों किसानों को करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी देते हुए खेती विविधता और पराली प्रबंधन में राज्य पुरस्कार विजेता यंग फारमर्स इनोवेटिव ग्रुप पंजाब के उपाध्यक्ष सरपंच जगदीप सिंह नत्त ने बताया कि यह वारदात एतिआणा लिंक रोड पर राजोआणा कलां क्षेत्र में हुई।

एक ट्रांसफार्मर सड़क किनारे लगे पोल से और दूसरा सड़क से महज 50 मीटर की दूरी पर लगे पोल से उखाड़ा गया। जगदीप सिंह नत्त के अनुसार पिछले सप्ताह साथ लगते गांव राजोआणा खुर्द से भी चोर गिरोह सात ट्रांसफार्मर उखाड़कर उनका महंगा सामान चोरी कर ले गया था। सरपंच जगदीप सिंह नत्त ने आरोप लगाया कि नशे की गिरफ्त में फंसे कई नौजवान गिरोह बनाकर ट्रांसफार्मर चोरी कर रहे हैं। पकड़े जाने पर यही सरगना अपने वकीलों के जरिए आरोपियों की जमानत भी करवाते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों रकबा और बोपाराय कलां इलाके में ट्रांसफार्मर चोरी करते पकड़े गए दो नाबालिग युवकों ने एक मशहूर कबाड़ी का नाम पुलिस को बताया था। साथ ही उन्होंने मुल्लांपुर निवासी आकाश को गिरोह का सरगना बताया, जो गिरफ्तारी के बाद जमानत करवाने की पूरी जिम्मेदारी भी लेता है। शनिवार को पूर्व सरपंच गुरबचन सिंह और किसान सुरजीत सिंह ने घटनास्थल का नक्शा बनवाकर थाना सुधार में शिकायत दर्ज करवा दी है। थाना सुधार के प्रभारी इंस्पेक्टर गुरदीप सिंह ने दावा किया कि ट्रांसफार्मर चोर गिरोह को बहुत जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी या दुकानदार, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

रेल से कटे युवक की पहचान हुई सन्नी कश्यप के रूप में

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 04 जनवरी। करनाल जिले के घरौंडा रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से हुई युवक की मौत के मामले में मृतक की शिनाख्त हो गई है। हादसा शनिवार दोपहर को हुआ था। हादसे में युवक का शव दो टुकड़ों में बंट गया था, जिससे उसकी पहचान करना बेहद मुश्किल हो गया था।

जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की तलाशी ली थी, लेकिन उस समय कोई दस्तावेज नहीं मिला था जिससे पहचान हो सके। पहचान न होने के कारण शव को करनाल के मॉर्च्यूरी हाउस में सुरक्षित रखवाया गया था। अब मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मुबारकाबाद गांव का रहने वाला था मृतक पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के गांव मुबारकाबाद निवासी सन्नी कश्यप पुत्र कप्तान कश्यप के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच बत जा रही है। सन्नी दो भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।शनिवार दोपहर हुआ था हादसा यह हादसा शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे घरौंडा रेलवे स्टेशन के नजदीक किलोमीटर नंबर 106/1/2 के पास हुआ था। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया था और उसका जबड़ा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। हादसे की गंभीरता को देखते हुए मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

आपसी भाईचारे को मजबूत करने के लिए निकाली जा रही है सद्भाव यात्रा: वीरेन्द्र सिंह

भाजपा का गांव-देहात में जनाधार नहीं, समाज को बांटने की नीति अपनाई

फरीदाबाद की छह विधानसभाओं में 10 दिन चलेगी कांग्रेस की सद्भाव यात्रा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

फरीदाबाद। पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए हरियाणा में समाज को तोडऩे का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव-देहात में भाजपा का जनाधार नहीं होने के कारण उसने धर्म के बाद अब जाति के आधार पर समाज को बांटने की नीति अपनाई है।

चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह की राजनीति का जवाब केवल सामाजिक सद्भाव और भाईचारे के जरिए ही दिया जा सकता है और यह जिम्मेदारी कांग्रेस निभाएगी। चौधरी बीरेंद्र सिंह फरीदाबाद की छह विधानसभा में सद्भाव पदयात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निमंत्रण देने रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय सेक्टर 9 पहुंचे थे। यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक सहित पूरी फरीदाबाद की कांग्रेस को उन्होंने निमंत्रण दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक व उनकी टीम ने चौ. वीरेन्द्र सिंह का पगड़ी बांधकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस दौरान चौ. वीरेन्द्र सिंह ने पदयात्रा को लेकर बातचीत की और इसके उद्देश्य तथा कार्यक्रम की रूपरेखा सांझा की। चौधरी बीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में चार चरणों में सद्भाव पदयात्रा निकाली जा रही है, 33 विधानसभाओं में यात्रा पूरी हो चुकी है, जिसका तीसरा चरण फरीदाबाद से शुरू होगा।

यह पदयात्रा फरीदाबाद की छह विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। उन्होंने जानकारी दी कि सद्भाव पदयात्रा 10 जनवरी को फरीदाबाद पहुंचेगी और लगातार 10 दिनों तक छह विधानसभा क्षेत्रों में रहेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिक बड़ी संख्या में इसमें भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में राजनीतिक लाभ के लिए समाज के भाईचारे को कमजोर करने की योजनाबद्ध कोशिशें की गई हैं। वोट बैंक की राजनीति के तहत समाज को बांटने का काम हुआ है।

चौधरी बीरेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि जब तक इस सोच का जवाब सामाजिक स्तर पर नहीं दिया जाएगा, तब तक समाज में स्थायी शांति और सद्भाव संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो समाज को जोडऩे और भाईचारे को मजबूत करने की क्षमता रखती है। फरीदाबाद दौरे के दौरान चौधरी बीरेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि सद्भाव पदयात्रा का मकसद समाज को जोडऩा, भाईचारे को मजबूत करना और कांग्रेस संगठन को नई ताकत देना है और प्रदेश की 36 बिरादरियों को जोडऩे के साथ-साथ भाजपा व आरएसएस द्वारा प्रदेश में और देश में फैलाई जा रही नफरत को खत्म करने के लिए निकाली जा रही है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लें और आम जनता तक शांति, एकता और सद्भाव का संदेश दें। वहीं उन्होंने कहा कि यह यात्रा कांग्रेस हाईकमान राहुल गांधी के आशीर्वाद से निकाली जा रही है और यह यात्रा करीबन 1100 किलोमीटर तय कर चुकी है और उन्हें भरोसा है कि फरीदाबाद में भी यात्रा का भव्य स्वागत होगा।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यवीर डागर, चौ. चांद सिंह, जगत सिंह नागर एडवोकेट, संजीव चौधरी, विनोद कौशिक, मुकेश डागर, अशोक रावल, रेन चौहान, मयंक चौधरी, डा. सौरभ शर्मा, पराग गौतम, डा. एस.एल. शर्मा, रणधीर श्योकंद, पूर्व पार्षद राजेन्द्र चपराना, अनिल शर्मा, वेदप्रकाश यादव, गौरव ढींगरा, मनोज अग्रवाल, वेदराम शर्मा, संजय सोलंकी, इकबाल कुरैशी, एन.के. शर्मा, दीपक चौधरी, राजकुमार बड?ल, विकास फागना, सुरेश बेनीवाल, मनीष खान, सुनीता फागना, वंदना भाटी, जवाहर ठाकुर, रमेश पूर्व सरपंच, देव वशिष्ठ, राजेन्द्र चौहान, प्रताप शर्मा, ओमप्रकाश, बीपी गोयल, धर्मवीर पोसवाल, बाबू लाल रवि, नरेश बैंसला, बिल्लू यादव, पम्पी मान, सुमित भाटिया, चंचल तंवर, चौ. भामल, वरूण श्योकंद सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

400 करोड़ के विकास कार्यों का दावा कर घिरे मेयर, कांग्रेसी पार्षदों का आरोप वार्डों का विकास रोका

- उद्घाटनों पर भी उठाए सवाल
- विधायक बोले वार्डबंदी में हुई धांधली, हाईकोर्ट जाने का ऐलान

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

पंचकूला, 4 जनवरी। नगर निगम में पार्षदों का पांच साल का कार्यकाल आज समाप्त हो गया। निगम के 20 वार्डों में हुए विकास कार्यों को लेकर भाजपा और कांग्रेस अपना अपना राग अलाप रहे हैं। उधर, पिछले 10 दिनों से शहर में जारी रहे मेयर कुलभूषण गोयल के ताबड़ तोड़ उद्घाटन अभियान को कांग्रेस ने घेरना शुरू कर दिया। नगर निगम में मेयर रहते पांच सालों में वार्डों में करवाए गए 400 करोड़ रुपए के दावे के एक दिन बाद मेयर कांग्रेसी पार्षदों के खुलासे के बाद गिरते नजर आ रहे हैं। कांग्रेसी विधायक चंद्रमोहन समेत पार्षदों ने मेयर के विकास के दावे को गलत बताते हुए कांग्रेसी वार्डों को हमेशा अनदेखा करने के आरोप लगाए। उधर, जन नायक जनता पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल के गोयल के उद्घाटनों पर विरोधी स्वर राजनीतिक गलियारे में गूंजने लगे हैं।

विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी

महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा है कि पंचकूला नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों का समान रूप से विकास करवाया गया है। शहर के विकास में उन्होंने नगर निगम टीम के साथ विशेष तौर पर नजर बनाए रखी और कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

कोई विशेष योजना नहीं: उषा रानी

वार्ड नंबर-7 की पार्षद उषा रानी ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में उनके वार्ड के लिए कोई विशेष योजना नहीं लाई गई। कॉलोनी को अवैध बताकर विकास कार्य रोके गए। उन्होंने बताया कि गांव बुढनपुर में श्मशान घाट की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसका टेंडर अब पास हुआ है और हाल ही में विधायक चंद्र मोहन ने इसका शुभारंभ किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड में बनी धर्मशाला की चाबी जनता को देने के बजाय सेवा भारती को सौंप दी गई।

कालोनियों में बढ़ रहा नशे का कारोबार: रामप्रसाद

कांग्रेस नेता डॉ. रामप्रसाद ने कहा कि कॉलोनियों में नशे का कारोबार बढ़ रहा है और नशेड़ी लोगों की गाड़ियों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक चंद्र मोहन को सरकारी कार्यक्रमों में नहीं बुलाया जाता, जबकि हारे हुए भाजपा प्रत्याशी मंच पर बैठते हैं और उद्घाटन करते हैं।

कांग्रेस के सभी पार्षद उपेक्षा का शिकार: संदीप सोही

पार्षद संदीप सोही और वार्ड नंबर-15 के पार्षद गौतम प्रसाद ने कहा कि उनके वार्डों में जो भी विकास कार्य हुए हैं, वे उनकी व्यक्तिगत मेहनत से हुए हैं। भाजपा महापौर या पार्टी का इसमें कोई योगदान नहीं है। गौतम प्रसाद ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस के सभी पार्षद उपेक्षा का शिकार रहे हैं।

वार्ड बंदी में अनुसूचित जाति से भेदभाव, विधायक का हाईकोर्ट जाने का ऐलान

नगर निगम की नई वार्ड बंदी को लेकर कांग्रेस नेताओं और पार्षदों ने कड़ा विरोध जताया है। विधायक चंद्र मोहन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि वार्ड बंदी में अनुसूचित जाति के लोगों के साथ सीधा भेदभाव किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले अनुसूचित जाति के चार वार्ड थे, जिन्हें घटाकर तीन कर दिया गया, जबकि जनसंख्या के अनुपात में यह संख्या चार ही होनी चाहिए। चंद्र मोहन ने कहा कि वार्ड बंदी इस तरह की गई है कि कई इलाकों को दूर-दराज के क्षेत्रों में जोड़ दिया गया है। इससे आम लोगों को अपने छोटे-मोटे कार्यों के लिए भी 5 से 6 किलोमीटर दूर पार्षद के पास हस्ताक्षर और मोहर के लिए जाना पड़ेगा। उन्होंने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बेसहारा पशु, आवारा कुत्ते, पार्कों और सड़कों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। सड़कों पर गायें कूड़ा खा रही हैं और आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है। विधायक ने आरोप लगाया कि महीने के अधिकांश दिन मुख्यमंत्री और मंत्री पंचकूला आते हैं, लेकिन इससे शहर को कोई विकास लाभ नहीं मिलता। पुलिस प्रशासन उनकी आवभगत में लगा रहता है और मंत्री केवल ÷पकौड़े खाकर चले जाते हैं÷, जो वे सचिवालय में भी खा सकते हैं। चंद्र मोहन ने कहा कि नगर निगम में उपमहापौर और वरिष्ठ उपमहापौर के चुनाव इसलिए नहीं करवाए गए क्योंकि भाजपा को हार का डर था। चंद्र मोहन ने कहा कि नगर निगम के आने वाले चुनाव में महापौर और अधिकांश पार्षद कांग्रेस के होंगे।

वार्ड बंदी पूरी तरह गलत: नवीन बंसल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवीन बंसल ने कहा कि वार्ड बंदी पूरी तरह गलत है और इसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने सेक्टर-21 का उदाहरण देते हुए कहा कि यह एक सक्षम वार्ड बन सकता था, लेकिन जानबूझकर इसे दो हिस्सों में बांट दिया गया। एक हिस्सा सेक्टर-4 के साथ और दूसरा सेक्टर-20 व फतेहपुर गांव के साथ जोड़ दिया गया, जिससे एक ही सेक्टर में दो पार्षद हो जाएंगे और जनता असमंजस में रहेगी।

नगर निगम में फैला भ्रष्टाचार: मनोज अग्रवाल

नारियल फोड़ते हुए फोटो खिंचवाना ही मेयर, पार्षदों की पांच साल की सबसे बडी उपलब्धियां हैं। यह आरोप लगाते हुए इंडियन नेशनल लोकदल के पंचकूला जिलाध्यक्ष शहरी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि अव्यस्थित पार्क, टूटी सडकें, ब्लॉक रोड गलियां, पार्कों के टूटे पड़े झूले मेयर तथा पार्षदों की उपलब्धियों का बखान कर रहे हैं। नगर निगम में फैला भ्रष्टाचार, जनता के नुमाइदों तथा कर्मचारियों द्वारा ठेकेदारों से मोटी कमीशन ऐंठना ही इनके कार्यकाल की मुख्य उपलब्धि रही है । आज तक नगर निगम का स्वयं का भवन नहीं बना जिसकी वजह से हर महीने लाखों रूपए किराया दिया जा रहा है। मनोज अग्रवाल ने कहा कि कोरियन घास के नाम पर 80 लाख की लागत दिखाई गई। घास कहीं है ही नहीं। माजरी चौक पर प्रदुषण दूर करने के नाम पर लोहे के जंगलो में पौधों पर बीस लाख खर्च कर दिए वहां एक भी पौधा नहीं है । सुंदरता के नाम पर पूरे मध्यमार्ग, पूलों के नीचे में वाल पेंटिंग करवा दी गई, जो भद्दी लगती है इसमें भी लाखों रूपये बरबाद किए गए। विकास के नाम पर शहर के तीन तरफ तथा निगम क्षेत्र के गावों में स्वागती गेट बनवा कर जनता के करोड़ों रुपयों पर पानी फेरा। डिवाइडिंग सडकों पर जरूरत से ज्यादा ऊंची रेलिंग केवल बिल बढाने के लिए लगवाई गई । पांच साल में सात सरोकारों में एक भी पूरा नहीं हुआ । ना अतिक्रमण हटा, ना आवारा पशुओं से निजात मिली, ना पालीथीन फ्री हुआ। असलियत में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं हुआ। सोन्द्रीयकरण के नाम पर गीता चौंक का दो बार टेंडर जारी कर लगभग 90 लाख का खर्चा किया गया।

न्यूज ब्रीफ

विवाह का झांसा देकर नाबालिग लड़कियों को भगाने के दो मामलों में केस दर्ज

जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)। जीरकपुर पुलिस ने विवाह का झांसा देकर नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर भगाने के दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) और 96 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों ही मामले बलटाना क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। पहले मामले में एक नाबालिग लडक़ी की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे मूल रूप से गांव अमान खेड़ा, जिला ऊनाव (उत्तर प्रदेश) की रहने वाली हैं और वर्तमान में बलटाना जीरकपुर में रह रही हैं। पति-पत्नी मजदूरी का काम करते हैं। 27 दिसंबर को उनकी 15 वर्षीय बेटी सुबह करीब 10 बजे घर से बाहर गई थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों और सहेलियों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। महिला ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बेटी को विवाह का लालच देकर अपने साथ भगा लिया है। दूसरे मामले में एक नाबालिग लडक़ी के पिता ने पुलिस को शिकायत दी कि 31 दिसंबर को वह और उसकी पत्नी काम पर गए थे। शाम करीब छह बजे लौटने पर उनकी 15 वर्षीय बेटी घर में नहीं मिली। काफी तलाश के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिली। पिता ने शक जताया कि शिवांशु नामक युवक उनकी बेटी को विवाह का झांसा देकर अपने साथ ले गया है, क्योंकि वह पहले भी उससे बातचीत करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले में आरोपी को किया काबू

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। थाना मलोया पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पकड़े गए आरोपी की पहचान डीएमसी के रहने वाले मनोज के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना मलोया पुलिस के प्रभारी इंस्पेक्टर जसबीर सिंह की टीम शनिवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। समय करीब 5 बजे का होगा। जब पुलिस डीएमसी स्थित क्रीमेंशन ग्राउंड के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर शताब्दी से अचानक गिरा यात्री बाल-बाल बचा

- लोको पॉयलेट पर एफआईआर, एडीएमई की 3 सदस्यीय कमेटी कर रही मामले की जांच

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

चंडीगढ़/पंचकूला, 4 जनवरी। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर 1 पर शनिवार सुबह शताब्दी ट्रेन से अचानक एक यात्री बोगी-सी-6 की खिडक़ी से अचानक नीचे गिर कर प्लेट फार्म के बीच फंस गया। गनीमत यह रही कि वहां खड़े यात्रियों ने उसे तुरंत बाहर खींच लिया, जिससे व्यक्ति की जान बाल बाल बच गई। इस लापरवाही को देखते हुए रेलवे पुलिस ने पीड़ित यात्री की शिकायत पर लोको पॉयलेट के खिलाफ एपआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उधर, रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद रविवार को मामला और तूल पकड़ गया। एक महिला यात्री ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में इस हादसे में खुद के समेत अन्य यात्रियों के जख्मी होने का दावा किया।

रविवार को अंबाला रेलवे मंडल की तरफ से मामले की जांच के लिए विशेष जांच समिति का गठन कर दिया गया। कनवीनर अस्सिटेंट डिविजनल मेकेनिकल इंजीनियर की अध्यक्षता में तीन सदस्य समिति जांच में जुट गई। इसमें समिति में अस्सिटेंट ऑपरेशन मैनेजर और आरपीएफ से एएसपी हादसे के अलग अलग बिंदुओं पर जांच कर रहे है। अंबाला रेलवे मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक शताब्दी ट्रेन 3 दिसंबर की सुबह 6.49 पर रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इसके बाद 6.53 पर इसे रवाना होना था, मगर 6.55 मिनट पर रवाना हुई। इस दौरान यह हादसा हुआ।

हालांकि, शिकायत की जा रही है कि लोको पॉयलेट ने टाइमिंग को फॉलो नहीं किया और 5 मिनट होते ही ट्रेन चला दी। ट्रेन रवाना होते ही रूकी, यात्री चढ़ते तभी ट्रेन फिर चलना शुरू हुई। इस बीच यात्री गिर गए।

सीसीटीवी फुटेज से सामने आया हादसा

रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर 1 पर हुए हादसे की जांच में सीसीटीवी एक फुटेज भी सामने आई। जिसमें ट्रेन चलते ही ट्रेन की विंडो पर खड़ा व्यक्ति अचानक लडखड़ा कर प्लेट फार्म के बीच में गिरा तभी लोगों ने देखकर उसे बाहर खींच लिया। इसी दौरान यात्रियों में अफरा-तफरी मची। यात्रियों के प्लेट फार्म पर गिरने की सूचना थी। एक यात्री ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि उसके समेत अन्य यात्री भी ट्रेन के अचानक रूकने और चलने के दौरान हड़बड़ाकर गिरे। ट्रेन को चलने का समय 8 मिनट का समय शेष था। ट्रेन कालका से 3 मिनट देरी से चंडीगढ़ पहुंची और 5.53 पर इससे पहले ही बिना चेतावनी रवाना हुई। लोको पॉयलेट ने गाड़ी 5 मिनट पहले ही चला दी। हड़बड़ाहट में वह गिर गई और उसे भी चोटें आई हैं।

लोको पॉयलेट पर एफआईआर

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित यात्री ने लापरवाही से हादसा होने और उसके चोटिल होने का आरोप ट्रेन के लोको पॉयलेट पर लगाया है। यात्री का आरोप है कि लोको पॉयलेट ने जल्दबाजी में ट्रेन चला दी। उस समय और यात्री भी ट्रेन में चढ़ रहे थे। आरपीएफ ने मामले में आरोपों की जांच की और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। इसके बाद पॉयलेट के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया गया।

वंदे भारत-शताब्दी टाइमिंग बन रही दबाव

रेलवे मंडल के अधीन चलने वाली वंदे भारत और शताब्दी ट्रेनों के अपने गंतव्य पर निर्धारित टाइमिंग पर पहुंचना होता है। ऐसे में लोको पॉयलेट और गार्ड को इसी टाइमिंग को फॉलो करना पड़ता है। क्या इसी टाइमिंग को बनाए रखने के लिए कहीं यह हादसा तो नहीं हुआ था, यह जांच का विषय है। अधिकारिक सूत्रों ने कहा कि लोको पॉयलेट को गार्ड से ग्रीन सिग्रल मिलता है और मेन सिग्रल को फॉलो करना पड़ता है। यदि इसमें लापरवाही हुई है तो समिति की जांच में साफ हो जाएगा।

हाउसिंग बोर्ड में राहत के लिए गठित कमेटी के निर्णय का स्वागत

शहर के अन्य क्षेत्रों में भी नीड बेस्ड चेंजेज के लिए एमनेस्टी स्कीम लाई जाए : कैलाश जैन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 4 जनवरी। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उद्योग व्यापार मंडल चंडीगढ़ के अध्यक्ष कैलाश जैन ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा हाउसिंग बोर्ड के मकानों में Need Based Changes के संबंध में 11 सदस्यीय कमेटी गठित किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है उन्होंने इसे जनहित में एक दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि इससे हजारों परिवारों को वर्षों से चली आ रही अनिश्चितता और मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

इस फैसले के लिए प्रशासक गुलाब चंद कटारिया का धन्यवाद करते हुए कैलाश जैन ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के अतिरिक्त शहर के विभिन्न क्षेत्रों-कमर्शियल, इंडस्ट्रियल, रेजिडेंशियल परिसरों एवं सोसायटीज-में भी बड़ी संख्या में ऐसे मामले हैं, जहां किसी प्रकार का एंक्रोचमेंट नहीं है और प्लॉट/भवन की स्वीकृत सीमा (Within Boundary Line) के भीतर ही जरूरत के अनुसार आंतरिक परिवर्तन किए गए हैं। इसके बावजूद इन्हें बिल्डिंग वॉयलेशन मानकर नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जो व्यवहारिकता के विपरीत है। उन्होंने कहा कि समय के साथ परिवारों की संरचना, सुरक्षा आवश्यकताएं, वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों की सुविधा, अग्नि सुरक्षा, वेंटिलेशन और स्वच्छता जैसी जरूरतें बदल चुकी हैं। ऐसे में, यदि किए गए बदलाव सार्वजनिक भूमि या पड़ोसी अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते, तो उन्हें अवैध ठहराना न्यायसंगत नहीं है। साथ ही, दशकों पुराने बिल्डिंग बायलॉज आज की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं रहे हैं, जिनमें संशोधन और युक्तिसंगत लचीलापन जरूरी है।

कैलाश जैन ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में माननीय प्रशासक, चंडीगढ़ प्रशासन एवं राज्यपाल, पंजाब को पत्र लिखकर यह मांग की है कि हाउसिंग बोर्ड की तर्ज पर शहर के अन्य सभी क्षेत्रों में भी एकमुश्त राहत (Amnesty Scheme) के लिए एक विशेष उच्चस्तरीय कमेटी गठित की जाए। यह कमेटी Within Boundary Line किए गए नीड बेस्ड इंटरनल चेंजेज, सुरक्षा व सुविधा से जुड़े आवश्यक बदलावों तथा पुराने एवं अप्रासंगिक बायलॉज की समीक्षा कर, जनहित में रेगुलराइजेशन की सरल व्यवस्था सुझाए। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से न केवल नागरिकों, व्यापारियों और उद्यमियों को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि अनावश्यक विवाद, नोटिस और मुकदमेबाजी में भी कमी आएगी तथा चंडीगढ़ को Ease of Living और Ease of Doing Business की दिशा में और मजबूती मिलेगी।

राजस्थान परिवार सेवा संस्था ने राम दरबार में कंबल वितरण व नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का किया आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 4 जनवरी। आज राजस्थान परिवार सेवा संस्था द्वारा राम दरबार क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण एवं निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल पंजाब एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करते हुए संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की पहल समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान करीब 200 कंबलों का वितरण किया गया, जिससे ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली।

कार्यक्रम के साथ-साथ आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैम्प में लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श और दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। स्थानीय नागरिकों ने इस सेवा को सराहनीय बताते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक पवन कुमार, अध्यक्ष भरू गिरी, महासचिव दलबीर सिंह, सचिव संजीव कुमार सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। एरिया काउंसलर नेहा मुसावट भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं और सेवा कार्यों में सक्रिय सहयोग दिया।

राजस्थान परिवार सेवा संस्था द्वारा किए गए इस सामाजिक सेवा कार्य की स्थानीय नागरिकों ने प्रशंसा करते हुए इसे जनकल्याण की दिशा में एक अनुकरणीय कदम बताया।

पुलिस ने नेट प्लस ब्रॉडबैंड सर्विस देने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपी के खिलाफ किया मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 4 जनवरी। थाना 19 पुलिस ने नेट प्लस ब्रॉडबैंड सर्विस देने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता चंडीगढ़ के रहने वाले परमिंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका कुछ समय पहले अमित नाम के एक शख्स से संपर्क हुआ था। आरोपी ने शिकायत करता को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उन्हें नेट प्लस उन्हें नेट प्लस ब्रॉडबैंड सर्विस देने के देगा तो उन्हें कुछ पैसे देने होगे। पीड़ित उनके झांसे में आ गया। उसने कुल मिलाकर 30 लाख रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करता रहा। पीड़ित को पता चला कि उसके साथ ठगी हो गई है।ना तो नेट पल्स ब्रॉडबैंड सर्विस दी।और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापिस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक ने शहर भर में वृक्षारोपण स्थलों का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 4 जनवरी। पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में वन विभाग, इंजीनियरिंग विभाग तथा नगर निगम द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया।

श्री कटारिया ने 5 जुलाई, 2025 को चंडीगढ़ के 23 स्थानों पर एक ही दिन में 1,17,836 पौधे रोपित कर शहर की हरित पहल को नई गति प्रदान की थी। इसी क्रम में उन्होंने आज नौ विभिन्न स्थलों पर जाकर वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की। यह निरीक्षण पर्यावरण संरक्षण एवं शहरी हरितीकरण के प्रति प्रशासन की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

निरीक्षण की शुरुआत राजेंद्र पार्क से हुई, जहाँ 5 जुलाई को वन महोत्सव-2025 का औपचारिक शुभारंभ किया गया था। इसके पश्चात निरीक्षण सुखना वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत कांसल क्षेत्र स्थित वृक्षारोपण स्थलों तक किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशासक ने पौधों के रख-रखाव एवं 80 से 95 प्रतिशत तक की जीवितता दर पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधों का निरंतर संरक्षण सुनिश्चित किया जाए ताकि चंडीगढ़ के नागरिकों को स्वस्थ एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने निराई-गुड़ाई, सिंचाई तथा अन्य सिल्वीकल्चरल क्रियाओं को नियमित रूप से करने पर भी बल दिया।

श्री कटारिया ने हाईकोर्ट प्रवेश मार्ग तथा जन मार्ग पर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किए गए वृक्षारोपण कार्यों का भी निरीक्षण किया, जहाँ 30,000 से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इसके पश्चात उन्होंने नगर निगम द्वारा सेक्टर-23 स्थित रोज़ नर्सरी में विकसित उच्च घनत्व (मियावाकी) वृक्षारोपण स्थल तथा सेक्टर-36 स्थित फ्रेग्रेंस गार्डन के वृक्षारोपण स्थल का दौरा किया।

रॉक गार्डन के पीछे कैम्बवाला रोड पर किए गए वृक्षारोपण का निरीक्षण करते हुए प्रशासक ने वन विभाग के प्रयासों की सराहना की, जिसके माध्यम से सीवेज-प्रभावित वन क्षेत्र का सफलतापूर्वक पारिस्थितिक पुनर्स्थापन किया गया है। सीवेज के प्रभावी डायवर्जन एवं बॉडिंग संरचनाओं के विकास से यह क्षतिग्रस्त वन भूमि अब एक हरे-भरे क्षेत्र में परिवर्तित हो चुकी है।

इसके पश्चात प्रशासक ने सुखना वन्यजीव अभयारण्य में प्रवेश कर कांसल वन क्षेत्र में किए जा रहे जैव विविधता संवर्धन एवं पारिस्थितिक पुनर्स्थापन कार्यों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान प्रशासक के साथ श्री मंदीप सिंह बराड़, गृह सचिव-सह-सचिव, वन एवं पर्यावरण; श्री सौरभ कुमार, मुख्य वन संरक्षक; श्री अमित कुमार, आयुक्त, नगर निगम चंडीगढ़; श्री अनुप सोनी, वन संरक्षक; श्री नवनीत श्रीवास्तव, डीसीएफ; वन विभाग का मैदानी स्टाफ तथा इंजीनियरिंग विभाग एवं नगर निगम के वरिष्ठ अभियंता एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

अमेरिका ने दिखाई वेनेजुएला पर दादागिरी

अमेरिका ऐसा अप्रत्याशित देश है, जोकि दुनियाभर में कथित शांति मिशनों में लगा दिखाई देता है, लेकिन अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए कभी भी और कहीं भी युद्ध छेड़ने से बाज नहीं आता है। इतिहास गवाह है कि दुनियाभर में जहां भी सैनिक संघर्ष हुए हैं, उनमें अमेरिका की भूमिका रही है। अब एक स्वतंत्र दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला पर बम बरसा कर और उसके राष्ट्रपति को शर्मनाक तरीके से बंधक बनाकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह साबित कर दिया है कि अमेरिका की दादागिरी जारी है और वे देश जोकि उसकी धौंस के सामने नतमस्तक नहीं होते, उनके लिए अमेरिका परेशानी खड़ी करने से बाज नहीं आता। इस हमले के बाद रूस का नाटो देशों के प्रति अविश्वास और बेहतर तरीके से साफ हो गया है, क्योंकि यूक्रेन के साथ जो युद्ध जारी है, वह युद्ध महज यूक्रेन का नहीं है, अपितु अमेरिका समेत सभी यूरोपीय देशों का है। इस हमले के बाद भारत की उस आशंका को और बल मिल गया है कि अमेरिका किस प्रकार पाकिस्तान को प्रोत्साहित कर चुका है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक ने घुटने टेके थे तो अमेरिका ने उसे ऐसा करने को कहा था। यह भी कितना विचित्र है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई और नारको टेरर के आरोप में उनके ही देश में अमेरिकी सैनिक गिरफ्तार कर लेते हैं, लेकिन जब भारत अपने चिरपरिचित शत्रु जो कि हमारे देश में आतंकवाद का एकमात्र मास्टरमाइंड है, पर कार्रवाई की जाती है तो अमेरिका दादा बनकर सुलह कराने पहुंच जाता है। यानी अमेरिका अपने नागरिकों के लिए दुनिया भर में जो चाहे वह करे, लेकिन हम अपने देश की सुरक्षा में अपने पथभ्रष्ट पड़ोसी मुल्क पर रक्षात्मक कार्रवाई तक नहीं कर सकते। दरअसल, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी वजह से अमेरिका से दूरी बनाते हुए अपने देश के हित के लिए यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे हैं, क्योंकि यूक्रेन नाटो का सदस्य देश बनना चाहता है और ऐसा हुआ तो अमेरिका एवं यूरोपीय देश रूस की सीमा से सट कर बैठ जाएंगे और इसके बाद रूस का भविष्य संकट में होगा।

गौरतलब है कि रूस, चीन और ईरान ने वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले का विरोध किया है। निश्चित रूप से भारत की भी यही राय है। अब यह भी साबित बात है कि आखिर इन देशों ने ऐसा क्यों किया है, क्योंकि अमेरिका इन सभी देशों के प्रति नकारात्मक रवैया रखता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आने से पहले भारत के प्रति जो रूख दिखा रहे थे, सत्ता में आकर उन्होंने उसके एकदम उलट रवैया दिखाया है और सबसे बढ़कर वे भारत के आर्थिक हितों को अब नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उनके मंत्रियों ने अब तक न जाने कितनी विपरीत बातें भारत के संदर्भ में कही हैं, जिनका असर देश के राजनीतिक मानस और अर्थव्यवस्था पर देखने को मिला है।

गौरतलब है कि रूस, चीन और ईरान ने वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले का विरोध किया है। निश्चित रूप से भारत की भी यही राय है। अब यह भी साबित बात है कि आखिर इन देशों ने ऐसा क्यों किया है, क्योंकि अमेरिका इन सभी देशों के प्रति नकारात्मक रवैया रखता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आने से पहले भारत के प्रति जो रूख दिखा रहे थे, सत्ता में आकर उन्होंने उसके एकदम उलट रवैया दिखाया है और सबसे बढ़कर वे भारत के आर्थिक हितों को अब नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उनके मंत्रियों ने अब तक न जाने कितनी विपरीत बातें भारत के संदर्भ में कही हैं, जिनका असर देश के राजनीतिक मानस और अर्थव्यवस्था पर देखने को मिला है। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिका ने पाकिस्तान के हित में जो दखल दिया और फिर उसे कैश करवाने के लिए दर्जनों बार राष्ट्रपति ट्रंप जो बयानबाजी कर चुके हैं, उससे भी भारत की साख को धक्का लगा है, हालांकि पूरी दुनिया जान चुकी है कि राष्ट्रपति ट्रंप एक राजनीतिक नहीं अपितु एक कारोबारी हैं, क्योंकि पाक में दखल देकर वे अमेरिका और अपने परिवार की कंपनियों का फायदा निकलवा रहे हैं। इस बीच अमेरिका को पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन से कोई मतलब नहीं है, वहीं सांप्रदायिक स्वतंत्रता से भी कोई वास्ता नहीं है। अपने चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए तत्कालीन सरकार को कहा था, हालांकि अब बांग्लादेश दुनियाभर में हिंदू समाज पर कहर ढाने वाला सबसे बड़ा मुल्क हो गया है और अमेरिका को इससे कोई वास्ता नहीं है। क्या यह सब दोहरे मापदंड नहीं है?

यह भी कितना खूब है कि जो राष्ट्रपति पूरी दुनिया में युद्ध रूकवाने का दावा करते हुए नोबेल के शांति पुरस्कार के लिए हलकान होता हो, वह खुद अब दूसरे देशों पर बम बरसा कर वहां आम जनता को नुकसान पहुंचा रहा है, उनकी जानें ले रहा है। आखिर अमेरिका के निवासियों को यह नहीं सोचना चाहिए कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद किस प्रकार दुनिया में अमेरिका की छवि ध्वस्त हो चुकी है। बेशक हर देश को अपने हित की परवाह करनी चाहिए लेकिन क्या इसके कोई समान मापदंड नहीं होने चाहिए। अपने हित के लिए हर देश के लिए अलग पॉलिसी क्या अमेरिकी राष्ट्रपति की दोगली नीति नहीं है। ऐसे में आखिर भारत जैसे देश का भरोसा अमेरिका कैसे जीतेगा, जोकि उसकी जनता के हितों को तिलांजलि देने को बाध्य करते हुए अपने सामान के लिए मार्केट खोलने को बाध्य कर रहा है। निश्चित रूप से अमेरिका की इस दादागिरी का जवाब कूटनीतिक और सधे हुए अंदाज में देना होगा और भारत का मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व ऐसा करने में पूरी तरह से सक्षम है।

अरावली पर्वतश्रृंखला पर जारी सियासत के बीच सजग हुई सरकार से जगी उम्मीदें



दिल्ली-एनसीआर के लिए प्राकृतिक वरदान समझी जाने वाली अरावली पर्वतश्रृंखला पर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के दृष्टिगत और प्रस्तावित अरावली सत्याग्रह के बीच केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस पर्वतमाला क्षेत्र में अब किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे (माइनिंग लीज) जारी न किए जाएं। इससे साफ है कि अरावली पर्वतश्रृंखला पर जारी सियासत के दृष्टिगत केंद्र सरकार अब सजग हो चुकी है और जनहित के मद्देनजर आवश्यक दिशानिर्देश जारी किया है। इससे अरावली पर्वतश्रृंखला में जैव विविधता के संरक्षण की उम्मीद भी बड़ी है। यदि वाकई ऐसा होता है तो देश की राजधानी नई दिल्ली के लिए यह शुभ कदम होगा। यहां के जल संरक्षण, वायु संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण आदि की दिशा में इसके सकारात्मक प्रभाव जल्द दिखेंगे।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने गत बुधवार को इस बारे में एक नया आदेश जारी किया है, जिसमें स्पष्ट किया हुआ है कि यह प्रतिबंध गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैली पूरी अरावली श्रृंखला पर समान रूप से लागू होगा। मंत्रालय के मुताबिक, यह फैसला अरावली को पर्वतमाला के रूप में सुरक्षित रखने और इसके आसपास चल रहे अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के मकसद से लिया गया है। लगे हाथ सरकार ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को यह भी निर्देश दिया है कि वह पूरे अरावली रीजन में ऐसे जोन की पहचान करे, जहां खनन पर पूरी तरह से बैन लगाया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने हाल में कहा था कि आसपास की जमीन से कम से कम 100 मीटर ऊंचे हिस्से को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। इस प्रकार इस नए मानक से कई ऐसी पहाड़ियों पर खनन का डर पैदा हुआ, जो 100 मीटर से छोटी और झाड़ियों से ढकी हुई है। यही वजह है कि पर्यावरण प्रेमियों ने इसे मुद्दा बना दिया और राजनीतिक दलों के मुखर होने से विरोध तेज हुआ। हालांकि अरावली सत्याग्रह की हवा निकालने के लिये केंद्र सरकार ने समय रहते ही समुचित कदम उठा लिए। साथ ही इसके इर्द-गिर्द पुनः हरियाली वापस लाने के उपाय करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वहीं, केंद्र सरकार ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को अरावली क्षेत्र में सतत खनन (Sustainable Mining) के लिए वैज्ञानिक योजना बनाने का निर्देश दिया है। लिहाजा, यह वैज्ञानिक योजना ही अब देखेगी कि खनन का प्रकृति पर कितना बुरा असर पड़ रहा है और अरावली क्षेत्र कितना भार सह सकता है। जहा खनन हो चुका है, उन क्षेत्रों को फिर से सुधारने और वहां पर हरियाली वापस लाने के उपाय किए जाएंगे। यह दूरदर्शिता भरा कदम है जो सराहनीय है।

पर्यावरण और वन मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया है कि जो खदाने पहले से संचालित है, उनके लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप सभी पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का राज्य सख्ती से पालन कराए जाएं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि मौजूदा खनन गतिविधियों को भी कड़े नियमों और अतिरिक्त प्रतिबंधों के तहत कंट्रोल किया जाएगा।

बताते चलें कि अरावली अस्तित्व संकट मुख्य रूप से अवैध खनन और पर्यावरणीय क्षरण से जुड़ा है, जो 1990 के दशक में शुरू हुआ। इस दौरान राजस्थान, हरियाणा और गुजरात में खनन गतिविधियों से पहाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा। अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन की शिकायतें 1990 के दशक से बढ़ने लगीं, जब संगमरमर और ग्रेनाइट जैसे खनिजों के दोहन से पर्यावरण, जल संकट और वायु प्रदूषण उभरा। अलबत्ता 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार हस्तक्षेप कर कुछ क्षेत्रों में खनन रोका। वहीं 2002 में सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी ने हरियाणा और राजस्थान में पूर्ण खनन प्रतिबंध लगाया। ततपश्चात 2003 का विवादास्पद मर्फी फॉर्मूला लागू हुआ, जिसने 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को खनन योग्य घोषित किया। पुनः बढ़ते विरोध के मद्देनजर 2009 में हरियाणा के कई जिलों में स्थायी प्रतिबंध लगा। जहां तक इसे मुद्दे पर हालिया विकास की बात है तो नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की नई परिभाषा (100 मीटर ऊंचाई) मंजूर की, जिससे खनन का खतरा फिर बढ़ गया है। यह थार रेगिस्तान के विस्तार और दिल्ली-एनसीआर के पर्यावरण को प्रभावित कर सकता है।

अरावली में अवैध खनन मुख्य रूप से 1990 के दशक से तेजी से बढ़ा, जब संगमरमर, ग्रेनाइट और चूना पत्थर जैसे खनिजों की मांग बढ़ने लगी। यह राजस्थान, हरियाणा और गुजरात की सीमाओं पर जंगलों के बीच गुप्त सड़कों और रात के अंधेरे में विस्फोटों के जरिए फैला। इसके बढ़ोतरी के कारण खनन माफियाओं ने स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से जंगल काटे, डंपरों के लिए रास्ते बनाए और सप्ताहांतों पर बड़े पैमाने पर ब्लास्टिंग की।

आंकड़े बताते हैं कि 1975 से 2019 तक अरावली की 8 प्रतिशत पहाड़ियां गायब हो चुकीं थीं, जिसमें अवैध खनन की मुख्य भूमिका रही। 2018 तक राजस्थान में 25 प्रतिशत अरावली प्रभावित क्षेत्र नष्ट हो चुका। नूह, चित्तौड़ा जैसे इलाकों से 8 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक सामग्री गायब। आलम यह रहा कि सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंधों के बावजूद सरिस्का जैसे संरक्षित क्षेत्रों में जारी। वहीं, हालिया स्थिति यह है कि 2024-2025 में हरियाणा-राजस्थान सीमा पर 30 से अधिक गांवों में खनन माफिया सक्रिय, जिससे धूल भरी आंधियां और दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ा। इससे सतर्क हुए एनजीटी ने कई बार जांच के आदेश दिए। देखा जाए तो अरावली संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित जिले राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में हैं, जहां अवैध खनन ने पहाड़ियों को नष्ट किया। राजस्थान के जिले अलवर, जयपुर, सीकर और उदयपुर जैसे जिले सबसे अधिक प्रभावित हुए, जहां सरिस्का टाइगर रिजर्व के आसपास खनन माफिया सक्रिय रहे। यहां 1990 से 25 प्रतिशत क्षेत्र नष्ट हो चुका। वहीं, हरियाणा के जिले नूह (मेवात), गुरुग्राम, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी में 30 से अधिक गांव खनन से तबाह, धूल भरी आंधियां दिल्ली-एनसीआर तक पहुंचीं। वहीं गुजरात के जिले साबरकांठा और बनासकांठा जिलों में चूना पत्थर खनन से अरावली का बड़ा हिस्सा गायब। कुल मिलाकर, इन जिलों में 1975-2019 तक 8 प्रतिशत पहाड़ियां समाप्त हो चुकीं।

हरियाणा की डायरीः साप्ताहिक कॉलम

इब पढ़ेगी और बढ़ेगी भी म्हारी लाडो

महिला सशक्तिकरण और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही हरियाणा सरकार की लाडो लक्ष्मी योजना काफी कारगर साबित हो रही है। ऐसे में प्रदेश की महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर नायब सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने कमजोर वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की लाडो लक्ष्मी योजना को विस्तार करते हुए उसमें तीन और कैटेगिरी को शामिल किया है। हालांकि विपक्षी दलों की ओर से सरकार की लाडो लक्ष्मी योजना पर उसे घेरने का काम किया जा रहा है, लेकिन यदि सरकार की ओर से योजना में शामिल की गई तीन नई कैटेगिरी को देखे तो इनमें सरकारी स्कूलों में 10वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे यदि 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर आते हैं तो उनकी माताओं को भी 2100 रुपए प्रति माह का लाभ दिया जाएगा। इससे सरकार एक तीर से दो शिकार करना चाहती है। यानि एक तो सरकारी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों का पढ़ाई के प्रति आकर्षण बढ़ेगा, चूंकि सरकारी स्कूलों में केवल गरीब परिवारों के बच्चे ही पढ़ने के लिए आते हैं। ऐसे में यदि वह अच्छे अंक लेकर आएंगे तो उनकी माताओं को भी 2100 रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा। इसके अलावा कुपोषित और एनीमिया ग्रस्त बच्चे यदि अपनी माता के प्रयास से पोषित और स्वस्थ होकर ग्रीन जोन में आ जाते हैं तो उनकी माताओं को भी 2100 रुपए प्रतिमाह का लाभ दिया जाएगा। योजना में किए गए इस बदलाव के बाद चौपाल पर चर्चा है कि सरकार की इस कोशिश से इब म्हारी लाडो पढ़ने के साथ ही पोषित होकर बढ़न का भी काम कर पाएंगी।

लेखकः चंद्रशेखर धरणी
स्वतंत्र पत्रकार

चाबी वाले दल के बड़े साहब के बयान ने सर्दी में बढ़ाई राजनीतिक गर्मी !

पिछले कई दिनों से हरियाणा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग भी इस बार हरियाणा में सर्दी का रिकॉर्ड टूटने की बात कह चुका है। ऐसे में जहां लोग दिन के समय भी घरों में दुबके हुए हैं। वहीं, सर्दी के इस मौसम में अचानक एक बयान के कारण राजनीतिक गर्माहट बढ़ गई है। सर्दी का अलाव छोड़कर राजनेता अचानक से सर्द मौसम में बाहर आकर जमकर बयान देने लगे हैं। इन सबके पीछे कोई आम बयान नहीं, बल्कि किसी समय फुल वाले दल के साथ सत्ता की भागीदारी करने वाले चाबी वाले दल के बड़े साहब की ओर से दिया गया एक बयान है। राजनीतिक गलियारों के साथ ही प्रदेश की चौपालों में भी नेताजी के इस बयान को लेकर खूब चर्चा हो रही है। हर कोई अपने-अपने तरीके से उनके इस बयान के मतलब निकाल रहा है। चलिए अब आपको बताते हैं कि चाबी वाले दल के बड़े साहब यानि जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने आखिर ऐसा क्या कह दिया कि पूरे प्रदेश का राजनीतिक माहौल ही गर्मा गया। दअरसल, डॉक्टर साहब (अजय चौटाला) ने महेंद्रगढ़ में आयोजित युवा योद्धा सम्मेलन में कहा कि शासकों को गद्दी से खींचकर सड़कों पर पीटने की जरूरत है। देश में नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे आंदोलन की आवश्यकता है। इन्हें (शासकों को) देश छोड़ने पर मजबूर करने का काम करना पड़ेगा। अब युवाओं के लिए खुद को संगठित करने का समय आ गया है। हमारे पड़ोसी देशों में हुए विरोध प्रदर्शनों की तरह, श्रीलंका में जिस तरह बांग्लादेश के युवाओं ने सरकार को देश छोड़ने पर मजबूर किया, जिस तरह नेपाल के युवाओं ने सरकार को देश छोड़ने पर मजबूर किया, उसी तरह की रणनीति भारत में भी मौजूदा सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए अपनानी होगी। अब आप ही बताएं कि डॉक्टर साहब की ओर से दिया गया यह बयान कितना सही है। ऐसे में इस बयान के बाद अजय चौटाला के खिलाफ मोर्चा खुल चुका है। एक ओर जहां आम जनता चौपाल पर उनके बयान को लेकर अपने-अपने तर्क दे रही है। वहीं, राजनेताओं की ओर से खासतौर पर भाजपा के नेताओं की ओर से उनके खिलाफ खुला मोर्चा खोल दिया गया है, क्योंकि हरियाणा और केंद्र दोनों की जगहों पर भाजपा की सरकार है। खैर देखना होगा कि इस मुद्दे को लेकर चौपालों पर चल रही चर्चाएं और राजनीतिक बयानबाजी कहां तक पहुंचती है ?

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

विधानसभा भंग कर दी जाए–जनता दल

बेंगलौर। कनार्टक विधानसभा आज भारी शोर शराबा व हंगामे के कारण बिना काम किए स्थगित हो गई। आज प्रातः जैसे ही सदन की कार्रवाई शुरु हुई सत्तारुढ़ कांग्रेस के एक गुट ने मुख्यमंत्री वीरप्पन मोइली से स्पष्टीकरण की मांग की कि उन्होंने किस आधार पर इस्तीफा देने वाले मंत्रियों के खिलाफ आरोप लगाए। इसके बाद उक्त सदस्यों ने विपक्ष के साथ मिलकर अध्यक्ष के आसन के सामने धरना दिया व शोर गुल किया। विधानसभा में विपक्ष के नेता, जद के आर.बी. देश पांडे ने राज्यपाल से मांग की कि राज्य में सर्वधानिक संकट को देखते हुए विधानसभा भंग की जानी चाहिए। विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पर भी बहस करने की मांग की।

ट्रक मैटाडोर में जबरदस्त टक्कर तीन घायल

पिंजौरः आज प्रातः एक ट्रक व मैटाडोर में जबरदस्त टक्कर हो जाने से लगभग तीन लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार नालागढ़ रोड पर स्थित दोमाड़ा गांव के निकट एक मैटाडोर तेज गति से आ रहे ट्रक से टकरा गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए।

ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1592- भारत का मुग़ल बादशाह शाहजहाँ का जन्म।
1659- खाजवाह की लड़ाई में औरंगज़ेब ने शाह शुजा को हराया।
1671- छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुग़लों से सल्हर क्षेत्र को अपने कब्जे में किया।
1890- अपने समय के जानेमाने अधिवक्ता ज्ञानेन्द्र मोहन टैगोर का निधन।
1893- भारतीय धर्मगुरु परमहंस योगानन्द का जन्म।
1900- आयरलैंड के राष्ट्रवादी नेता जॉन एडवर्ड रेडमोंड ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया।
1941- प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी मंसूर अली खान पटौदी का जन्म।
1955- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का जन्म।
1957- केंद्रीय ब्रिकी कर अधिनियम प्रभाव में आया।
1970- चीन के यून्नान प्रांत में रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता वाले भूकंप से 15000 लोगों की मौत।
1982- हिन्दी फिल्म संगीतकार, गायक और निर्माता-निर्देशक सी. रामचन्द्र का निधन।
1986- भारतीय मॉडल और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का जन्म।
1990- भारतीय फ़िल्मि निर्देशक तथा निर्माता रमेश बहल का निधन।
1993- क़रीब 85,000 टन कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर शेटलैंड द्वीप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
1994- भारतीय महिला निशानेबाज़ अंजुम मौदगिल का जन्म।
2006- भारत और नेपाल ने पारगमन संधि की अवधि को 3 महीने के लिए बढ़ाया।

बोल ब्यूटीफुल

शुभांगी शर्माः तो क्या यही कारण रहा कि ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इतनी व्यग्रता दिखा रहे थे, क्योंकि उन्हें यह पता होगा कि इसके बाद तो शांति पुरस्कार का कोई आधार ही नहीं रह जाएगा।

श्रीमय तालुकदारः शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली वेनेजुएला में विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने अपना पुरस्कार ट्रंप को समर्पित किया था। उनकी गतिविधियां देखें तो एक तरह से उन्होंने ट्रंप को अपने देश पर हमले के लिए आमंत्रित किया।

सोमनाथः अटूट आस्था के 1000 वर्ष (1026–2026)

दैनिक अर्थ प्रकाश

सोमनाथ- ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है...सौराष्ट्रे सोमनाथं च...यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया हैः-

'सोमलि-ं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत'

अर्थात्स, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है।

दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था।

वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनर्निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे। 1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे। सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है। 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं



भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया। और हर बार, पीढ़ी दर पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया। महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है। ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे।

इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्जागरण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा। ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया। सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द श्राइन इटरनल', अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जैसा कि मुंशी जी की पुस्तक के शीर्षक से स्पष्ट होता है, हम एक ऐसी सभ्यता हैं जो आत्मा और विचारों की अमरता में अटूट विश्वास रखती है। हम विश्वास करते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। सोमनाथ का भौतिक ढांचा नष्ट हो गया, लेकिन उसकी चेतना अमर रही। इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मजबूत बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वो हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आज कई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है।

श्री नरेंद्र मोदी
भारत के प्रधानमंत्री और श्री सोमनाथ ट्रस्ट के चेयरमैन भी हैं।)

उद्योगों को सुनिश्चित की जाएगी निर्बाध एवं सस्ती विद्युत आपूर्ति, शीघ्र लाई जाएगी नई उद्योग नीति

प्रदेश में स्थापित उद्योग को सशक्त बनाएगी सरकार : सीएम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने उद्योग विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय हिम एमएसएमई फेस्ट 2026 के तहत आज पीटरहॉफ शिमला में देश विदेश के प्रमुख उद्योगों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्यमियों से संवाद किया। सम्मेलन के दौरान प्रदेश में उद्योगों के विस्तार और प्रोत्साहन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के साथ उद्यमियों ने 10 हजार करो? रुपये लागत के उद्यम स्थापित करने के लिए 37 प्रतिबद्धता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शीघ्र ही नई उद्योग नीति लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश-अनुकूल परितंत्र विकसित करने के लिए निरंतर नवीन पहलें कर रही है, ताकि हिमाचल प्रदेश निवेशकों के लिए एक भरोसेमंद और आकर्षक इन्वेस्ट डेस्टिनेशन बन सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की परिकल्पना इसे हरित

औद्योगिकीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में प्रगति के साथ-साथ ग्रामीण औद्योगिकीकरण का एक सशक्त आर्थिक केंद्र बनाने की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पेट्रो फ्यूल ईंधन से चलित सभी 22 हजार टैक्सी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से ई वी वाहनों से बदला जाएगा। इसके दृष्टिगत प्रदेश सरकार नई योजना लेकर आ रही है, जिसके तहत 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन से बसों के परिचालन के लिए टेंडर शीघ्र ही जारी किया जाएगा। उद्यमियों की धारा 118 से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। प्रदेश सरकार राज्य में टेक्सटाइल इंडस्ट्री को भी ब?ावा देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में स्थापित उद्योगों को सशक्त बनाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में लॉजेस्टिक कॉस्ट को कम किया जाएगा और आधारभूत ढांचे को सुदृ? किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बद्दी से चंडीग? रेलवे लाइन के लिए केंद्र सरकार को अपने सारे शेयर का अग्रिम भुगतान कर दिया है। हम प्रदेश में निवेश को ब?ाएंगे। पर्यटन उद्योग हमारी विशेष प्राथमिकता है। इसके दृष्टिगत सम्पर्क सुविधाओं को ब?ावा दिया जा रहा है। 31 मार्च तक कांग?ा हवाई अड्डे के लिए जमीन का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया जाएगा।

प्रदेश सरकार राज्य की प्रगति के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार राज्य की प्रगति के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और उनके औद्योगिक उपक्रमों की स्थापना एवं विकास में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के विकास के लिए उदार नीतियां तैयार की जा रही हैं ताकि राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ रो?गार के अवसर सृजित हो और आर्थिकी को भी ब?ावा मिले। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों को हर संभव मदद प्रदान की जा रही है। विभिन्न नियमों और प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। उन्होंने उद्योगों को दिए जा रहे विभिन्न प्रोत्साहन की विस्तार से जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग आर. डी. नजीम ने प्रदेश में उद्योगों के विकास, संवर्धन और प्रदेश सरकार की विभिन्न नवाचार पहलों की विस्तृत जानकारी दी। आयुक्त उद्योग डॉ. यूनुस ने मुख्यमंत्री और सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर महापौर सुरेन्द्र चौहान, नीति आयोग के उप-सचिव अरविंद कुमार, वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य उपस्थित थे।

प्रदेश में हॉस्पिटेलिटी सेक्टर को प्रोत्साहित करने के लिए 200 पांच सितारा होटल खोलने की अनुमति प्रदान की जाएगी।हिमाचल में चंडीग? के समीप हिम चंडीग? नाम से विश्वस्तरीय शहर का विकास किया जाएगा। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि प्रदेश में उद्योगों को 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी तथा सबसे कम दरों पर विद्युत उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से शीघ्र इम्पलिमेंट एग्रीमेंट हस्ताक्षरित करने का आग्रह किया।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक अवसंरचना को निरंतर सुदृ? किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एमएसई फार्मा लैब, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में गैस कनेक्टिविटी, बद्दी एवं ऊना में कौशल विकास केंद्र तथा सीआईपीईटी जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। भविष्य की ओर देखते हुए, हमारी परिकल्पना एक सशक्त और प्रतिस्पर्धी राज्य के निर्माण की है, जिसकी नींव मजबूत एमएसएमई आधार, सतत औद्योगिक पार्क, जीवंत स्टार्ट-अप संस्कृति तथा हमारे युवाओं के लिए भविष्य-उन्मुख कौशल विकास पर आधारित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि ऊना में बल्क ड्रग पार्क है, जिसे 568.75 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए अंतिम पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 2071 करो? रुपये की पूंजीगत लागत वाला यह पार्क 8000 रुपये से 10,000 करो? रुपये तक के निवेश को आकर्षित करने तथा लगभग 15000 से 20,000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों के विचारों को सुनना तथा अनुभवों से सीखना हमारे लिए एक अत्यंत समृद्ध और प्रेरक अनुभव रहा है।

मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की मृतक छात्रा के परिजनों को ढांढस बंधाया

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की एक छात्रा के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री ने शनिवार देर शाम छात्रा के माता-पिता से फोन पर बात की और इस कठिन समय में उन्हें सरकार की ओर से हर संभव सहायता और समर्थन का भरोसा दिलाया।

खेल एवं युवा सेवाएं मंत्री यादविंद्र गोमा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मुख्यमंत्री की परिजनों से फोन पर बात करवाई।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार उत्पी?न और अन्याय के खिलाफ क?ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मामले में एक एसोसिएट प्रोफेसर और तीन छात्राओं के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की जा चुकी है। जांच को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सरकार ने शुरुआती कदम उठाते हुए संबंधित एसोसिएट प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने परिवार को आश्वासन दिया कि मामले की जांच पूरी गंभीरता और तय समय सीमा के भीतर पूर्ण की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार दुख की इस घ?ी में परिवार के साथ ख?ी है और दोषियों को कानून के तहत सख्त सजा दिलाना सुनिश्चित करेगी।

जल शक्ति विभाग में 419 करूणामूलक नियुक्तियां दी गई : मुकेश अग्निहोत्री

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

शिमला। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज यहां कहा कि प्रदेश सरकार करूणामूलक आधार पर रोजगार प्रदान करने के लिए प्रमुखता से कार्य कर रही है। इस क्रम में जल शक्ति विभाग में करूणामूलक आधार पर 419 नियुक्तियां दी गई हैं।

इसमें श्रेणी तीन के जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के 100 पदों और मल्टी-टास्क वर्कर के 319 पदों को भरा गया है और इस संबंध में सचिव जल शक्ति द्वारा इंजीनियर-इन-चीफ को पत्र जारी किए गए हैं।

उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा के दौरान अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले

व्यक्तियों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने के लिए सरकार सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपना रही है। इससे परिवारों को दीर्घकालीन आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य की सेवा करने वालों के आश्रितों को सम्मानजनक आजीविका के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री श्री सुक्खू के व्यापक प्रयासों और उनके दूरदर्शिता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। सरकार के इस कदम से पिछली भाजपा सरकार द्वारा करूणामूलक संबंधी मामलों के बैकलॉग को खत्म किया जा सकेगा। पिछली भाजपा सरकार ने करूणामूलक नियुक्तियों के मामलों को लंबित रखा जबकि वर्तमान सरकार ने इनके वर्षों के इंतजार को समाप्त करते हुए इन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए।

करूणामूलक आधार पर नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे आवेदकों को सरकार ने नए साल का उपहार दिया है। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में 127, गृह में 74 और अभियोजन विभाग में एक पद भरा गया है।

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का वि?न सिर्फ रोजगार तक सीमित नहीं है बल्कि राज्य सरकार पूर्व कर्मचारियों के योगदान का सम्मान करती है और उनके प्रियजनों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

चरस, हेरोइन और अवैध शराब बरामद, कई मामलों में केस दर्ज

ऊना पुलिस की सख़्त कार्रवाई, नशा तस्करों पर कसा शिकंजा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

ऊना। जिला ऊना में पुलिस ने नशा तस्करी, मारपीट, सड़क हादसे और सार्वजनिक नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख़्त कार्रवाई करते हुए कई अभियोग दर्ज किए हैं।

सदर थाना ऊना के अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बहडाला स्थित कुकी बर्गर दुकान से 8 ग्राम चरस/भांग बरामद कर आरोपी राजेश कुमार उर्फ कुकी के खिलाफ NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

थाना बंगाणा क्षेत्र में गश्त के दौरान डुमखर पुराने पुल के पास दो युवकों के कब्जे से 7.86 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया गया। दोनों आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं, जिनके खिलाफ NDPS एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

इसी थाना क्षेत्र में एक पुराने मारपीट मामले में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी रोहित कुमार के खिलाफ ब्नहस् की विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

थाना अम्ब पुलिस ने टकारला सब्ज़ी मंडी के पास एक व्यक्ति से 7 बोतल देसी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। वहीं एक सड़क दुर्घटना मामले में लापरवाही से वाहन चलाने पर पंजाब नंबर की गाड़ी के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

सके अतिरिक्त, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर 12 व्यक्तियों के चालान काटे गए, जिनसे कुल 1200 रुपये जुर्माना वसूला गया।

पुलिस अधीक्षक ऊना ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और नशे के खिलाफ अभियान आगे भी सख़्ती से जारी रहेगा।

कर्मचारी एवं पेंशनर्स कल्याण संघ खराहल ने किया वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

कुल्लू 4 जनवरी। आज कर्मचारी एवं पेंशनर्स कल्याण संघ खराहल ने वार्षिक की प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें खराहल घाटी के 15 प्राथमिक पाठशालाओं, दो माध्यमिक पाठशालाओं, 3 उच्च विद्यालयों और एक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के 166 छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि फतेह सिंह ठाकुर सेवानिवृत्ति डीपीई गेस्ट ऑफ ऑनर गिरिधर रहे। जिन्होंने पिछले वर्ष मार्च में स्पेशल ओलंपिक(स्की) इटली में भाग लिया था सबसे पहले मुख्य अतिथि का संघ के प्रधान रामकृष्ण शर्मा ने मुख्य अतिथि वह अन्य अतिथि गणों का इस कार्यक्रम में स्वागत किया। आज के समारोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खराहल हाई स्कूल चतानी हाई स्कूल चनसारी ब न्यूली के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया। सबसे पहले मोनिका ने एकल गान गया तत्पश्चात छटी की छात्राओं ने एक बेहद सुंदर लोक नृत्य प्रस्तुत किया उसके बाद चतानी के बच्चों ने स्काउट डांस प्रस्तुत किया और चंसारी के बच्चों ने मास पीटी का एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद चतानी के बच्चों ने कुलवी नाटी प्रस्तुत की और एकल गान खराहल की ममता ने गाया। मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को अपना शुभाशीष दिया तथा संघ के लिए वित्तीय सहायता भी की। मुख्य अतिथि महोदय ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी बच्चों को अपनी तरफ से वित्तीय सहायता भी दी।

कार्यक्रम के अंत में संघ के सलाहकार श्री हरि सिंह जी ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में संघ के महासचिव देव ठाकुर कार्यकारिणी के अन्य सदस्य श्याम शास्त्री, गोविंद भारती, ओम प्रकाश, केडी मंहत, भुवनेश्वर कुमार, रूप सिंह भंडारी, मंजू लता शर्मा, संध्या शर्मा, मनोहर लाल शर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया

न्यूज ब्रीफ

पंजाबी गायक गैरी संधू ने मुख्यमंत्री से की भेंट

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से आज ओक ओवर में

प्रसिद्ध पंजाबी गायक और युवा आइकन गैरी संधू ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधियों को ब?ावा देने और प्रदेश के समृद्ध लोक कलाओं को प्रदेश की उभरती अर्थव्यवस्था से जो?ने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। शिमला में आयोजित हो रहे हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 में गैरी संधू ने मुख्य कलाकार के रूप में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने कला और उद्यमिता को एक साथ वैश्विक मंच प्रदान करने की प्रदेश सरकार की पहल की सराहना की। श्री सुक्खू ने संगीत जगत में गायक के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जीवंत सांस्कृतिक परिदृष्य को ब?ावा तथा स्थानीय युवाओं को रचनात्मक क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा छात्रों को विरासत ए खालसा का का भ्रमण करवाया

ऊना (रोहित शर्मा)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा शिविर के दूसरे दिन छात्रों को आनंदपुर साहिब में स्थित विरासत ए खालसा का का भ्रमण करवाया गया । यह दौरा छात्रों के लिए एक अनोखा अवसर था , जहां उन्होंने सिख इतिहास और संस्कृति के बारे में जाना और अपने ज्ञान और अनुभव को बढ़ाया । इस दौरे के दौरान, छात्र विरासत ए खालसा में स्थित विभिन्न संग्रहालयों, प्रदर्शनी और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया । उन्होंने सिख गुरुओं के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मनजीत सिंह मान ने बताया, यह दौरा हमारे छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव था, जो उन्हें सिख इतिहास और संस्कृति के बारे में जानने और अपनी समझ को बढ़ाने में मदद करेगा। दौरे के दौरान, छात्रों को स्थानीय समुदाय के साथ भी बातचीत करने का अवसर मिला , जिससे उन्हें समाज के विभिन्न वर्गों के साथ जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने में मदद मिली। इस ऐतिहासिक भ्रमण के दौरान डॉ. पवित्र दुलारी भी मौजूद रहे।

बिना परमिट लकड़ी ढो रही 4 पिकअप गाड़ियां पकड़ी

ऊना (रोहित शर्मा)। पुलिस थाना हरोली के अंतर्गत पुलिस चौकी पंडोगा की टीम ने गश्त व यातायात चैकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लकड़ी ढो रही चार महिंद्रा पिकअप गाड़ियों को पकड़ा है। यह कार्रवाई आज घालुवाल पुल पर की गई। पुलिस के अनुसार, चैकिंग के दौरान रोकी गई चारों पिकअप गाड़ियों में लकड़ी (वालण) लोड पाई गई, लेकिन वाहन चालक लकड़ी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या परमिट पुलिस के समक्ष पेश नहीं कर सके। इस पर पुलिस ने गाड़ी नंबर ।क्क5ष्ट-3213, ।क्क67-7281, ।क्क68-4800 और HP7wC-9533 के चालकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता एवं इंडियन फॉरेस्ट एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित यादव का कहना है कि अवैध वन उपज के परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और मामले की जांच की जा रही है।

मोदी सरकार की प्रभावी नीतियों से भारत का बैंकिंग सेक्टर सुदृढ़ : अनुराग

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि अर्थव्यवस्था-फ्रेंडली मोदी सरकार की प्रभावी नीतियों का सकारात्मक प्रभाव भारत के बैंकिंग सेक्टर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। बैंकों की बैलेंस शीट में बड़े सुधार हुए हैं और बैड लोन दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गया है, जो देश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था का संकेत है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि यह मोदी सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों का ही परिणाम है कि भारत 4.18 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अनुमान है कि अगले 2.5 से 3 वर्षों में भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। वर्ष 2030 तक भारत 7.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार की अर्थव्यवस्था-फ्रेंडली नीतियों के चलते भारत का बैंकिंग सेक्टर मजबूत हुआ है और बैलेंस शीट में व्यापक सुधार

के कारण बैड लोन दशकों के निचले स्तर पर आ गया है। उन्होंने आगे कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की हालिया रिपोर्ट के अनुसार देश के बैंक पहले से कहीं अधिक मजबूत स्थिति में हैं। बैंकों की बैलेंस शीट में निरंतर सुधार देखा जा रहा है, जिससे स्पष्ट है कि लोग और कंपनियां समय पर कर्ज चुका रही हैं और बैंकों पर दबाव कम हुआ है। ञ्ज्ञद्ध की ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों का ग्रॉस एनपीए रेशियो सितंबर 2025 तक घटकर 2.1 प्रतिशत रह गया है, जबकि मार्च 2025 में यह 2.2 प्रतिशत था। यह आंकड़ा दर्शाता है कि भारत का बैंकिंग सिस्टम दिन-प्रतिदिन और अधिक मजबूत होता जा रहा है, जो बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है।

अनुराग ठाकुर ने कहा, ÷वैश्विक अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। मजबूत घरेलू मांग, नियंत्रित मुद्रास्फीति और सतर्क मैक्रोइकॉनॉमिक नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था निरंतर गति पकड़ रही है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में वास्तविक ज्ञ्ज्ञद्धवृद्धि 7.8 प्रतिशत रही, जबकि दूसरी तिमाही में यह छह-तिमाही के उच्च स्तर 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई। इस वृद्धि में निजी खपत, सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, सामान्य से बेहतर मानसून और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की अहम भूमिका रही है।

उन्होंने कहा कि RBI ने भारत के ग्रोथ ट्रेंड को देखते हुए पूरे वर्ष के लिए विकास अनुमान 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। कारोबारियों को बैंकों से आसानी से कर्ज उपलब्ध हो रहा है, बाजार में मांग बनी हुई है और शहरी क्षेत्रों में बढ़ते खर्च से खरीद-फरोख्त को मजबूती मिल रही है। महंगाई भी कई वर्षों के निचले स्तर पर आई है।

कुल्लू मनाली लेफ्ट बैंक मार्ग होगा डबल लेन, 2 टनलो से होकर गुजरेगी गाड़ियां

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

कुल्लू 4 जनवरी। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल कुल्लू मनाली के लिए मनाली तक लेफ्ट बैंक मार्ग को जोड़ने के काम की प्रक्रिया राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण? ने शुरू कर दी है। इस मार्ग को बनाने के लिए 5621 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 5621 करोड़ का प्रारूप तैयार कर केंद्र को भेज दिया है। कुल्लू से मनाली तक यह मार्ग डबल लेन होगा और इसमें दो टनलो का भी निर्माण किया जाएगा। यह 35 किलोमीटर मार्ग व्यास नदी के किनारे से होता हुआ देवदार के जंगलों से होकर गुजरेगा। इस मार्ग के बन जाने से जहां पर्यटक सीजन के दौरान आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिलेगी वहीं स्थानीय लोगों को भी बरसात के दिनों में आने-जाने में कोई असुविधा नहीं होगी। हालांकि राइट बैंक मार्ग पर कुल्लू से मनाली तक डबल लेन मार्ग बना हुआ है। लेकिन वह बरसात के दिनों में व्यास नदी का जलस्तर बढ़ जाने से कई जगहों पर बंद हो जाता है। जिस कारण कुल्लू मनाली के बीच संपर्क कई कई दिनों तक कटा रहता है। अब लेफ्ट बैंक मार्ग डबल लेन बन जाने से काफी राहत मिलेगी।

पिछले दिनों कुल्लू में आई आपदा के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग कुल्लू से मनाली तक कई दिनों तक बाधित रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण? ने लेफ्ट बैंक मार्ग से सड़क मार्ग को डबल लाइन बनाने का प्रस्ताव रखा था। अगर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती तो वर्ष 2026 में ही लेफ्ट में मार्ग डबल लेन मार्ग पर काम शुरू हो जाएगा।

शिमला में राशन व्यवस्था दो महीने ठप : कर्ण नंदा

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

शिमला। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने शिमला शहर के राशन डिपुओं में दो महीने बाद चीनी का कोटा पहुंचने पर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजधानी शिमला में भी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। दो महीने तक सस्ती चीनी का वितरण बंद रहना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार जनता की बुनियादी जरूरतों को लेकर पूरी तरह असंवेदनशील और नाकाम साबित हुई है।

भाजपा मीडिया संयोजक ने कहा कि नवंबर से राशन डिपुओं में चीनी न मिलने के कारण एपीएल, बीपीएल सहित हजारों राशन कार्ड धारकों को बाजार से महंगे दामों पर चीनी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा। राजधानी जैसे शहर में ऐसी स्थिति होना कांग्रेस सरकार की नाकामी को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि केवल राशन व्यवस्था ही नहीं, बल्कि शिमला में चिकित्सा सेवाओं की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। आईजीएमसी और चमियाना अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जांच, दवाइयों, डॉक्टरों की उपलब्धता और व्यवस्थाओं को लेकर आम जनता त्रस्त है।

भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक ने कहा कि आईजीएमसी प्रदेश का प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है और इसे उसी व्यवस्था और मानकों के अनुसार चलाया जाना चाहिए, जैसे यह पहले संचालित होता था। कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के चलते आज मरीजों का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से उठता जा रहा है।

कांग्रेस देश को गुमराह करना बंद करे, विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन से आएगा क्रांतिकारी बदलाव : जयराम

बोले, पहले की तरह 90 :10 अनुपात की तर्ज पर मिलेगा हिमाचल को लाभ, कार्यदिवस बढ़ाने से भी पहाड़ी राज्य को मिला लाभ

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

मंडी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रविवार को मंडी में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विपक्ष में होने के कारण हताशा में है और केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में किए जा रहे सकारात्मक सुधारों को लेकर देश और प्रदेश की जनता को लगातार गुमराह कर रही है। हिमाचल में भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने राष्ट्रीय नेताओं के दबाब में आकर जनता के सामने झूठ परोस रहे हैं जिसका पर्दाफाश करने के लिए

भाजपा जनजागरण अभियान प्रदेशभर में चलाएगी। जिस सरकार ने सत्ता में आते ही लोगों की मांग पर खोले गए 2000 संस्थान बंद कर दिये हों उसके नेताओं को केंद्रीय योजना के मात्र नामकरण पर इतना झूठ नहीं बोलना चाहिये कि मनरेगा को एनडीए सरकार खत्म करने जा रही है। जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार का लक्ष्य केवल रोजगार देना नहीं, बल्कि नागरिकों को %रोजगार सृजनकर्ता% बनाना है।

?जयराम ठाकुर ने आंकड़ों के साथ स्पष्ट किया कि नया मिशन (ड्डञ्जक्त ञ्जरूत्त) मनरेगा का एक कहीं अधिक उन्नत और प्रभावी रूप है। उन्होंने मुख्य अंतरों को स्पष्ट करते हुए कहा कि जहाँ मनरेगा में केवल 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी, वहीं नई योजना के तहत इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। मनरेगा केवल ग्रामीण रोजगार तक सीमित था, जबकि नया मिशन रोजगार के साथ-साथ आजीविका विकास पर केंद्रित है। नए प्रावधानों के तहत अब भुगतान साप्ताहिक आधार पर 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि मनरेगा में पारंपरिक निगरानी के कारण भ्रष्टाचार की बहुत शिकायतें आती थीं। अब नई योजना में डिजिटल ट्रैकिंग और बायोमेट्रिक निगरानी होगी, जिससे राशन कार्ड की तर्ज पर होने वाली लीकेज को पूरी तरह रोका जा सकेगा। ?नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस के दावों को खोखला बताते हुए कहा कि 2014 में कांग्रेस के समय मनरेगा का बजट मात्र 33,000 करोड़ रुपये था, जिसे मोदी सरकार ने 2020-21 में बढ़ाकर 1.10 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचाया। वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए भी भारी बजटीय प्रावधान किए गए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह मिशन ÷विकसित भारत 2047÷ के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।कौशल विकास, अप्रेंटिसशिप और स्टार्टअप के माध्यम से युवाओं को सीधे उद्योगों से जोड़ना, स्वयं सहायता समूहों और स्वरोजगार योजनाओं के जरिए महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाना और स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर ग्रामीण स्तर पर ही रोजगार सृजन करना ताकि पलायन रुके। वहीं ?सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थायी रोजगार के साथ-साथ आय में वृद्धि और समावेशी विकास सुनिश्चित करना, ?बेरोजगारी भत्ता और सुरक्षा देना भी प्रमुख है।

पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई करने वाले दो आरोपियों को किया काबू

चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)। यूटी पुलिस के ऑपरेशन सैल ने हेरोइन की सप्लाई करने वाले दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान यूपी के जिला बिजनौर के रहने वाले 23 वर्षीय मोहम्मद शबन और 19 वर्षीय मोहम्मद जीशान अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से कुल 198.35 ग्राम हेरोइन बरामद की। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते ऑपरेशन सैल की टीम शनिवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी।

समय करीब साढ़े 6 बजे का होगा।पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस पंजाब सीएम निवास स्थान के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपियो को रोककर पूछताछ के दौरान उनकी तलाशी ली तो पुलिस को आरोपियों के कब्जे से 198.35 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कारवाई करते हुए उक्त आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया।

पंचकूला में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

एक ही रात में टिप्पर व ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत 4 वाहन पकड़े

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। पुलिस द्वारा जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। एंटी इलीगल माइनिंग टीम, रामगढ़ चौकी और रायपुर रानी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से बीती एक ही रात में अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध माइनिंग में संलिप्त कुल 4 वाहनों को रंगे हाथ पकड़ा है। पकड़े गए वाहनों में 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 1 टिप्पर और 1 पोपलेन मशीन शामिल है। सभी वाहनों को जब्त कर संबंधित माइनिंग विभाग को नियमानुसार कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता के अनुसार, आज देर रात करीब 1 बजे पंचकूला पुलिस की एंटी इलीगल माइनिंग टीम ने इंस्पेक्टर मनसा राम की अगुवाई में गश्त के दौरान कालका क्षेत्र में मेहताब नदी के पास चेकिंग की। इस दौरान टीम ने अवैध खनन करते हुए एक टिप्पर और एक पोपलेन मशीन को मौके पर ही पकड़ लिया। दोनों वाहन अवैध रूप से नदी से खनन कार्य में लगे हुए थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहनों को कालका थाना परिसर में खड़ा कराया और माइनिंग विभाग को सूचना देकर आगामी कानूनी प्रक्रिया शुरू करवाई। रामगढ़ चौकी इंचार्ज तजिन्द्र पाल सिंह ने आज सुबह करीब 4 बजे चंडीमंदिर थाना क्षेत्र के गांव श्यामटू के समीप बेसिन नदी में गश्त के दौरान अवैध माइनिंग में लिप्त एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रंगे हाथ पकड़ लिया। इस कार्रवाई के दौरान एएसआई कृपाल सिंह और मुख्य सिपाही विकास सैनी भी मौके पर मौजूद रहे। पकड़े गए वाहन को चौकी में खड़ा कर माइनिंग विभाग को सूचित कर दिया गया। इसके अलावा बीती रात करीब 8 बजे रायपुर रानी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह की टीम ने भी प्यारेवाला क्षेत्र के पास गश्त के दौरान अवैध खनन सामग्री से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। पुलिस टीम द्वारा वाहन को कब्जे में लेकर माइनिंग विभाग को सूचना दी गई, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

अवैध माइनिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी पंचकूला पुलिस अवैध माइनिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। अवैध खनन न केवल पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, बल्कि कानून व्यवस्था और प्राकृतिक संसाधनों के लिए भी बड़ा खतरा है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी एंटी इलीगल माइनिंग टीमें व स्थानीय पुलिस टीम पूरी प्लानिंग के साथ लगातार गश्त कर रही हैं। जिले के सभी एंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जो भी व्यक्ति या माफिया अवैध माइनिंग में संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पंचकूला पुलिस आम नागरिकों से भी अपील करती है कि यदि कहीं भी अवैध खनन की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें।

गुरुद्वारा श्री सिंह सभा सेक्टर-7 में शब्द कीर्तन आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। गुरु गोबिंद सिंह प्रकाश पर्व के अवसर पर रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला में प्रकाश पर्व मनाया गया।इस दौरान कई कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। इस दौरान गुरुद्वारा श्री सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला में गुरुग्रंथ साहिब जी का अखण्ड पाठ,शबद-कीर्तन, लंगर व धार्मिक आयोजन किये गए।

प्रकाश पर्व के मौके पर गुरुद्वारा में गुरुबाणी सरवन करते हुये संगत के चेहरों पर गुरु के प्रति अगाध श्रद्धा देखने को मिली।गुरुद्वारा श्री सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसकी शुरुवात सुबह अखंड पाठ साहब के भोग से हुई। गुरुद्वारे साहिब की प्रांगण में ही सुखमनी सेवा सोसाइटी द्वारा गुरुवाणी कीर्तन, रागी जत्थों द्वारा शब्द कीर्तन किया गया7 तत्पश्चात गुरु के लंगर का आयोजन किया गया।

शाम को संगतों ने इस पावन पर्व पर दीप माला की ओर इस पर्व को संगतमय व श्रद्धामय बनाया।कमेटी के प्रधान कंवर पाल सिंह ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और सत्कार से मनाया गया और गुरु का लंगर अटूट बरताया गया।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सेकेट्री सतिंदरपाल सिंह ने सभी आये हुई संगत का तहदिल से धन्यवाद किया।

उपराज्यपाल ने 30 कश्मीरी छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा दर्शन यात्रा के लिए किया रवाना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला 4 जनवरी। हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हरियाणा दर्शन यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर से आ रहे 30 कश्मीरी छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को आज जम्मू स्थित अपने आवास से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखाकर औपचारिक रूप से रवाना किया गया।

इस अवसर पर युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा दर्शन यात्रा का आयोजन 4 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस दौरान कश्मीर से आए छात्र एवं छात्राओं का प्रतिनिधिमंडल हरियाणा एवं चंडीगढ़ के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करेगा।

युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आपसी सद्भाव तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और आपसी समझ बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना तथा ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ के लक्ष्य को साकार करना है। यात्रा के दौरान कश्मीर से आए युवाओं के प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा की लोकतांत्रिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिनिधिमंडल का हरियाणा विधानसभा का भ्रमण, हरियाणा के दो प्रमुख विश्वविद्यालयों का दौरा, तथा युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, छात्र चंडीगढ़ स्थित रॉक गार्डन एवं सुखना लेक, पिंजौर गार्डन, तथा वन विभाग द्वारा थापली में स्थापित नेचर कैंप थापली का भी भ्रमण करेंगे।

गांव तीड़ा मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ में भव्य नगर कीर्तन निकाला

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

न्यू- चंडीगढ़। गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को समर्पित, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में गांव तीड़ा मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ में एक बड़ा नगर कीर्तन निकाला। पंज प्यारे की नेतृत्व में, इलाके की पूरी संगत के सपोर्ट से, गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने गांव तीड़ा मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ में एक बड़ा नगर कीर्तन निकाला। यह नगर कीर्तन सुबह 9 बजे गांव तीरां से शुरू हुआ और स्कूल ग्राउंड, क्रिकेट स्टेडियम न्यू चंडीगढ़, गांव तोगां न्यू चंडीगढ़, धनोडा न्यू चंडीगढ़, गांव मस्तगढ़ न्यू चंडीगढ़, गांव मिल्ख न्यू चंडीगढ़, गांव सारंगपुर, मुल्लांपुर, गुरुद्वारा रतवाड़ा साहिब न्यू चंडीगढ़, गांव चाहड माजरा न्यू चंडीगढ़, गांव बासेपुर न्यू चंडीगढ़, गांव संगाला न्यू चंडीगढ़ से होते हुए वापस गांव तीड़ा न्यू चंडीगढ़ में खत्म हुआ। धार्मिक नगर कीर्तन का गांवों की पूरी संगत ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर इलाके की पूरी संगत मौजूद थी।

माता नैना देवी मंदिर में नववर्ष आयोजन विधायक शक्तिरानी शर्मा ने की पूजा-अर्चना

अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। नववर्ष के पावन अवसर पर माता नैना देवी मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भव्य कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर कालका की विधायक शक्तिरानी शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। विधायक शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को सशक्त करने के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है और जनसमुदाय को एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि समिति द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से दर्शन, पूजा-अर्चना एवं भंडारे का लाभ प्राप्त हुआ, जो प्रशंसनीय है।

कीर्तन एवं पूजा-अर्चना के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

स्थानीय श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने इस धार्मिक आयोजन के लिए आयोजक समिति के साथ-साथ विधायक शक्तिरानी शर्मा का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करते हैं।

न्यूज ब्रीफ

छात्रों ने राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

कालका (जग्गी)। सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र संभव पवार एवं आदित्य गोयल ने दिनांक 29ङ्क30 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीसरी नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल कराटे फेडरेशन / फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत का शानदार प्रदर्शन करते हुए संभव पवार ने स्वर्ण पदक तथा आदित्य गोयल ने रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय है कि संभव पवार की यह लगातार तीसरी राष्ट्रीय सफलता है। वह अब तक राष्ट्रीय स्तर पर तीन स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने विद्यालय द्वारा दिए गए सहयोग और मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीयूष पुंज ने दोनों विजेता छात्रों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ छात्रों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ खेल संस्कृति को भी बढ़ावा देती हैं। हमारे छात्र शिक्षा के साथ-साथ खेल सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विद्यालय द्वारा संभव पवार एवं आदित्य गोयल को खेल प्रोत्साहन हेतु डाइट स्कॉलरशिप भी प्रदान की जा रही है, ताकि वे भविष्य में और अधिक ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकें।

खत्री महासभा के खजांची व समाज सेवक नवनीत कत्याल जी नयागांव को मातृ शोक

न्यू चंडीगढ़ (जे के बत्ता)। खत्री महासभा ट्राई सिटी के खजांची व समाजसेवी श्री नवनीत कत्याल जी नयागांव की माता श्रीमती सुभाष रानी कत्याल पत्नी स्व प्रेम कुमार कत्याल का मकान नम्बर 73 ङ्क एम ब्लॉक शिवालिक विहार नयागांव में स्थित उनके निवास स्थान पर अचानक शनिवार रात को निधन हो गया। श्रीमती सुभाष रानी कत्याल की नयागांव में समाज सेविका की छवि थी, जो नयागांव में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती थी। श्रीमती सुभाष रानी कत्याल के निधन पर राजनीतिक, गैर राजनीति संगठनों के पदाधिकारियों ने शोक प्रकट किया। श्री नवनीत कत्याल जी ने बताया कि उन्होने अपनी माता श्रीमती सत्या देवी नन्दराजोग के नेत्र पीजीआई चंडीगढ़ के नेत्र विभाग को दान कर दी गई है ताकि उनकी आँखे फिर भी दुनिया देख सके । श्री नवनीत कत्याल जी ने बताया कि श्रीमती सुभाष रानी कत्याल के निधन से समाज ने सेवा में अग्राणी रहने वाली महिला को खो दिया है। उनका अंतिम संस्कार आज दिनांक 05 जनवरी 2026 को दोपहर के 03:00 बजे सेक्टर-25 चंडीगढ़ के श्मशान घाट में किया जायेगा ।

नगर निगम पंचकूला के महापौर का पिछले 5 सालों में 400 करोड़ विकास पर खर्च करने का दावा महज झूठ का पुलिंदा : ओपी सिहाग

विकास तो हुआ है पर शहर का नहीं, कुछ चुने हुए नुमाइंदो के घर का विकास हुआ

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

पंचकूला, 4 जनवरी। जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग ने कहा कि पंचकूला की जनता को नगर निगम पंचकूला के पूरे पांच साल रहे महापौर एवं पार्षदों का जरूर धन्यवाद करना चाहिए अगर जनता को लगता है कि इन्होंने चुनाव में किए गए वादों को पूरा किया है ? इन 5 वर्षों के दौरान शहर को स्वच्छता एवं सफाई के मामले में पूरे भारत के अग्रणी शहरों में शामिल करा दिया है ? इनका जरूर धन्यवाद करना चाहिए अगर इन्होंने पूरे पांच साल में शहर को आवारा पशुओं एवं आवारा कुत्तों से पूरे नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लाखो लोगों को निजात दिलाने का काम किया है ? पंचकूला की जनता को इनका जरूर दिल खोलकर धन्यवाद करना चाहिए कि नगर निगम के महापौर एवं चुने हुए पार्षदों ने पूरे नगर निगम क्षेत्र को अगर अवैध कब्जों से मुक्त करके एक साफ स्वच्छ शहर बना दिया है?

जजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम सबको महापौर कुलभूषण गोयल एवं सभी पब्लिक द्वारा चुने गए पार्षदों का बड़े जोर शोर से नागरिक अभिनन्दन करना चाहिए अगर इनके समय में सारे शहर की मुख्य सड़कों के साथ की ग्रीन बेल्ट पर लाखो रुपये खर्च करके लगाया गया कोरियन घास एवं सुन्दर फूल पौधो की महक से पूरा पंचकूला महक रहा है ? आज पंचकूला की गड्ढो रहित सड़के विश्व स्तर की है? जजपा जिला अध्यक्ष सिहाग ने कहा कि जनता इनसे पूछ रही कि शहर को स्लम फ्री करने के बड़े लंबे चौड़े वादे का क्या रहा? लोग यह भी पूछ रहे हैं कि शहर की विभिन्न कालोनियों में झुग्गी झोंपड़ी में रहने वाले 56 हज़ार लोगों को प्लॉट या फ्लैट देने का जो सुन्दर सपना दिखाया था उसका क्या रहा ? सिहाग ने यह प्रश्न भी निवर्तमान महापौर एवं हरियाणा सरकार से पूछा कि नगर निगम में पिछले 5 सालों में जो घपले घोटाले हुए हैं जिनकी बकायदा पंचकूला विकास मंच के सदस्यों ने बार बार शिकायतें की है जिनमें मुख्य रूप से कोरोना काल के दौरान शवों के दाह संस्कार के लिए दिए गए लाखों रुपये के गबन एवं गडबड का मामला हो या साइकिल एवं मोटर साइकिल की खरीद एवं लाखो रुपये के सारे शहर में स्टैंड बनाने का घोटाला हो या सफाई कर्मचारियों की हाजिरी सुनिश्चित करने के लिए खरीदी गई लाखो रुपये की कलाई घड़ियों में हुई भारी अनियमितता की बात हो या फॉगिंग मशीनो की खरीदारी एवं रखरखाव का घोटाला हो।

शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए बरतें विशेष सावधानी : डीसी सतपाल शर्मा

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

पंचकूला, 4 जनवरी। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पंचकूला के अध्यक्ष श्री सतपाल शर्मा ने बताया की प्राधिकरण द्वारा सरकार के निर्देशानुसार शीत लहर / ठंड से बचाव के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। उपायुक्त ने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा है कि इन दिनों शीतलहर चल रही है। इसी के मद्देनजर हम सावधानी बरतकर शीत घात से बच सकते हैं। शीतलहर से बचाव के लिए सावधानियों की पालना जरूर करें।

उन्होंने बताया की मौसम संबंधी जानकारी के लिए रेडियो, टीवी और समाचार पत्र देखें/सुनें। यथासंभव घर के अंदर रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें। भारी कपड़ों की एक परत के बजाय हल्के, ढीले और ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। बाहर निकलते समय सिर, चेहरा, हाथ और पैरों को ढक कर रखें। शरीर में ऊष्मा बनाए रखने के लिए पौष्टिक भोजन लें, विटामिन-ष्ट युक्त फल एवं सब्ज़ियों का सेवन करें। शरीर का तापमान बनाए रखने के लिए नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ पिएँ। अपने शरीर को सूखा रखें, गीले कपड़े तुरंत बदलें। बुज़ुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें।

उपयुक्त ने बताया कि शराब का सेवन न करें, यह शरीर का तापमान कम करती है। लंबे समय तक ठंड के संपर्क में न रहें। कंपकंपी को नज़रअंदाज़ न करें, यह शरीर के ठंड से प्रभावित होने का प्रारंभिक संकेत है। हाइपोथर्मिया (शरीर का तापमान कम होने) की स्थिति में तुरंत कदम उठाए ।प्रभावित व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाएँ।

सांसद मनीष तिवारी ने मिकी माउस और डोनाल्ड डक के स्टेच्यू का उद्घाटन किया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़, 4 जनवरी। चंडीगढ़ के सेक्टर 43-बी के निवासियों के लिए एक खुशीभरा नववर्ष उपहार स्वरूप, सांसद श्री मनीष तिवारी ने आज मिकी माउस और डोनाल्ड डक की सुंदर रोशनी से सजे स्टेच्यू का उद्घाटन किया, जिससे क्षेत्र के बच्चों में विशेष रूप से उत्साह और खुशी का संचार हुआ।

यह अवसर सेक्टर 43-बी, चंडीगढ़ की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित वार्षिक खेल दिवस का था। सैकड़ों निवासियों, विशेषकर बच्चों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं जोश का प्रदर्शन किया।

मनीष तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने युवा प्रतिभागियों के प्रयासों और प्रदर्शन की सराहना की, सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए तथा उन्हें स्वस्थ और अनुशासित जीवन के लिए खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय पार्षद प्रेमलता ने सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज की।

वार्ड नंबर 34 में विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

सीवर वह बरसाती पानी की समस्या के समाधान हेतु 21 लाख रुपये के डक्ट कार्य शुरू

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़, 4 जनवरी। चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड नंबर 34 में क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही सीवर तथा बरसाती पानी की ब्लॉकेज की समस्या के स्थायी समाधान के लिए विकास कार्यों की शुरुआत कर दी गई है। वार्ड के एरिया पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी द्वारा सेक्टर 45 और 46 में डक्ट निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना पर लगभग 21 लाख रुपये की अनुमानित लागत आएगी और इसे इसी माह पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने बताया कि डक्ट कार्य पूरा होने से वार्ड में बार-बार होने वाली सीवर वह बरसाती पानी की जाम की समस्या से राहत मिलेगी और आम जनता को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि लोगों को जल्द से जल्द लाभ मिल सके।

पार्षद गाबी ने चंडीगढ़ में मोबाइल कंपनियों द्वारा सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की खुदाई का मुद्दा भी उठाया। पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने कहा कि टेलीकॉम कंपनियों ने शहर को खोखला कर रखा है। सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों को मनमाने ढंग से खोदा। लेकिन मरम्मत और पुनर्स्थापना के नाम पर केवल औपचारिकताएँ निभाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि वह इस गंभीर मुद्दे को बार-बार हाउस मीटिंग में उठाते आ रहे हैं, इसके बावजूद मेयर और संबंधित अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। उन्होंने आगे कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर कमिश्नर और मेयर टेलीकॉम कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से डरते क्यों हैं। क्या इन कंपनियों का दबाव इतना मजबूत है कि शहर की जनता की सुविधा, सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को नजरअंदाज किया जा रहा है? यह चुप्पी और ढिलाई समझ से परे है और जनता के हितों के साथ सीधा अन्याय है। डक्ट कार्य का उद्घाटन पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी द्वारा हरजीत सिंह जी (सेवानिवृत्त एसई), मनमिंदर विर्दी, राजमीत कौर, गुरिंदर सिंह, पब्लिक हेल्थ के राजबीर सिंह तथा जेई अनवर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए सैकड़ों लोगों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने ज्वाइन कराई पार्टी

भाजपा के कार्यकर्ता ही संगठन की ताकत : बड़ौली

सेवा और समर्पण का प्रतीक है हमारे कार्यकर्ता

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में लोककल्याण के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को वार्ड नंबर 1, प्रजापति धर्मशाला जटवाड़ा सोनीपत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महेश प्रजापति की अगुवाई में कांग्रेस छोड़कर आए सैकड़ों लोगों को भाजपा में शामिल किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और पार्टी में पूरा मान और सम्मान देने की बात कही। वहीं भाजपा में शामिल हुए सभी लोगों ने श्री बड़ौली को आश्वासन देते हुए कहा कि वे सभी मिलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे तथा पार्टी को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता ही संगठन की ताकत है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता संगठन और जनता के बीच एक मजबूत पुल का काम करते हैं। भाजपा के कार्यकर्ता लोगों के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हैं जो सेवा और समर्पण का प्रतीक है।

श्री बड़ौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार का लक्ष्य सबका विकास है। भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। हरियाणा में नायब सैनी सरकार बिना भेदभाव के प्रदेश का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में लोककल्याण के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में गरीबा लोगों को आष्युमान और चिरायु योजना के तहत निशुल्क इलाज हो रहा है।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि गरीब महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी सरकार लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये दे रही है। श्री बडौली ने कहा कि सरकार की ऐसी तमाम गरीब कल्याण की योजनाएं हैं जिनका लाभ हर पात्र नागरिक को मिल रहा है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर चलते हुए हरियाण को विकसित राज्य बनाने पथ पर अग्रसर है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा, जिला महामंत्री तरूण देवीदास, प्रदेश प्रवक्ता राज कुमार कटारिया, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, आरती शर्मा, महेश कुमार, ललित बत्रा, हरि प्रकाश सैनी सहित पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सीएम नायब सिंह सैनी के नायब फैसलों से हर वर्ग खुश : देवेंद्र अत्री

कहा- बधाना से हुई जिले में देशभक्ति किसान पंचायत की शुरूआत

अर्थ प्रकाश/मित्तल

उचाना मंडी। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि भाजपा द्वारा किए गए जन हित के कामों को देखते हुए लगातार तीसरी बार मतदाताओं ने भाजपा पर विश्वास जताया है। सीएम नायब सिंह सैनी के नायब फैसलों से हर वर्ग खुश है। सीएम हो कहते है वो करते है वो इसको निरंतर वो साबित करते रहते है। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। निरंतर भाजपा के साथ हर वर्ग जुड़ रहा है। बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी युवाओं को देकर भाजपा ने इतिहास बनाने का काम किया है। गरीब परिवार के युवाओं ने सोचा भी नहीं था कि पढ़ाई के बूते पर वो बड़े अधिकारी भी लग सकेंगे। भाजपा सत्ता में है तो संभव हो पाया। आज बिना भेदभाव के विकास पूरे प्रदेश में हो रहा है। जन समस्याओं को सुनने वो पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

विधायक ने कहा कि जिले में सबसे पहले उचाना हलके के बधाना गांव में देशभक्ति किसान पंचायत का आयोजन हुआ। किसान, कमेरे वर्ग सहित किसी भी वर्ग के लोगों को किसी तरह की समस्या न हो ये हमारी सरकार का प्रयास है। उचाना हलके में हुई पहली इस पंचायत में जो समस्याएं आई है उनमें से काफी जिलास्तर पर होंगे। कई काम ऐसे है जो चंडीगढ़ से होंगे। जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढूल, जिला प्रभारी मदन लाल गोयल भी साथ में इस देशभक्ति किसान पंचायत में मौजूद रहे थे। 15 दिनों के अंदर जितनी भी समस्याएं आई है उनका समाधान होगा। विकसित भारत का 2047 का लक्ष्य पूरा करेंग रहेंगे। इसकी शुरूआत उचाना हलके से हुई है।

डॉ. गुरप्रीत सिंह बने कैथल टेपबाल संघ के प्रधान

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल। जिला टेपबाल संघ की बैठक कोयल कंपलेक्स में हुई। बैठक की अध्यक्षता राजकमल ढांडा पूर्व कार्यकारी सदस्य हरियाणा ओलंपिक संघ ने की। बैठक में हरियाणा टेपबाल संघ के सचिव संजय सैन उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रधान पद के लिए डॉ. गुरप्रीत सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान रामभूल कसौर, सहसचिव प्रवीन रविश और अभिषेक मेहता को कार्यकारी सदस्य चुना गया। प्रधान पद की शपथ लेते हुए डॉ. गुरप्रीत सिंह ने पहली राज्य स्तरीय चैंपियनशिप कैथल में करवाने की बात कही। बैठक में टेपबाल कोच सुदर्शन सिंह सीवन, इंद्र गोस्वामी, प्रदीप चौहान, बलकार सिंह, राजेश कुमार, अशोक कुमार, टिंकू भी उपस्थित रहे।

हरियाणा में गायब सरकार, अपराधियों का बोलबाला : रणदीप सुरजेवाला

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

नरवाना। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा की कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। रविवार को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे सुरजेवाला ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा क्षेत्र में आमजन के दुख-सुख में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा शासित 'गायब सरकार' है, जिसके चलते प्रदेश में चारों ओर अपराध से हाहाकार मचा हुआ है। सुरजेवाला ने कहा कि गांव-शहर, घर-बाहर, दुकान-सड़क हर जगह गुंडों की मनमर्जी और लूट-मार का आतंक है। भाजपा के फैलाए गए जंगलराज में हरियाणा आज 'इज़ ऑफ डूइंग क्राइम' का शिकार हो चुका है। उन्होंने कहा कि सोनीपत के राई विधानसभा क्षेत्र में इनेलो के युवा नेता भूपेंद्र सिंह उर्फ बीनू दहिया की हत्या प्रदेश में अपराध राज की भयावह तस्वीर पेश करती है। वहीं पानीपत और करनाल में हुई हालिया दिल दहलाने वाली घटनाएं भी इस बात का प्रमाण हैं।

करनाल के सेक्टर 16 इलाके में सर्राफा व्यापारी के साथ बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया गया, जबकि पानीपत में एक महिला की बेरहमी से हत्या कर उसका शव अर्धनग्न अवस्था में खेतों में फेंक दिया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि नए साल में भी हरियाणा रंगदारी, फिरौती और गोलीबारी की घटनाओं से दहल रहा है। पानीपत की देशराज कॉलोनी में नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर 10 लाख की फिरौती मांगी, वहीं हिसार के राजीव नगर में डेयरी संचालक के घर के बाहर बदमाशों ने गोलियां चलाईं। नूंह में लुटेरे सवा करोड़ रुपये से अधिक के सोने-चांदी का सामान लूटकर फरार हो गए। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ जघन्य और क्रूर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जो हरियाणा को शर्मसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भय और अराजकता का माहौल है, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सैनी कानून-व्यवस्था और जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी से गायब हैं और केवल बयानबाजी तक सीमित रह गए हैं । उन्होंने कहा कि हरियाणा में अब 'कानून का शासन' केवल कागजों में रह गया है। हत्या, रंगदारी, फिरौती, धमकी और गोलीबारी प्रदेश में 'न्यू नॉर्मल' बन चुके हैं। भाजपा सरकार के नकारेपन की कीमत हरियाणा की जनता को रोज चुकानी पड़ रही है। सुरजेवाला ने कहा कि अपराधियों का आतंक चरम पर है और जनता भयग्रस्त है, लेकिन सरकार आंख मूंदे बैठी है।

पंजाबी सेवा सदन ने जरूरतमंदों को बांटा राशन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल। पंजाबी सेवा सदन परिसर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राशन बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। परुथी ने बताया कि जनवरी माह की राशन सेवा संस्था के वरिष्ठ सदस्य सुभाष कथूरिया ने अपनी माता स्व. विद्या रानी कथूरिया की पुण्य स्मृति में दी। उन्होंने बताया कि संस्था जहां गरीबों को राशन देने का कार्य कर रही है वहीं देश हित में व प्रशासन के सहयोग के लिए अग्रणी भूमिका में रहती है। उन्होंने आगे बताया कि संस्था को किसी भी रूप में मिली आर्थिक सहायता को जनकल्याण व जरूरतमंद लोगों की सेवा व सहायता में खर्च कर दिया जाता है। परुथी ने सहयोग के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। राशन सेवा संयोजक चंद्र शेखर नरूला ने बताया कि जल्द ही संस्था राशन के लिए कुछ और जरूरतमंद परिवारों का चयन करेगी। सेवा सदन के महासचिव संदीप मलिक व मुख्य संरक्षक इंद्रजीत सरदाना ने नव वर्ष पर मंगल कामना करते हुए सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अशोक आर्य, भारत भूषण टक्कर, रमेश सचदेवा, योग राज बत्रा, कमल आहूजा, मोहिंद्र पपनेजा, सुभाष कथूरिया, सुरेश ऐलावादी, मोहिंद्र खन्ना, विनोद खंडूजा, धन सचदेवा, नरेंद्र निझावन, मोहिंद्र पपनेजा, विशम्बर इश्पुनानी, लखमी दास खुराना, सतीश चावला, यश तनेजा, तुलसी मदान, राकेश मल्होत्रा, जगदीश कटारिया, गुलशन चुघ सहित दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

नववर्ष पर थाना गढ़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

7.28 ग्राम हेरोइन सहित दो नशा तस्कर काबू

अर्थ प्रकाश/ हितेश गर्ग

नरवाना। पुलिस अधीक्षक जींद के दिशा-निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गढ़ी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 7.28 ग्राम हेरोइन चिट्टा सहित दो आरोपियों को काबू किया है। थाना गढ़ी के प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना गढ़ी की एक टीम उप-निरीक्षक ईकबाल सिंह के नेतृत्व में गांव गढ़ी बस अड्डा के पास अपराध रोकथाम ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सोनू तथा राहुल, निवासी चीका कैथल, मोटरसाइकिल पर हेरोइन चिट्टा बेचने की फिराक में पिपलथा से गढ़ी की ओर आ रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तुरंत गढ़ी पिपलथा रोड पर नहर पुल के पास नाकाबंदी कर दी। कुछ समय बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस पार्टी को देखकर दोनों युवक पीछे मुड़ने का प्रयास करने लगे, लेकिन सतर्कता से उन्हें रोककर काबू कर लिया गया।

नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी राहुल की जैकेट की जेब से एक काली पॉलिथीन में 7.28 ग्राम हेरोइन चिट्टा बरामद हुई। वहीं आरोपी सोनू तथा मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। बरामद हेरोइन को नियमानुसार तौलकर सील कर पुलिस कब्जे में लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना गढ़ी में मामला दर्ज कर लिया है तथा आगे की कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है।

किसानों के खेतों से बिजली उपकरण चोरी किसानों ने खटखटाया पुलिस का दरवाजा

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

कलायत। कलायत में शनिवार रात्रि चोरों ने सजूमा रोड पर खेतों में चार किसानों के ट्यूबवेल बोर से कीमती बिजली के तार काटकर चोरी कर लिए। घटनाओं से किसानों को बड़ी आर्थिक चोट पहुंची है। चोरी की जानकारी किसानों को रविवार सुबह खेतों में पहुंचने पर मिली। इसके बाद किसानों की बैठक हुई और ठोस कार्यवाही के लिए पुलिस का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया गया। कलायत पुलिस स्टेशन पहुंचे गोपाल सिंह नंबरदार, शमशेर, संत और मुकेश कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच खेतों से घर लौटे थे। सुबह वापस आने पर चारों ट्यूबवेलों की केबल कटी मिली। किसानों का आरोप है कि कलायत नगर और आसपास के इलाकों में अब तक बड़ी संख्या में ट्यूबवेलों से महंगी केबल चोरी हो चुकी है। बार-बार सामने आ रही चोरी की घटनाएं यह दर्शा रही हैं कि चोरों के हौसले बुलंद हैं। किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर नुकसान की भरपाई की मांग की है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है। थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने बताया कि किसानों की शिकायत अनुसार खेतों में जाकर साक्ष्य जुटाए हैं। उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी। जल्द ही चोर गिरोह पुलिस की गिरफ्त में होगा। फिलहाल पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

कलायत के गांव मटौर में प्राचीन श्री तीर्थ परिसर में रक्तदान शिविर, 105 युवाओं ने किया रक्त दान

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

कलायत। कलायत के गांव मटौर स्थित प्राचीन श्री तीर्थ धाम परिसर में ब्रह्मलीन महंत कोलदास महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में वार्षिक विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। इसकी शुरूआत महंत सुमेर दास द्वारा की गई। छठे शिविर में लगभग 105 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। महंत सुमेरदास ने बताया कि श्री तीर्थ की देश-दुनियां में बड़ी पहचान है। यह तीर्थ अपने अंदर भारत का गौरवशाली इतिहास व सांस्कृतिक धरोहर को समेटे है। इस ऐतिहासिक स्थल के जरिये सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ समाज सेवा की लौ समाज के कोनेकोने में जगाई जा रही है। इस दिशा में समाज के सभी वर्ग अपना कुशल योगदान दे रहे है।

शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए तीर्थ परिसर में आधुनिक पुस्तकालय स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से ग्रामीण विद्यार्थियों को शहरी तर्ज पर लाइब्रेरी की सुविधा निशुल्क रूप से मिल रही है। महंत सुमेर दास रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान की एक-एक बूंद आपात स्थित में मानव उपयोग में आती है। इसलिए जीते जी रक्तदान व मरते वक्त नेत्रदान करने की सोच को बढ़ावा देना जरूरी है।

पुंडरी डिपो होल्डर यूनियन का गठन, रमेश मैहला बने प्रधान, सुरेंद्र पिलनी को संचालक की जिम्मेदारी

कहा- राशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुचारू और जनहितैषी बनाने के लिए प्रयास करेगी यूनियन

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

पुंडरी। डिपो होल्डरों की समस्याओं एवं सरकारी राशन वितरण व्यवस्था से जुड़े सुझावों को संगठित रूप से सरकार तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को पुंडरी में डिपो होल्डर यूनियन का गठन किया गया। इस अवसर पर पुंडरी क्षेत्र के सभी डिपो होल्डर एकजुट होकर बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रीतम साँच, डिपो होल्डर ने की। सर्वसम्मति से रमेश मैहला को यूनियन का प्रधान चुना गया। इसके साथ ही यूनियन के अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया, जिसमें सुरेंद्र पिलनी को संचालक, किताब सिंह को सचिव, अरविंद को सलाहकार सदस्य, सुरजीत को कैशियर तथा इंद्र सिंह को सह-सचिव नियुक्त किया गया।

डिपो होल्डरों ने सांझा बयान जारी करते हुए कहा कि पुंडरी क्षेत्र में डिपो होल्डरों तथा सरकारी राशन प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं और व्यावहारिक सुझावों को सरकार के समक्ष एकजुट होकर रखने के लिए यूनियन का गठन किया गया है, ताकि डिपो होल्डरों की आवाज मजबूती से सरकार तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि यूनियन भविष्य में राशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुचारू और जनहितैषी बनाने के लिए लगातार प्रयास करेगी। इस अवसर पर पिंकी रानी, सोहनलाल, गुरनाम, राजेश, धर्मवीर, रमेश खेड़ी, राममेहर, रघुवीर, जिलेसिंह, पवन, रामफल, श्यामलाल सहित अनेक डिपो होल्डर उपस्थित रहे।

चुनावी सूचना

दि जॉइंट रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसाइटीज यू.टी. चंडीगढ़ ने दि जीवन आधार को-ऑपरेटिव एच/बी 1st सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 48ए, चंडीगढ़ के चुनावी कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है, जो इस तरह है:-

नोटिस की तारीख: 05.01.2026
नॉमिनेशन की तारीख: 28.01.2026
(सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक)
पोलिंग की तारीख: 29.01.2026
(सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक)
स्थान: सोसाइटी का ऑफिस, सेक्टर 48ए, चंडीगढ़

विस्तृत जानकारी के लिए चुनाव कार्यक्रम सोसाइटी के नोटिस बोर्ड पर चिपका दिया गया है / खुद जाकर / पोस्ट से सोसाइटी के सभी मेंबर्स तक पहुंचा दिया गया है। सभी मेंबर्स से अनुरोध है कि वे ऊपर दिए गए चुनाव में हिस्सा लें।

चुनाव मैनेजर

AP-7012

सार्वजनिक सूचना

वरदे देवी एजुकेशन सोसाइटी (रजि.) ब्राह्मणवास, जुलाना, जींद (रजि. मिसरान मोहल्ला, सापला, रोहतक) के सभी सदस्यों को सूचना द्वारा अवगत करवाया जाता है कि समिति कि प्रबंधन मंडल का चुनाव दिनांक 27/02/2026 को वरदे देवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण (ब्राह्मणवास, जुलाना) में प्रातः (9.00 से दोपहर 2.00 बजे) तक होना निश्चित हुआ है। यदि कोई सदस्य चुनाव लड़ना चाहता है वह अपना परचा दिनांक 30/01/2026 को 10.00 बजे से लेकर सायं 3.00 बजे तक भर सकता है। चुनाव संबंधी जानकारी के लिए कालेज या मो. 9588718255, 9306149063 पर संपर्क करें।

प्रिंसिपल
वरदे देवी (कॉलेज ऑफ एजुकेशन ब्राह्मणवास, जुलाना, (जींद) हरियाणा

AP-7015

सार्वजनिक सूचना

मैं, ताजिंदर सरकार पुत्र जगदीश लाल सरकार निवासी मकान नंबर 829, सेक्टर 91, एलाइजा नगर, मोहाली (पंजाब)। मुझसे मेरी कंपनी ऑप्टिमा 605, ट्रूवेली फॉक, सेक्टर 70, मोहाली, पंजाब का मूल अनुबंध पत्र दिनांक 13-05-2022, किसी अनुबंध दिनांक 13-05-2022, मुकदमा संख्या (1) 3454 दिनांक 19-04-2226 रुपये 600000 (2) JW-4641 दिनांक 15-04-2023 रुपये 1450000 (3) JW-4747 दिनांक 09-05-2023 रुपये 912000 (4) JW-4738 दिनांक 09-05-2023 रुपये 31250 (5) JW-4750 दिनांक 12-05-2023 रुपये 9784 और कारण प्रकाश पत्र दिनांक 21-05-2025 को जारी हैं। यदि किसी को मिलें तो कृपया उपरोक्त पते पर लौटा दें।

AP-7014

सार्वजनिक सूचना

मैं, विभा रानी पत्नी सुरेश कुमार वासी गांव व डाक बादलगढ़ जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर विभा मेहता रखा है।

मैं, शकुंतला पत्नी विनोद कुमार, निवासी VPO इमलोटा, तहसील और जिला चरखी दादरी (हरियाणा)- 127306, ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम रिया वर्मा से बदलकर रीना कर लिया है।
एपी-FMG

मैं, तलविंदर सिंह भारी पुत्र जोगिंदर सिंह निवासी बुढलाड़ा (मानसा) पंजाब ने अपना नाम तलविंदर सिंह भारी से बदलकर तलविंदर सिंह रख लिया है।
एपी-7011

मैं, रमेश कुमार पुत्र इंदर पाल वासी गांव बोहला खालसा, जिला करनाल, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर रमेश से रमेश कुमार रखा है।

मैं, सुनीता देवी पत्नी रमेश कुमार वासी गांव बोहला खालसा, जिला करनाल, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर सुनीता से सुनीता देवी रखा है।

मैं, Kanav अग्रवाल पुत्र रविंदर पाल गुप्ता वासी मकान नं.376, सैक्टर-17, पंचकूला ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर सान्वी से सान्वी अग्रवाल रखा है।

मैं, रंजना बवेजा पत्नी लाजपत बवेजा वासी मकान नं 528, सदर बाजार, रूप कॉलोनी, करनाल ने अपना नाम बदलकर रंजना से रंजना बवेजा रखा है।

मैं, लाजपत राय पुत्र प्रभ दयाल वासी मकान नं. 528, सदर बाजार, रूप कॉलोनी, करनाल ने अपना नाम बदलकर लाजपत से लाजपत राय रखा है।

मैं, विभा पत्नी सुरेश कुमार वासी गांव व डाक बादलगढ़ जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर विभा मेहता रखा है।

मैं, विभा रानी पत्नी सुरेश कुमार वासी गांव व डाक बादलगढ़ जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर विभा मेहता रखा है।

मैं, Davender सिंह पुत्र चंद सिंह वासी गांव व डाक Khunan जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Davinder सिंह रखा है।

मैं, प्रवेश आर्य पत्नी योगिन्दर सिंह वासी मकान नं. 543, सैक्टर-13, एक्सटेंशन, अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपना नाम बदलकर प्रवेश आर्य से पप्रवेश रखा है।

मैं, मीनू राठी पत्नी देवेन्द्र सिंह राठी वासी #25, देवी नवादा डाक Dandia Nagla जिला बरैली उत्तर प्रदेश ने अपना नाम बदलकर मीनू राठी से मीनू चौधरी रखा है।

मैं, कवन निहाल सिंह चावला पुत्र बलजिंदर सिंह चावला वासी मकान नं 724, मॉडल टाउन, करनाल ने अपना नाम बदलकर कवन निहाल सिंह से कवन निहाल सिंह चावला रखा है।
एपी-7013

I SAROJ BALA W/o VIKAS resident of 711, VILLAGE MEHUWALA TEHSIL AND DISTRICT FATEHABAD STATE HARYANA 125053 have changed my name From SAROJ BALA to SAROJ DEVI

I SANDEEP KUMAR Son of GULAB SINGH resident of VILLAGE DHANI DULLAT, TEHSIL AND DISTRICT FATEHABAD STATE HARYANA 125111 have changed my minor daughter name From CHETNA to CHETNA SAROWA
एपी-7017

मैं, रुपिन्द्र कौर पत्नी बलराज सिंह मकान नं. 1176, फेज-10, एसएएस नगर मोहाली, पंजाब ने अपना नाम रुपिन्द्र कौर से बदलकर रुपिन्द्र कौर संधू रख लिया है।

मैं, बलराज सिंह पुत्र सुचा सिंह मकान नं. 1176, फेज-10, एसएएस नगर मोहाली, पंजाब ने अपना नाम बलराज सिंह से बदलकर बलराज सिंह संधू रख लिया है।
एपी-7018

बेदखली सूचना

मैं, हरी किशन, सुपुत्र श्री राधा किशन, निवासी मकान नं. 2046, आजाद कालोनी, कालका, तहसील कालका, जिला पंचकुला, हरियाणा घोषित करता हूँ कि मेरी पुत्री मीनाक्षी ने मेरी तथा मेरे परिवार की इच्छा के विरुद्ध विवाह कर लिया है। उसके इस कृत्य, जो हमारी पारिवारिक सहमति एवं सामाजिक मर्यादाओं के विरुद्ध है, के कारण मैं उसे अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं तथा मेरे एवं मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का उसके साथ अब कोई भी संबंध या उत्तरदायित्व नहीं रहेगा। जो भी व्यक्ति उससे किसी भी प्रकार का व्यवहार या लेनदेन करेगा, वह अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर करेगा। उसके किसी भी कार्य, ऋण, व्यवहार अथवा दायित्व के लिए मैं अथवा मेरा परिवार किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।
एपी-7016

आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

210 युवाओं को विदेश में नौकरी के ऑफर लेटर दिए

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल बोले- कोई न कोई हुनर, विदेशी भाषा भी सीखें युवा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 04 जनवरी। केन्द्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने युवाओं से कहा है कि वे पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास पर भी ध्यान दें। हुनर के साथ-साथ दूसरी भाषाओं को सीखें और देश की जड़ों से जुड़े रहें। आत्मनिर्भर बनकर खुद के साथ-साथ परिवार व देश की चिंता करें। नई शिक्षा नीति में रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रावधान किया गया है। आत्मनिर्भर बनकर खुद के साथ-साथ परिवार व देश की चिंता करें।

केंद्रीय मंत्री आज यहां कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में प्रदेश के विदेश सहयोग विभाग और हरियाणा कौशल रोजगार निगम लि. की ओर से आयोजित पंचजन्य 2026 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 210 युवाओं को विदेश (दुबई) जाने के लिए ऑफर लेटर दिए गए। श्री मनोहर लाल ने कहा कि युवाओं पर बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें खुद के कैरियर, परिवार के पालन-पोषण के साथ-साथ समाज और देश की भी चिंता करनी है। युवाओं से बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विदेश सहयोग की स्थापना का विचार 2018 में तत्कालीन विदेशी मामलों की मंत्री सुषमा स्वराज से मिला। उन्होंने कहा कि आज कुछ देशों में युवाओं की संख्या घट रही है जबकि भारत में बढ़ रही है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-बढ़ती युवा आबादी हमारी संपदा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पहले चरण में 225 युवाओं का इजराइल के लिए चयन हुआ। इनमें से 180 वहां गए। अभी वहां से 10 हजार लोगों की मांग और आई है। दूसरे चरण में अब 210 युवाओं का चयन हुआ है। युवाओं के सामने सपना 60 से 80 हजार रुपये के वेतन का नहीं है बल्कि सपना विदेश जाने का होता है। सरकार की ओर से पासपोर्ट, वीजा के साथ-साथ इन युवाओं के लिए विदेश में सुरक्षा की गारंटी भी सुनिश्चित की जाती है, जबकि डंकी रूट से जाने वालों को किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं मिलती। युवा विदेशी नियमों का भी पालन करें केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विदेश जाने वाले युवाओं को वहां के नियम-कानून की पालना करनी होगी। युवाओं में देश के प्रति अपनत्व की भावना होनी चाहिए। आज भी विदेश जाने वाले 90 प्रतिशत ऐसे लोग हैं जो अपनी जड़ों से जुड़े हैं। वे साल में एक-दो महीने के लिए जरूर अपने गांव अथवा कस्बे में आते हैं। उन्होंने कहा कि यहां के युवा केवल मिस्त्री, केयर टेकर, इलेक्ट्रिशियन बनकर ही नहीं गए हैं बल्कि इंजीनियर, वैज्ञानिक, डॉक्टर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में भी काम कर रहे हैं। 2014 के बाद से भारत तेज गति से भारत आगे बढ़ रहा है।

पढ़ाई के साथ-साथ युवा स्किलिंग पर ध्यान दें

स्किलिंग पर जोर मनोहर लाल ने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ-साथ युवा स्किलिंग पर ध्यान दें। इसके बिना डिग्री केवल डेकोरेशन के रूप में रह जाएगी। हरियाणा के खिलाड़ी में कौशल है। खेलों में जितना नाम हरियाणा ने कमाया है उतना अन्य किसी राज्य ने नहीं। देश में हरियाणा की आबादी दो प्रतिशत होते हुए रक्षा बलों में जवानों की संख्या दस प्रतिशत है। प्रदेश में खेती की जमीन जरूर घट रही है। उन्होंने कहा कि जिन देशों में जमीन अधिक है वहां जाकर किसानों को जमीन मोल अथवा ठेके पर लेकर खेती करनी चाहिए। तंजानिया खेती के लिए एक लाख एकड़ जमीन देने को तैयार है। वहां के किसान खेती कला में पारंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के समय से ही युवाओं को कला बढ़ानी चाहिए। अंत में उन्होंने युवाओं से आह्वान किया-चलो जलाएं दीप वहां, जहां अभी अंधेरा है। इससे पहले खेल, युवा एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि वैश्विक स्तर पर रोजगार के नए आयाम खुले हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने पहल की है। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं के हितों के अनुरूप व्यवस्था परिवर्तन कर नौकरियों में बिना पर्ची, बिना खर्ची व्यवस्था लागू की।

ऑनलाइन गेम से दूर रहकर खेल को अपनाये युवा : बराला

ढुइयां में ऑल इंडिया महिला जूनियर खो-खो प्रतियोगिता आयोजित

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

फतेहाबाद/भट्ठू, 4 जनवरी। चौधरी पृथ्वी सिंह वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में गांव ढुइयां में तीसरी ऑल इंडिया महिला जूनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे मंच ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को पहचान दिलाकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनते हैं। खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं, साथ ही स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

बराला ने कहा कि युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग की लत से दूर रहकर मैदानी खेलों से जुड़ना चाहिए। मैदानी खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास करते हैं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रखते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से ही स्वस्थ युवा, सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा फतेहाबाद जिले में खेल अवसंरचना को आधुनिक स्वरूप देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव में जिले के अनेक ग्रामीण खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे खेलों के प्रति युवाओं का रुझान और अधिक बढ़ा है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि जिले में व्यायामशालाओं, योगशालाओं तथा सिंथेटिक ट्रफ़ युक्त खेल मैदानों का विस्तार किया जा रहा है, जिससे खेल संस्कृति को मजबूती मिल रही है।

किसान आईडी, परिवार आईडी और प्रॉपर्टी आईडी के जाल से जनता को उलझा रही है भाजपा सरकार : गुर्जर

ढांड (कृष्ण प्रजापति)। कांग्रेस के कैथल जिला अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा की राजनीति की नींव झूठ, भ्रम और जनता को कागजी प्रक्रियाओं में उलझाने पर टिकी हुई है। कभी फैमिली आईडी, कभी किसान आईडी और कभी प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर जनता को गुमराह कर भाजपा ने वोट और सत्ता हथियाने का काम किया है। रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि चुनाव के समय बड़े-बड़े दावे और वादे किए जाते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर कटवाए जाते हैं।

विभागों में संसाधनों की कमी और निगरानी तंत्र की कमजोरी के कारण खाद्य पदार्थों में मिलावट जोरों पर

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

टोहाना। शहर में खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बनी हुई है। बाजार में नकली वह मलावटी खाद्य वस्तुओं का कारोबार फल फूल रहा है। जिससे सीधे तौर पर ही आमजन के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है अभी कुछ दिन पहले ही देश में बिकने वाले सबसे लोकप्रिय ब्रांड के घी का मामला भी सामने आया था मिलावट करने वाले लोगों में कानून का कोई डर और भय नहीं है। मिलावटखोरो के हौसले बुलंद हैं मिलावट की समस्या केवल घी तक ही सीमित नहीं है।

शहर का बाजार नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों से भरा पड़ा है दैनिक उपयोग में आने वाली सभी वस्तुओं में भी ज्यादा मिलावट होने के कारण लोग कई तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं सर्दी में खाई जाने वाली गुड़ की गजक, भुने हुए चने, तिलों की गजक सब में रासायनिक व खतरनाक रंगो तक का उपयोग किया जा रहा है ओरामाइन नामक रसाइन खाद्य पदार्थों में मिलाया जा रहा है जिससे कैंसर जैसे रोग बढ़ रहे हैं और इस तरह के खतरनाक रासायनिक रंगों के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध है शहर में नकली मावा, नकली दूध और मिलावटी मसाले का व्यापार धड़ले से चल रहा है जिसके ज्यादा सेवन से लोग बीमार हो रहे हैं और लोग अस्पतालों के चक्कर लगा रहे हैं सरकार देश में समय-समय पर खाद्य पदार्थों के मिलावट रोकने के लिए अभियान चलाती हुई देखी जाती है पर उपभोक्ताओं को मिलावटी खाद्य पदार्थों को खिलाने से कैसे रोक सकती है।

जब तक उनके पास भ्रष्टाचार निगरानी तंत्र संसाधनों की कमी जैसी कमजोरी प्राप्त है खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए कड़े कानून बनाना जरूरी है खाद्य सुरक्षा से जुड़े विभागों को अपनी जांच व निरीक्षण प्रणाली को और मजबूत करना होगा।

पलवल में पत्रकारों का हुआ सम्मान, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया 11 लाख रुपये की घोषणा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

पलवल। रविवार को पलवल स्थित जाट धर्मशाला में आयोजित हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के नववर्ष मिलन समारोह में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पत्रकारों को लोकतंत्र का सच्चा प्रहरी बताते हुए उनके योगदान की सराहना की।

उन्होंने पत्रकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि पत्रकार अपनी कलम से सरकार को आईना दिखाते हैं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस दौरान मंत्री ने पत्रकारों के कल्याण के लिए सांसद निधि से 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पत्रकारों के प्रति अपनी सराहना व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं। उनका काम न केवल जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाना है, बल्कि सत्तारूढ़ दल की नीतियों और कार्यों की समीक्षा करना भी है। उन्होंने पत्रकारों से अनुरोध किया कि वे निष्पक्षता, सत्यता और पारदर्शिता के सिद्धांतों को बनाए रखते हुए लोकतंत्र की रक्षा करें। मंत्री ने यह भी कहा कि पत्रकारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए, खासकर उन योजनाओं का जो पत्रकारों के हित में हैं। समारोह में पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने पत्रकारों को समाज का सच्चा आइना बताया और उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना की। उन्होंने अपने निजी कोष से हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट को एक लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। पूर्व विधायक दीपक मंगला ने भी पत्रकारों के योगदान को सराहा और कहा कि पलवल के पत्रकारों की पहचान सच्चाई और निष्पक्षता के लिए होती है। पलवल के उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज बनकर प्रशासन को महत्वपूर्ण सूचना प्रदान करते हैं, जिससे प्रशासन अपनी जिम्मेदारी बेहतर तरीके से निभा सकता है। उनके सहयोग से ही प्रशासन जन समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होता है। इस विशेष अवसर पर पलवल, नूंह, फरीदाबाद और रोहतक के पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया, पलवल यूनियन के प्रधान भगत सिंह तेवतिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शौकत अली खान, और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार दयाराम वशिष्ठ, मोहन सिंह, नूंह यूनियन के जिला अध्यक्ष आस मोहम्मद, ताहिर हुसैन, दिनेश सहरावत, सुंदर कुंडू, ज्योति खंडेलवाल, राकेश देव, राजेन्द्र, किशोर शर्मा, हरिओम भारद्वाज, डोरी लाल, रतन सिंह, महावीर, प्रवीण सैनी सहित कई प्रमुख पत्रकारिता से जुड़ी हस्तियाँ मौजूद थीं।

भक्ति में लीन मनुष्य का सांसारिक जीवन आसान व शांत हो सकता है : महंत जगन्नाथ

अर्थ प्रकाश/अमित

कुरुक्षेत्र, 4 जनवरी। अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी आजकल महाराष्ट्र प्रवास पर हैं तो वहां अपने श्रद्धालुओं व सेवकों के साथ निरंतर सत्संग तथा धर्म प्रचार कर रहे हैं। रविवार को महंत जगन्नाथ पुरी ने सत्संग के कार्यक्रम में कहा कि भक्ति में लीन मनुष्य का सांसारिक जीवन अनेक प्रकार से आसान और शांत हो सकता है। उन्होंने कहा कि भक्ति से मनुष्य को मानसिक शांति मिलती है।

ईश्वर पर विश्वास करने से दैनिक जीवन की चिंताओं और तनावों को कम करने में मदद मिलती है, जिससे जीवन हल्का महसूस होता है। महंत जगन्नाथ पुरी ने कहा कि भक्ति मनुष्य में सकारात्मकता और आशावाद को बढ़ावा देती है। जीवन की चुनौतियों को ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार करने की शक्ति मिलती है, जिससे समस्याओं से निपटना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि भक्ति मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति ईमानदारी, दया, करुणा और संतोष जैसे गुणों को अपनाता है, जिससे समाज में उसके संबंध बेहतर होते हैं और जीवन में अनावश्यक संघर्ष कम हो जाते हैं। भक्ति मनुष्य को जीवन का एक उद्देश्य प्रदान करती है। यह भावना कि वह किसी बड़ी शक्ति से जुड़ा हुआ है, जीवन को अर्थपूर्ण बनाती है और खालीपन की भावना को दूर करती है। महंत जगन्नाथ पुरी ने कहा कि भक्ति सिखाती है कि हम हर चीज़ को नियंत्रित नहीं कर सकते।

ईश्वर के प्रति समर्पण की भावना हमें उन चीजों को स्वीकार करना सिखाती है जिन्हें हम बदल नहीं सकते, जिससे हताशा और निराशा कम होती है। सत्संग में स्वामी संतोषानंद, स्वामी विवेक, आकाश गिरी, राहुल बोराडे, शेखर भगवान गिरी, विजय गिरी, सतीश गिरी, डा. अरुण, राजेश्वर इत्यादि भी मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं बल्कि जीवन रक्षा का माध्यम : रमेश चंद्र

कैथल (कृष्ण प्रजापति)। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर परिवहन विभाग हरियाणा सरकार एवं अशोक लीलैंड द्वारा संयुक्त रूप से संचालित ड्राइवर प्रशिक्षण संस्थान गढ़ी पाड़ला के डायरेक्टर समीर सैनी के दिशा निर्देशन में मुख्य वक्ता के रूप में पुनीत कुमार धीमान ट्रेनिंग मैनेजर ने शिरकत की। कार्यक्रम में मोहन लाल, सरपंच प्रतिनिधि दीवाल, थाना सदर कैथल इंचार्ज रमेश चंद्र, ईश्वर सिंह सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक पुलिस ने भी विशेष तौर पर शिरकत की।

उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

दिलबाग राणा प्रतिनिधि जिप 12 ने 8 लाख की ग्रांट से भंडारे के भवन का शुभारंभ किया

अर्थ प्रकाश/किशन कुमार

निसिंग। प्योंत गांव में शिव मंदिर के पास आठ लाख की लागत से बनने वाले लंगर हाल की आधारशिला रखने जिप प्रतिनिधि दिलबाग राणा अगोंध पहुंचे। जिनका ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने ग्राम सरपंच रिसपाल सिंह व गांव के मोजिज लोगों के साथ महंत पूर्ण गिरी जी महाराज के हाथो नारियल तुड़वाकर लंगर हाल की आधारशिला रखी।

राणा ने कहा कि लंगर हाल का निर्माण निर्बाध चलने से कुछ ही दिनों में तैयार हो जाएगा। इससे लोगो को अपने सामाजिक व धार्मिक आयोजन करने में मदद मिलेगी। इसके बाद भी यदि कार्य शेष रहता है तो पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के वार्ड नंबर 12 के अधीन आने वाले गांवो में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उनकी ओर से सामूहिक कार्यो को प्राथमिकता दी जा रही है। जगमग योजना के तहत गांव में स्ट्रीट लाइट भी भी लगवाई गई है। शमशान घाट की चाहत तिवारी और सुंदर बनाने के लिए भी कार्य किए गए। सरपंच रिसपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को अब पता चला कि जिला परिषद भी गांव में विकास कार्य करवाती है। उन्होंने लंगर हाल निर्माण के लिए जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा व दिलबाग राणा का धन्यवाद किया। मौके पर जगदीश चंद्र,मंदिर प्रधान मांगा राम, नरेश कुमार, शीशपाल वाल्मीकि, ईश्वर चंद, पालाराम, रमेश, राजसिंह, ध्यान चंद अगोंध व जीतराम सहित अन्य मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

नशीले पदार्थों के मामले में सहआरोपी गिरफ्तार

टोहाना (संजीव सिंगला)। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि पुलिस टीम ने बाबा बुटा बस्ती, टोहाना में संदिग्ध झोपड़ी में छापेमारी की। तलाशी के दौरान काले रंग के पोलोथीन में 301 ग्राम गांजा और कट्टा प्लास्टिक में 14 बोतल शराब (ठेका देशी, माल्टा ब्रांड) बरामद हुई। इस कार्यवाही में आरोपी महक पुत्र सतपाल सिंह के खिलाफ मामला 191/2025 दर्ज धारा 20/61/85 एनडीपीएस एवं 61-4-2020 श्वङ्क्ष ह्लञ्ज के तहत दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया गया था । अब इसी मामले मुख्य आरोपी भीम बोट उर्फ तोता पुत्र मीनू निवासी बाबा बुटा बस्ती टोहाना को भी गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

राष्ट्रीय स्तर पर चमका सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल का सितारा

कुरुक्षेत्र (राजकुमार वालिया/अरविंद मोहन शर्मा)। सैंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल, कुरुक्षेत्र के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय के कक्षा 9वी कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र पार्थ ने 68वीं राष्ट्रीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से बेहतरीन निशानेबाजों ने भाग लिया। कठोर परिश्रम, अनुशासन और अटूट आत्मविश्वास के बल पर पार्थ ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सफलता हासिल करते हुए विजय प्राप्त की। उनके इस उल्लेखनीय प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है। पार्थ की इस बड़ी उपलब्धि के साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ट्रायल्स के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है, जो उनके खेल करियर की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। यह सफलता उनकी प्रतिभा के साथ-साथ उनके परिवार और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। स्कूल की प्रबंध निदेशिका अंजलि मारवाह एवं समस्त स्टाफ ने पार्थ को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार को पूर्ण विश्वास है कि पार्थ आने वाले समय में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और विद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। अंजलि ने पार्थ को भविष्य की सभी प्रतियोगिताओं और अंतरराष्ट्रीय ट्रायल्स के लिए ढेरों शुभकामनाएँ दी।

जाट सेवा संघ ट्रस्ट एवं जनरल बॉडी की बैठक

रोहतक (सुकरमपाल) चौधरी छोटू राम धाम, जसिया में जाट सेवा संघ ट्रस्ट एवं जनरल बॉडी की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ट्रस्टियों सहित दिल्ली व हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 250 गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से जाट सेवा संघ के संविधान संशोधन से संबंधित विषयों पर गहन चर्चा हुई। उपस्थित प्रतिनिधियों ने मौजूदा ट्रस्ट की कार्यप्रणाली में अनियमितताओं एवं खामियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। हुड्डा खाप के जनरल सेक्रेटरी कृष्ण लाल हुड्डा ने बताया कि यशपाल मलिक को 14 दिसंबर एवं 21 दिसंबर 2025 को दो बार हुड्डा खाप द्वारा लिखित रूप में पांच आदमी समझौते के लिए देने हेतु लिखा। लेकिन उन्होंने दोनों बार कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अतः समय सीमा खत्म होने के पश्चात हुड्डा ने बताया कि अब सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि देश की सर्व खापों की एक संयुक्त बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी, जिसमें ट्रस्ट डीड में आवश्यक संशोधन कर इसको समाज हित और पारदर्शी बनाया जाएगा।

एनएसएस शिविर में स्वयं सेविकाओं को व्यायाम तथा योगाभ्यास कराया

अर्थ प्रकाश/अमित

कुरुक्षेत्र, 4 जनवरी। एनएसएस शिविर में स्वयंसेवी छात्राएं उत्साह के साथ भाग ले रही हैं। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चलते प्रतिदिन की भांति एनएसएस के लक्ष्य गीत एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन किया गया। इसके उपरांत स्वयं सेविकाओं को व्यायाम तथा योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के पश्चात् गायत्री मंत्र के साथ ध्यान (मेडिटेशन) किया गया। इस अवसर पर कविता गर्ग ने आचार एवं व्यवहार विषय पर स्वयं सेविकाओं को संबोधित किया। उन्होंने अच्छे आचरण, नैतिक मूल्यों, आपसी सहयोग एवं समावेशी दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा स्वयं सेविकाओं को समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस सत्र में स्वयं सेविकाओं के साथ परिचर्चा भी की गई। इसके पश्चात् हिंदी प्रवक्ता द्वारा स्वयं सेविकाओं को स्वदेशी रहन-सहन के लाभ तथा श्रम की गरिमा के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। दोपहर के समय अंतर समूह खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयं सेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्माइल ग्रुप की प्रीति ने दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मून ग्रुप की खुशी ने द्वितीय स्थान तथा मुस्कान ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की अन्य प्राध्यापिकाएँ कल्पना, सुषमा, डिम्पल, रेखा व वंदना भी मौजूद थी।

धर्म-कर्म कुरुक्षेत्र से आस्ट्रेलिया गए अप्रवासी भारतीयों ने किया संत सम्मान

आस्ट्रेलिया में आयोजित सत्संग से गूंजी भक्ति और सद्विचारों की धारा

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

कुरुक्षेत्र, 4 जनवरी। विदेश में भी कुरुक्षेत्र व हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से गए लोग भारतीय संस्कृति संस्कारों एवं धर्म के मार्ग को भूले नहीं हैं। इस प्रमाण आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित कार्यक्रम में देखने को मिला। श्री शिव विष्णु टेंपल मेलबर्न में एक दिव्य और प्रेरणादायक सत्संग का सफल आयोजन श्री नंगली दरबार के प्रवासी भारतीय भक्त जनों के द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस सत्संग का उद्देश्य लोगों को भक्ति के मार्ग से जोड़ना, जीवन में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रसार करना था। सत्संग के दौरान श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम हरियाणा प्रदेश भारत से आए हुए स्वामी ध्यान प्रेमानंद जी महाराज ने सरल शब्दों में भक्ति व धर्म का महत्व समझाया और बताया कि किस प्रकार सच्ची भक्ति मनुष्य के जीवन में शांति, संतुलन और सदाचार लाती है। सत्संग में मौजूद लोगों को अच्छे विचारों, मानव मूल्यों और आत्मिक उन्नति से जुड़े संदेश दिए गए, जिन्हें सभी ने बड़े ध्यान और श्रद्धा के साथ सुना। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में सत्संग और भक्ति मन को स्थिर करने का एक सशक्त माध्यम है। सत्संग के माध्यम से लोगों को अहंकार, क्रोध और नकारात्मकता से दूर रहकर प्रेम, करुणा और सेवा भाव अपनाने की प्रेरणा मिलती है। श्रद्धालुओं ने बताया कि इस सत्संग से उन्हें मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा की अनुभूति हुई। कई लोगों ने कहा कि विदेश धरती पर भी ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है और नई पीढ़ी को सही दिशा मिलती है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना और शांति पाठ के साथ हुआ। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे सत्संग आयोजित करने की इच्छा जताई ताकि अधिक से अधिक लोग भक्ति और सद्विचारों से जुड़ सकें।

हरियाणा के भगवान कार्तिकेय मंदिर में महिलाएं नहीं करती हैं भगवान के दर्शन

हरियाणा के पिहोवा में एक ऐसा मंदिर है, जहां पर महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी लगी है। हालांकि महिलाएं खुद इस मंदिर में नहीं जाना चाहती हैं। इस मंदिर में महिलाओं के न जाने की वजह मंदिर के श्राप को माना जाता है। इस श्राप का डर महिलाओं के जहन में इस कदर है कि यहां पर वह खुद से नहीं जाना चाहती हैं। माना जाता है कि जो भी महिला इस मंदिर में दर्शन कर लेती है, वह सात जन्मों तक विधवा रहती हैं। लेकिन यह कितना सच है या कितना झूठ यह तो कोई नहीं बता सकता है। लेकिन इस मंदिर के बाहर हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी भाषा में बोर्ड लगा हुआ है। जहां पर महिलाओं के लिए साफ-साफ चेतावनी लिखी है।

भगवान कार्तिकेय के भारत में अनेकों मंदिर हैं। खासकर दक्षिण भारत में स्वामी कार्तिकेय के अनेकों मंदिर हैं। जहां पर स्वामी कार्तिकेय की पूजा की जाती है। हालांकि वहां पर महिलाओं का जाना वर्जित है। एक ऐसा ही मंदिर पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर स्वामी कार्तिकेय के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई है। मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के बंद होने का कारण भगवान कार्तिकेय द्वारा स्त्री को श्राप देना है।

जब भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती ने भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय से पृथ्वी का चक्कर लगाने को कहा। तो कार्तिकेय जी मोर पर बैठकर पृथ्वी का चक्कर लगाने निकल गए। लेकिन भगवान गणेश मां पार्वती और शिवजी के चक्कर लगाने लगे। तीन चक्कर लगाने के बाद गणेश ने कहा कि उन्होंने संपूर्ण जगत की परिक्रमा कर ली है। जिसके बाद भगवान शिव ने गणेश का राजतिलक कर दिया। साथ ही गणेश जी को शुभ-अशुभ कार्यों में पूजा का अधिकार दे दिया।

इस घटना के बारे में देवर्षि नारद ने भगवान कार्तिकेय को बताया। वहीं कार्तिकेय ने मां पार्वती से कहा का कि माता आपने मेरे साथ छल किया है। बड़ा होने के कारण राजतिलक का अधिकार मेरा था। इस घटना से क्रोधित होकर अपनी खाल और मांस उतारकर माता के चरणों में रख दिए। उन्होंने गुस्से में पूरी नारी जाति को श्राप देते हुए कहा कि जो भी स्त्री उनके इस रूप के दर्शन करेगी, वह सात जन्म तक विधवा रहेगी। हालांकि देवताओं ने कार्तिकेय को शारीरिक शांति के लिए तेल और सिंदूर का अभिषेक किया।

वहीं गुस्सा शांत होने के बाद अन्य देवताओं ने भगवान कार्तिकेय को देव सेना का सेनापति बना दिया। इसी मान्यता को देखते हुए सिर्फ पुरुष ही भगवान कार्तिकेय के पिंडी रूप के दर्शन कर सकते हैं। वहीं महिलाएं यहां पर दर्शन नहीं कर सकती हैं।

कार्तिकेय ने श्राप दिया, तो वह पूरे संसार की महिला जाति के लिए था। इसलिए यहां पर सिर्फ महिलाओं के जाने पर पाबंदी लगी हुई है। इसके साथ ही मंदिर में नवजात बच्ची के भी मंदिर जाने पर पाबंदी लगी है। भारत में कार्तिकेय के दो मंदिर और हैं, जो काफी ज्यादा फेमस हैं। लेकिन यह एकमात्र ऐसा मंदिर हैं, जहां के प्रांगण में महिलाएं को जाना वर्जित है।

क्यों डरती हैं महिलाएं: वहीं लोगों का कहना है कि आसपास के गांव की एक महिला ने कार्तिकेय के पिंडी रूप के दर्शन किए थे। जिसके कुछ समय बाद उसके पति की मौत हो गई थी। हालांकि हमारे द्वारा इस बात की पुष्टि नहीं की जाती है। लेकिन लोगों का मानना है कि महिला ने पिंडी के दर्शन कर लिए थे, इस वजह से उसके पति की मौत हो गई थी। यही कारण है कि यहां पर महिलाएं दर्शन करने से डरती हैं।

पूर्ण कृतज्ञ हो तब आप हृदय से प्रार्थना करो: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

चंडीगढ़। 'यह दिखावे या रस्मों से परे, आत्मा से निकली हुई पुकार होती है प्रार्थना, जो हर कण से महसूस होती है। इसमें अपने मन और हृदय को पूरी तरह ईश्वर को समर्पित करना, उनसे जुड़ना और उनकी इच्छा को समझना शामिल है। 'दिव्यता एक ही है, लेकिन अनेक नामों से पुकारा जाता है। बस यही कारण है कि यही परमात्मा को भिन्न-भिन्न नामों, रुप, और रंगों से जगाया जाता है। प्रार्थना का अर्थ है दिल की गहराइयों से पुकारना। एक बच्चा रोता है तो कैसे रोता है? बच्चे अपनी मां के लिये पूरे शरीर से रोता है। उसके शरीर का एक एक कण और दिल का एक एक कोना कुछ मांगता है। पुकारना, पूरे दिल से पुकारना ही प्रार्थना है। जब हम अपने हृदय से कुछ करते है तो यही प्रार्थना होती है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे रविवारीय सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीश्रीसंत ने कहा यह कहानी बताती है प्रार्थना की तीव्रता के बारे में। एक प्रार्थना का जन्म तब होता है जब आप पूर्णरुप से निसहाय अनुभव करते हो या पूर्ण रुप से कृतज्ञ हो। तीसरे तरह की प्रार्थना भी होती है जब आप पूर्ण विवेक में हो। तब आपको यह पता चलता है कि चेतना की गुणवत्ता अपनी सभी सीमाओं के परे चली गई है और बहुत ऊपर उठ गई है, उसकी दिशा पूर्णरुप से बदल गयी है जो कि पूर्णता देने वाली है, संपूर्ण ज्ञान से भरपूर है और पूरे विवेक और प्रेम से ओत-प्रोत हैं। प्रायः लोग कहते हैं, ''हृदय से प्रार्थना करो।'' इससे काम नही चलने वाला जब आप बैचेनी में हो, इच्छा से भरे हुऐ हो और बिखरे हुये हो। आपको अपने अस्तित्व से प्रार्थना करनी होगी, दूसरे चक्र से। जब पूर्ण कृतज्ञ हो तब आप हृदय से प्रार्थना करो, लेकिन जब आप दयनीयता की स्थिति में हो तब आप हृदय से प्रार्थना नही कर सकते। एक बार जब आप यह कहते हो, ''ठीक है, मैनें सबकुछ छोड़ दिया, ''तब आपकी प्रार्थना की तीव्रता पूर्ण हो जाती है। इसी तरह से इच्छा के ज्वर से बाहर निकला जा सकता है। आप अपने अस्तित्व से प्रार्थना करें। ये ही आपको सशक्त बनाती है, क्योंकि दिव्यता कमजोर के लिये बनी है। इसीलिये उसे 'दीनबंधु' कहते हैं। दीन का अर्थ है कमजोर, दयनीय, शक्तिहीन और निसहाय और बंधु का अर्थ है मित्र। इसीलिये आप प्रार्थना करते हैं, ''अब मेरे पास कोई रास्ता नही है और मैं तनाव छोड़ देता हूं। मुझे सहायता की आवश्यकता है। ''तभी आपके चारों ओर परिवर्तन होने लगते हैं।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया प्रार्थना शब्द शक्ति है जो आपको हृदय के मौन की ओर ले जाती है। शब्द का उद्देश्य मौन का सृजन करना है। कर्म का उद्देश्य है गहन विश्राम प्राप्त करना। गहन विश्राम का उद्देश्य है आपको पूर्ण करना। पूर्णता में ही आपको प्रसन्नता, आनंद की प्राप्ति होती है। प्रेम का उद्देश्य आनंद को अपने भीतर जन्म लेने देना है। प्रार्थना की उच्च अवस्था ही ध्यान है। प्रार्थना का अर्थ है मांगना, ध्यान का अर्थ है सुनना। प्रार्थना आप कहते हैं, ''मुझे ये दो, वो दो।'' निर्देष देते हो, मांग करते हो। अतुल मुनि जी ने फरमाया प्रार्थना मौन इससे एक कदम आगे है, यह एक कदम भाषा की सीमा से परे हैं जिसे पूरा ब्रह्मांड समझता है। प्रकृति इसी से ही प्रदर्शित होती है। ध्यान में आप कहते हैं, ''मै यहां पर हूं सुनने के लिये, जो कुछ भी आप बताना चाहते हैं मुझे बताएं। जब प्रार्थना अपने शिखर की ओर जाती है तब वह ध्यान हो जाता है। मौन प्रार्थना से बेहतर है।

श्री अरुण चंद्र जी महाराज की प्रेरणा से मखंड गांव उचाना में जैन स्थानक का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

उचाना/पानीपत। संघ प्रमुख आगम ज्ञाता योगीराज गुरु सुदर्शन की छवि पूज्य गुरुदेव श्री अरुणचंद्र जी महाराज का मिशन है,जैन धर्म जन,जन का धर्म बने, इसी मिशन के तहत गुरुदेव बहुत सारे शहरों में मंडी एवं गांव में जैन संगठन बना रहे हैं,तथा समाज जैन स्थानक का निर्माण करती है। लगभग गुरु सेवक परिवार की तरफ से 60 जैन स्थानकों का निर्माण हो चुका है इसी कड़ी में उचाना मंडी से बनभौरी की ओर जो रोड जाता है उसके बीच में मखंड गांव आता है वहां पर कुछ परिवारों ने 400 गज में जैन स्थानक का निर्माण किया है। मखंड गांव के लोग पूर्व में सनातनी अग्रवाल है, उन्होंने जगह दी उन्होंने ही जैन स्थानक का निर्माण करवाया तथा जैन स्थानक के सामने 1600 गज जगह में हॉस्पिटल का भी निर्माण करवाया तथा सारा परिवार जैन धर्म से जुड़ गया।

गुरुदेव के आने से इस जैन स्थानक का विधिवत शुभ आरंभ हो गया गुरुदेव का एक ही लक्ष्य रहता है। यह स्थानकें मठ नहीं है। कोई भी साधु आए,जाए विराजे सब की सेवा सबका सम्मान। उचाना नव वर्ष के दौरान गुरुदेव ने 10 गांव में नए संगठन बनाएं समय अनुसार उन गांव में भी जैन स्थानक का निर्माण होगा। हरियाणा के काफी जाट जाति के लोग जैन धर्म से जुड़ रहे हैं वास्तव में देखा जाए यह जाट भगवान महावीर के परिवार के ही है भगवान महावीर की जाट ही थे यानी क्षत्रिए भगवान महावीर ज्ञात वंशी थे ज्ञात वंशी से जाट बन गए,इसलिए जाट भगवान महावीर स्वामी के वंशज हैं।

गुरुदेव ने लगभग हरियाणा यूपी और दिल्ली के 100 गांव को धर्म से जोड़ने का बीड़ा उठा रखा है इसमें काफी कामयाबी मिल चुकी है आप इसमें कोई सहयोग करना चाहे तो बताएं। कल मखंड गांव के निवासियों ने सारे गांव का भंडारा किया तथा प्रवचन में कल रूक्र अत्री जी आए थे उन्होंने घोषणा की कसून गांव में पक्षी आश्रम का निर्माण करूंगा, विधायक जी ने गुरुदेव की आज्ञा पर फूल चढ़ाएं। कल विशाल पंडाल मखंड गांव में भरा हुआ था गुरुदेव जहां भी जाते हैं हजारों की भीड़ रहती है यह सब गुरु कृपा है।

प्रभु-परमात्मा के सिवाय कोई शक्ति एकरस रहने वाली नहीं

हम सुनते आ रहे हैं कि परमात्मा बहुत विशाल है, लेकिन कितना विशाल है, यह देखने से ही पता लगता है। कबीर जी ने देखा तभी कहा। आज लोग कहते हैं कि निराकार को कैसे देखा जा सकता है? अगर न देखा जा सकता होता तो कबीर जी यह क्यों कहते कि-

मैं कहूं आंखन की देखी।

सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

भाव, उन्होंने इसे देखकर इसका वर्णन किया। उन्हें ऐसी निगाह प्राप्त हुई सदुरु से। मीरा को भी यही निगाह प्राप्त हुई तो उसने श्याम को चारों ओर मौजूद पाया। मीरा बचपन से ही साकार के प्रति समर्पित थी। वह भगवान कृष्ण की मूर्ति हमेशा अपने पास रखती थी; लेकिन भगवान कृष्ण के असल निराकार स्वरुप के साथ उसका नाता जुड़ा गुरु रविदास जी के चरणों में जाने से। तभी उसकी भक्ति को पूर्णता प्राप्त हुई। जहाँ भी यही बात कही जा रही है कि जिस प्रभु-परमात्मा का जिक्र हम कर रहे हैं, इसका जब तक हमें बोध नहीं होता, तब तक हम भ्रमों में रहते हैं और यही भ्रम हमारे दुखों का कारण बने हुए हैं। हम दूसरों को पराया मान रहे हैं। हमारे लिए दूसरों की जाति नीची हो गई है और अपनी जाति ऊँची। ऐसी भावनाओं से हम नुकसान का कारण बन रहे हैं। ऐसी भावनाएँ तभी समाप्त हो सकती है जब इस सत्य के साथ नाता जुड़ जाता है। सत्य की परिभाषा हम उसी को दे सकते हैं जो सदैव एकरस रहने वाला हो और प्रभु-परमात्मा के सिवाय कोई शक्ति एकरस रहने वाली नहीं है। हर किसी में तबदीलियाँ है। सदैव एकरस रहने के कारण ही प्रभु-परमात्मा को 'युनिवर्सल ट्रूथ (अटल सत्य) कहा गया है, 'अल्टीमेट ट्रूथ' कहा गया है। एक प्रभु-परमात्मा को छोड़कर सभी में तबदीली आ जाती है। अगर मैं जोर से कहूँ कि अभी रात है तो यह स्टेटमेंट इस वक्त तो ठीक है लेकिन चन्द घंटों के बाद में फिर कहूँ कि अभी रात है तो सभी हँसेंगे कि सूरज चढ़ा हुआ है और यह कह रहे हैं कि अभी रात है।इसी प्रकार हम कहते हैं कि अभी बचपन है, यह सत्य है लेकिन कुछ वर्षों बाद जवानी में कदम रखते ही बचपन झूठ हो जाता है और जवानी सत्य हो जाती है। इसी प्रकार गर्मी-सर्दी में तबदील हो रही है, ऊँचाई-गहराई में तबदील हो रही है।

भाव, हर चीज क्षण-प्रतिक्षण बदल रही है। केवल परमात्मा, निराकार, अकाल पुरख को ही सत्य की संज्ञा दी गई है। जो भी इस सत्य के साथ्ाि नाता जोड़ लेते हैं, वही हकीकत में विचरण करते हैं वरना अनेक लोग बचपन से ही कुरान, रामायण, गुरुवाणी आदि धर्मग्रन्थों का पाठ करते आ रहे हैं लेकिन जब इस सत्य का बोध हुआ तभी एक मंच पर इकट्ठे होकर एक जेसी आवाज दे पाने में सफल हुए हैं। मुसलमान भाई भी यह कह रहा है कि जिस 'शाहरक' से नजदीक के बारे में मैंने सुना था, उसका बोध हो गया है। हिन्दू भाई भी यह बात कह रहा है कि रामायण में जिसे रमे हुए राम का जिक्र था, उसे मैंने जान लिया है। भाव, एक सत्य की लखता के बाद ही भक्तजन-सन्तजन ऐसी आवाज देते हैं जैसी कबीर साहब ने दी है-

काशी काबा एक है एक है राम रहीम। मैदा एक पकवान बहु बैठ कबीरा जीम।

काशी, काबा इसलिए एक हैं, क्योंकि राम-रहीम एक हैं। इस राम-रहीम को एक न मानने के ही नतीजे हैं कि आज कुछ समय बीतते ही शहरों में कर्फ्यू लग जाते हैं।

पंचांग

सोमवार, 5 जनवरी, 2026, सूर्योदयः 07:15 ए एम, सूर्यास्तः 05:38 पी एम, चन्द्रोदयः 07:49 पी एम, चन्द्रास्तः 08:56 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः सोमवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः द्वितीया - 09:56 ए एम तक, नक्षत्रः पुष्य - 01:25 पी एम तक, योगः विष्कम्भ - 10:47 पी एम तक, करणः गर - 09:56 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 08:53 पी एम तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः कर्क, राहुकालः 08:33 ए एम से 09:51 ए एम, गुलिक कालः 01:45 पी एम से 03:02 पी एम, यमगण्डः 11:09 ए एम से 12:27 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:06 पी एम से 12:47 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:47 पी एम से 01:29 पी एम, दुर्मुहूर्तः 02:52 पी एम से 03:34 पी एम, अमृत कालः 07:29 ए एम से 08:58 ए एम, वर्ज्यः 01:37 ए एम, जनवरी 06 से 03:08 ए एम, जनवरी 06

भविष्य फल

मेष: परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश करने वाले या अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक लोगों को सतत प्रयास करने चाहिए। आने वाले समय में सफलता आपके साथ होगी।

वृष: आप अपना समय अध्ययन में लगायेंगे। सुबह आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

मिथुन: इस राशि के छात्र संगीत से जुड़े हुयें हैं आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में परफॉर्म करने का अवसर मिल सकता है। नयी परियोजनाओं और ख़र्चों को टाल दें।

कर्क: व्यापार में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। नवीन सौदे लाभदायक रहेंगे और मददगार लोग आपको किसी भी मुश्किल पैच को दूर करने में मदद करेंगे।

सिंह: जीवनसाथी की सलाह से आपको पैसे कमाने में मदद मिलेगी। आज उनके साथ बिताये गए कुछ पल आपके रिश्ते को और भी मजबूत बनायेंगे।

कन्या: आज बातचीत में आप बहुत सफल रहेंगे और कई लोगों से हर तरह के विषयों पर बात हो सकती हैं। बिजनेस अच्छा चलेगा।

तुला: आज आपके लिए अपने जोखिम लेने की क्षमताओं पर अंकुश लगाना बेहतर होगा।

वृश्चिक: आज आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। आज घर-परिवार का वातावरण अच्छा बना रहेगा।

धनु: आज भाग्य का को पूरा पूरा साथ मिलने वाला है। अपने परिवार की भावनाओं को समझकर अपने गुस्से पर काबू रखें।

मकर: नए कामों में दिलो-दिमाग से लग जाएं और खाली बैठने से बचें। नई शुरुआत के लिए आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

कुंभ: आज आपको किसी दोस्त से कोई उपहार मिलने की संभावना है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा।

मीन: आज किसी निवेश का या बचत योजना की शुरुआत करने का फैसला करते हैं, तो आपके लिए बहुत अच्छी रहेगी।

जीवन भर सीखने की जिज्ञासा ही शिक्षक को बनाती है सच्चा मार्गदर्शक: दत्तात्रेय होसबाले

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में शिक्षकजन गोष्ठी का आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक में शिक्षकजन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले रहे। उनके आगमन पर श्री बाबा मस्तनाथ मठ एवं बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने की, जबकि मंच संचालन प्रो. पवन जालवाल ने किया। मुख्य वक्ता दत्तात्रेय होसबाले ने अपने संबोधन में कहा कि जो व्यक्ति जीवन भर विद्यार्थी बना रहता है, वही सच्चा शिक्षक कहलाने योग्य होता है। जिस दिन किसी व्यक्ति में सीखने की जिज्ञासा समाप्त हो जाती है, उसी दिन उसकी गति रुक जाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि स्वयं निरंतर सीखते रहना भी है। उन्होंने भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरीय का उदाहरण देते हुए बताया कि महान व्यक्तित्व वही होते हैं, जिनमें जीवन भर सीखने की ललक बनी रहती है। आज अच्छे शिक्षक का अर्थ यही है कि वह यह सोचता रहे कि वह और क्या सीख सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का वास्तविक उद्देश्य जीवन निर्माण है। भारतीय परंपरा में आचार्य स्वयं एक चौथाई ज्ञान देता है और शेष तीन चौथाई ज्ञान ग्रहण करने योग्य विद्यार्थी को ऐसा बनाता है कि वह स्वयं सीख सके। यह गुरु-शिष्य परंपरा ही भारत की शिक्षा व्यवस्था की आत्मा रही है। नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए होसबाले ने कहा कि इसे अब धरातल पर लागू किया जा रहा है। यह शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे इसे प्रभावी ढंग से लागू करें।

गुरु गोरखनाथ मंदिर में 41 दिवसीय जलधारा तपस्या संपन्न, भक्ति व सेवा का संगम

- विधायक देवेंद्र कादियान ने 9 लाख के विकास कार्य का किया उद्घाटन
- समापन पर हवन-यज्ञ और विशाल भंडारा
- रक्तदान शिविर में एकत्रित हुए 32 यूनिट रक्त

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गांव भोगीपुर राजलू गढ़ी स्थित प्राचीन गुरु गोरखनाथ मंदिर रविवार को भक्ति और सेवा का संगम बना। मंदिर के महंत बाबा सुशील नाथ द्वारा जनकल्याण की कामना के साथ की गई 41 दिवसीय जलधारा तपस्या का विधिवत समापन हुआ। इस मौके पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।समापन अवसर पर गांव के सहयोग से हवन-यज्ञ कराया गया। पूर्णाहुति के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर मंदिर परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। युवाओं को प्रेरित करने के बाद 32 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने बाबा सुशील नाथ से आशीर्वाद लिया। उन्होंने ब्लॉक समिति के सौजन्य से करीब 9 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित चबूतरे का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। इससे पहले ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि साधु-संतों की तपस्या समाज को सकारात्मक दिशा देती है। बाबा सुशील नाथ की जनहित में की गई साधना प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों में मूलभूत सुविधाएं मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक आयोजनों के लिए बना चबूतरा ग्रामीणों के लिए उपयोगी होगा। उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं की सराहना करते हुए इसे सबसे बड़ा दान बताया। उन्होंने कहा, विकास का यह पहिया रुकने वाला नहीं है। हम प्रत्येक गांव की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप परियोजनाओं को मंजूरी दे रहे हैं। चाहे वह गलियों का पक्का करना हो, जल निकासी की बेहतर व्यवस्था हो या सामुदायिक केंद्रों का सौंदर्यीकरण, हर काम में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम में सरपंच सावन, ब्लॉक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार, अशोक, नन्हा, सतपाल मास्टर, नवीन, संजू, अमित, सुरेंद्र, नरेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के तीसरा सदस्य गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। थाना राई की पुलिस टीम द्वारा एटीएम कार्ड बदलकर रुपए निकालने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए घटना मे संलिप्त तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी संतोष पुत्र हरिलाल निवासी उत्तरप्रदेश हाल बन्देपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 31 दिसंबर 2025 को शिकायतकर्ता आनन्द कुमार निवासी उत्तरप्रदेश हाल असावरपुर जिला सोनीपत द्वारा थाना राई में दी गई शिकायत में बताया गया कि 29 को इंडियन बैंक एटीएम, राई पर रुपये निकालते समय कुछ अज्ञात युवक सहायता के बहाने उसका ध्यान भटकाकर एटीएम कार्ड बदल ले गए और उसके खाते से अलग-अलग एटीएम से लगातार रुपये निकाल लिए। शिकायतकर्ता द्वारा बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर खाते से लगभग 1,41,368/- (एक लाख इकतालीस हज़ार तीन सौ अड़सठ रुपये) निकाले जाने की पुष्टि हुई। साथ ही बैंक की ओर से लगातार ट्रांज़ेक्शन अलर्ट प्राप्त हुए, जिसके बाद पीड़ित ने थाना राई में शिकायत दर्ज कराई। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत थाना राई मे अभियोग अंकित किया गया था। थाना राई की अनुसंधान टीम मे नियुक्त उप निरिक्षक सतीश ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्यवाही करते हुए घटना मे संलिप्त दो आरोपियों कृष्णा उर्फ किशन पुत्र जगत पाल व अमन पुत्र जसबीर दोनों निवासी प्रतापगढ़ क्क हाल मेट्रो विहार, दिल्ली को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना मे संलिप्त तीसरे आरोपी संतोष पुत्र हरिलाल निवासी उत्तरप्रदेश हाल बन्देपुर जिला सोनीपत को भी गिरफ्तार किया है।

केंचुआ खाद प्लांट लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, तीसरा आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

मुलाना। थाना मुलाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए खेत में केंचुआ खाद प्लांट लगाने की धोखाधड़ी करने के मामलें में आरोपी जोगिन्द्र राज निवासी गावँ बजीदा थाना मधुबन जिला करनाल को गिफ्तार किया। इस मामलें में पहले भी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस कार्यवाही जानकारी देते हुए पुलिस चौंकी प्रभारी कलालटी सहायक उपनिरीक्षक विश्व बन्धु ने बताया कि इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता राजकुमार निवासी गाँव नोहनी थाना मुलाना जिला अम्बाला ने 30 मई 2025 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी लाभ सिहँ, राकेश व अन्य ने मिली भगत करके उसके खेत में केंचुआ खाद का प्लांट लगाने के मामले में उससे एक मोटी रकम की धोखाधड़ी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर

कार्यवाही करते हुए तीसरे आरोपी जोगिन्द्र राज निवासी गावँ बजीदा थाना मधुबन जिला करनाल को गिफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा । मामले की जाँच जारी है।

पठानकोट में गर्लफ्रेंड से मिलने गए युवक की हत्या

युवती के परिजनों ने घर में बंद कर पीटा; पिता को फोन कर बोला- मुझे बचा लो

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पठानकोट, 4 जनवरी। पंजाब के पठानकोट में गर्लफ्रेंड से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। परिवार ने कहा कि युवती के घरवालों ने बहाने से उसे घर बुलाया। जहां उसे कमरे में बंद करके पीटा गया। युवक ने किसी तरह पिता को बताया, जिसके बाद वह लड़की के घर पहुंचे तो वह गंभीर रूप से घायल था। वह उसे तुरंत अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। युवक से मारपीट शनिवार को की गई थी लेकिन आज, रविवार को उसकी

मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में परिवार की शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी है। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

पठानकोट के चेला आमदा गांव के कुशल (24) का 7 साल से एक युवती से प्रेम संबंध चल रहे थे। युवती कोटली गांव की रहने वाली थी। अभी तक दोनों छुप-छुपकर इस रिश्ते को आगे बढ़ा रहे थे। जिसकी वजह से युवती के परिवार को इसके बारे में पता नहीं था। इस वजह से उनके संबंध लंबे टाइम से चले आ रहे थे। कुशल गांव में ट्रैक्टर का ड्राइवर था।

पिता बलविंदर सिंह ने बताया कि अब अचानक युवती के परिजनों को इसका पता चल गया। उन्होंने युवती के जरिए कुशल को फोन कराया। उसे मिलने के बहाने अपने घर बुला लिया। उस वक्त कुशल को भी अंदाजा नहीं था कि उसके साथ किसी तरह की वारदात हो सकती है। वह ये सोचकर चला गया कि शायद युवती के परिवार वाले उनके रिश्ते को कबूल कर लेंगे।

पिता ने आगे बताया कि जब कुशल युवती के घर पहुंचा तो उसके रिश्तेदारों ने उसे घेर लिया। पहले उनके बीच बहस हुई। फिर उन्होंने मिलकर कुशल को घर के कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। जिससे वह पूरी तरह से लहूलुहान हो गया। पिता के मुताबिक कुशल ने किसी तरह उन्हें फोन कर इसके बारे में बताया। उसने कहा कि युवती के परिवार वालों ने मेरे साथ मारपीट की है। मेरी हालत बहुत गंभीर है। मुझे पूरे शरीर पर चोट लगी है। मुझे यहां आकर ले जाओ। मुझे बचा लो। इसके बाद वह तुरंत लड़की के घर पहुंचे।

युवक को लगी थी गंभीर चोटें, इलाज के दौरान मात

पिता के मुताबिक जब वे वहां गए तो कुशल के साथ बहुत मारपीट की गई थी। युवक को गंभीर चोटें लगी थीं। उन्होंने तुरंत उसे पठानकोट में ही एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस को इस मामले की शिकायत दी गई। इस बारे में थाना नरोट जैमल सिंह के प्रभारी कुलदीप राज ने कहा कि परिवार की तरफ से उन्हें हत्या की शिकायत मिली है। इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी सामने आएगा, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बांग्लादेश टी-20 वर्ल्डकप खेलने भारत नहीं आएगा

बोर्ड ने ICC से श्रीलंका में खेलने की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

नई दिल्ली। बांग्लादेश की टीम टी-20 वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएगी। यह जानकारी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने दी। बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से अपनी टीम के मैच श्रीलंका में कराने की मांग भी की है। बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को BCCI के आदेश पर IPL से बाहर करने के बाद BCB ने यह फैसला लिया है।

अब द्रष्टि तय करेगा कि बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में होंगे या नहीं। यूनुस सरकार में खेल सलाहकार (खेल मंत्री) आसिफ नजरुल ने सोशल मीडिया पर भी इसकी जानकारी देते हुए BCB के फैसले का स्वागत किया।

टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से

भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। मैचों का शेड्यूल बदलना आसान नहीं है। सभी टीमों के टिकट पहले से बुक हैं। बांग्लादेश के ग्रुप स्टेज में सभी चार मुकाबले भारत में ही शेड्यूल हैं। तीन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर और एक मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में है।

शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर विकसित 25 फसलों की 184 नई किस्में राष्ट्र को किया समर्पित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

नई दिल्ली, 4 जनवरी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को नई दिल्ली के एनएएससी कॉम्प्लेक्स स्थित एपी शिंदे ऑडिटोरियम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित 25 फील्ड फसलों की 184 उन्नत किस्मों का अनावरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत एक खाद्य-कमी वाले देश से वैश्विक खाद्य प्रदाता वाले देश में बदल गया है, जो कृषि विकास एवं खाद्य सुरक्षा में ऐतिहासिक रूप से मील का पत्थर साबित हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने चावल के उत्पादन में चीन को पीछे छोड़ दिया है और दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। भारत का चावल उत्पादन 150.18 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जबकि चीन का उत्पादन 145.28 मिलियन टन है, जिससे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। साथ ही दुनिया के खाद्य आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका भी मजबूत हुई है।

उन्होंने कहा कि ÷कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और खेती की आत्मा बीज है। अच्छे बीज उत्पादकता, पोषण और खाद्य सुरक्षा की नींव हैं।÷ चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि अनुसंधान का सीधा फायदा किसानों को मिलना चाहिए और उन्होंने एक स्पष्ट लक्ष्य की घोषणा की और कहा कि नई जारी की गई किस्में तीन साल के अंदर किसानों तक पहुंचनी चाहिए। अनुसंधान तभी सार्थक है जब उसका फायदा समय पर खेतों तक पहुंचे। उन्होंने पोषण सुरक्षा पर सरकार के फोकस पर भी जोर दिया।

समुद्री क्षेत्र में गैर-पारंपरिक खतरे लगातार बढ़ रहे हैं : राजनाथ सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

नई दिल्ली, 4 जनवरी । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को प्रदूषण नियंत्रण पोत (पीसीवी) %समुद्र प्रताप% के इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) में शामिल होने की पूर्व संध्या पर जीएसएल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) और अन्य भारतीय शिपयार्डों द्वारा भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए निर्मित जहाज भारत की संप्रभुता के तैरते प्रतीक हैं, जो खुले समुद्र में हमारी उपस्थिति, क्षमता और दृढ़ संकल्प का प्रतिनिधित्व करते हैं।

बता दें कि जीएसएल द्वारा निर्मित दो पीसीवी में से पहला, समुद्र प्रताप, 5 जनवरी 2026 को गोवा में रक्षा मंत्री की उपस्थिति में शामिल किया जाएगा।

राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को एक रणनीतिक आवश्यकता बताया और जीएसएल जैसी संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे इस आवश्यकता को वास्तविकता में बदल रही हैं।

उन्होंने कहा कि जीएसएल क्षमताएं विकसित कर रही है, प्रौद्योगिकी को आत्मसात कर रही है और स्वदेशी डिजाइन को मजबूत कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप सशस्त्र बलों को समय पर उपकरण पहुंचाए जा रहे हैं और राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में गति तेज हो रही है।

आज के जटिल सुरक्षा परिवेश में भारतीय शिपयार्डों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि समुद्री क्षेत्र में पारंपरिक चुनौतियों के साथ-साथ गैर-पारंपरिक खतरे भी लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुद्र में हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध मछली पकड़ना, मानव तस्करी, पर्यावरणीय अपराध और संदिग्ध क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियां। ऐसे में शिपयार्डों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। देश के समुद्री इतिहास, नौसेना विरासत और रणनीतिक दूरदर्शिता के केंद्र में स्थित जीएसएल, भारत के रक्षा तंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और समुद्री सुरक्षा की जिम्मेदारी इसी पर है।

राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि जहाज मात्र इस्पात, मशीनरी और प्रौद्योगिकी का मिश्रण नहीं है, बल्कि यह जनता के भरोसे और सशस्त्र बलों की अपेक्षाओं और जरूरतों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जीएसएल वर्षों से इस भरोसे और अपेक्षाओं को पूरा करता आ रहा है।

चंडीगढ़ से दिल्ली तबादला: आईएएस हरि कलीक्कट को मिली नई जिम्मेदारी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 4 जनवरी। गृह मंत्रालय द्वारा जारी ताजा तबादला आदेश में चंडीगढ़ प्रशासन में तैनात हरि कलीक्कट (2018 बैच आईएएस) का तबादला दिल्ली कर दिया गया है। यह तबादला एजीएमयूटी कैडर के तहत किए गए बड़े प्रशासनिक फेरबदल का हिस्सा है, जिसमें कुल 31 आईएएस और 18 आईपीएस अधिकारियों की पोस्टिंग में बदलाव किया गया है। हरि कलीक्कट चंडीगढ़ प्रशासन में रहते हुए कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उनके कार्यकाल को प्रशासनिक दक्षता और सक्रिय कार्यशैली के लिए जाना जाता है। अब वे दिल्ली में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार यह तबादला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश क्रमांक No.14020/04/2022-UTS.I दिनांक 4 जनवरी 2026 के तहत जारी इस फैसले को एजीएमयूटी कैडर में नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बताया जा रहा है।

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

योगी सरकार बड़ी सौगात : चिकित्सा शिक्षा में 1200 नौकरियों की सौगात, मेडिकल कॉलेजों में होगी भर्ती

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में वर्ष 2026 में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण और तकनीकी पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजकीय मेडिकल कॉलेज में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फार्मेसी) के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर करीब 1,200 से अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी की सौगात मिलेगी। योगी सरकार के इस कदम से न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य शिक्षा व्यवस्था भी और मजबूत होगी। वहीं, योगी सरकार जल्द ही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला/पुरुष) के नियुक्ति पत्रों का वितरण करेगी। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य, आचार्य और प्रवक्ता फार्मेसी के पदों पर भर्ती होगी।

मुख्यमंत्री योगी ने विभाग में खाली पदों पर नियुक्ति करने के निर्देश दिये थे ताकि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी मिल सके। इसी के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फार्मेसी) के पदों का अधियाचन लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के माध्यम से चयन कराने के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेजों के करीब 12 सौ पदों क्रमश- सहायक आचार्य के 1,112 पदों, आचार्य के 44 पदों और प्रवक्ता (फार्मेसी) के 11 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नर्सिंग कैडर को सशक्त करने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला एवं पुरुष) को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इससे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन को केवल डिग्री देने तक ही सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे गुणवत्ता, शोध और व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। इसी के तहत पिछले पौने नौ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। जहां पहले कुछ गिने-चुने जिलों तक मेडिकल शिक्षा सीमित थी, वहीं, आज लगभग हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का लक्ष्य पूरा हो चुका है। नए कॉलेजों के संचालन के लिए योग्य शिक्षकों और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। यह भर्ती उसी दिशा में बड़ा कदम है। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य, आचार्य और फार्मेसी प्रवक्ताओं की नियुक्ति से मेडिकल छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन, शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और चिकित्सा शिक्षा का स्तर राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो सकेगा। इससे भविष्य में प्रदेश को कुशल डॉक्टर, फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य विशेषज्ञ मिलेंगे, जो आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे।

रैनबसेरा में बिस्तर एवं अलाव आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो: मुख्यमंत्री योगी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार रात भीषण शीतलहरी में टाउनहॉल रैन बसेरा पहुंचे और यहाँ रह रहे लोगों का हाल जाना। मुख्यमंत्री ने ठंड से ठिठुरते लोगों को राहत पहुंचाते हुए कंबल एवं भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए। उन्होंने सभी का कुशलक्षेम जाना। छोटे बच्चों को उन्होंने चॉकलेट भी दी। उन्होंने लोगों से कहा कि ठंड में बाहर सड़क पर खुले आसमान के नीचे कत्तई न सोएं। रैनबसेरा आप लोगों के लिए ही बनवाया गया है। उन्होंने रैनबसेरा में शरण लिए लोगों से व्यवस्थाओं के बाबत जानकारी ली और पूछा कि कोई कमी तो नहीं है? लोगों ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। लोगों ने बताया कि सब कुछ दुरुस्त है। बिछाने के लिए बिस्तर और ओढ़ने के लिये कंबल तथा तापने के लिये अलाव आदि की भी समुचित व्यवस्था है।

मुख्यमंत्री योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अत्यधिक ठंड के दृष्टिगत यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी व्यक्ति रात्रि में सड़क के किनारे अथवा खुले आसमान में न रहे, गरीब एवं असहाय लोगों को रैनबसेरा में रहने के लिए कहा जाय। रैनबसेरों में समुचित साफ-सफाई, शौचालयों, प्रकाश, बिस्तर, अलाव आदि की व्यवस्था हर हालत में सुनिश्चित की जाए।

'खेल शक्ति ही राष्ट्र शक्ति: नई खेल संस्कृति के साथ उत्तर प्रदेश बना रहा राष्ट्रीय नेतृत्व

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले वर्षों में उत्तर प्रदेश और देश में खेल को नई दृष्टि, नए संसाधन और नया आत्मविश्वास मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उभरते 'न्यू स्पोर्ट्स कल्चर' ने युवाओं में अनुशासन, फिटनेस और टीम-स्पिरिट को मजबूत किया है। अब खेल सिर्फ शौक नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर, पारदर्शी चयन-प्रक्रिया और मिशन-मोड पर चल रही योजनाओं के चलते युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर बढ़े हैं। ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिताओं का विस्तार किया गया है। परिणामस्वरूप यूपी के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पहले से कई गुना अधिक भागीदारी और पदक ला रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 72वीं सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअली शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आयोजन स्थल डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा में मौजूद रहे। उन्होंने यहां खिलाड़ियों व दर्शकों को संबोधित किया। सीएम की उपस्थिति में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के मध्य नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) के संचालन के लिए एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। सीएम योगी ने काशी में आई सभी 58 टीमों (30 पुरुष, 28 महिला) के खिलाड़ियों, कोच व ऑफिशियल का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले ग्यारह साढ़े ग्यारह वर्षों के अंदर हर भारतवासी ने देश में नई खेल संस्कृति को पनपते देखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में खेलो इंडिया खेलो के माध्यम से हर भारतवासी के मन में खेल के प्रति सम्मान का भाव पैदा किया। उन्होंने संदेश दिया कि खेल जीवन के सर्वांगीण विकास का माध्यम बने। स्वस्थ शरीर से ही सफलता के सभी आयाम प्राप्त किए जा सकते हैं। खेलो इंडिया खेलो, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता और हर जनपद में बनने वाले खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से पूरा देश नई खेल संस्कृति का अनुभव कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सांसद-विधायक खेलकूद प्रतियोगिता, ग्रामीण खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिता आदि के माध्यम से हम लोगों ने उत्तर प्रदेश में खेल को बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 43 वर्ष बाद सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन यूपी के अंदर वाराणसी नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन के पीछे प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन व नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि प्रदेश-देश में खेल का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भी अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर दिख रहा है तो यह प्रधानमंत्री मोदी के विजन का परिणाम है। यह सुविधाएं स्मार्ट सिटी के अंतर्गत विकसित हुई हैं। अभी उप्र सरकार व साईं के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत साई के सानिध्य और कोच के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए नया प्लेटफॉर्म उपलब्ध है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 8-साढ़े 8 वर्ष में खेलकूद प्रतियोगिता को बढ़ाने का कार्य हुआ। हर गांव में खेल मैदान, हर जनपद में स्टेडियम, हर विकास खंड स्तर पर मिनी स्टेडियम का निर्माण, नगर निकाय व ग्राम पंचायत से होने वाले कार्यों की प्राथमिकता में ओपन जिम निर्माण के साथ ही हर स्तर पर खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ाने के प्रयास प्रारंभ हुए हैं। उसी का परिणाम है कि हमारा खिलाड़ी राष्ट्रीय, ओलंपिक, कॉमनवेल्थ व इंटरनेशनल विश्व चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के साथ ही पहले की तुलना में कई गुना मेडल भी प्राप्त कर रहा है।

गठबंधन भाजपा विधायक का बेटा ड्रग्स केस में गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश राज्य के तेलुगु देशम पार्टी के गठबंधन सरकार की भारतीय जनता पार्टी के जम्मालमदुगु एमएलए आदिनारायण रेड्डी के बेटे सुधीर रेड्डी को नरसिंगी में ड्रग्स लेते हुए पकड़े जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। सुधीर रेड्डी को नरसिंगी इलाके में चेकिंग के दौरान हिरासत में लिया गया। मेडिकल जांच में, कथित तौर पर उनके ड्रग्स लेने की पुष्टि हुई।

सुधीर रेड्डी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया और बाद में प्रक्रिया के अनुसार एक नशा मुक्ति केंद्र में भेज दिया गया। उस समय उनके साथ मौजूद एक और व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया गया। सुधीर रेड्डी से जुड़ी यह पहली ऐसी घटना नहीं थी। वह पहले भी दो बार इसी तरह के ड्रग्स से जुड़े मामलों में पकड़े जा चुके हैं। आगे की जांच चल रही है और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

किसान, स्टूडेंट्स, महिलाओं समेत सभी वर्गों के साथ अन्याय हो रहा : बोत्सा

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

विशाखापत्तनम। विशाखापट्टनम में आंध्र प्रदेश विधानसभा परिषद के विपक्ष नेता बच्चा सत्यनारायण नेप्रेस वार्ता में पिछले 2 साल के अंदर आंध्र प्रदेश की तेलुगू देशम बीजेपी जन सेवा गठबंधन सरकार की असफलताओं को बनायाप्रेस के संबोधन में कहाघोषणा पत्र में 113 से ज्यादा घोषणाएं की गईजिसमें कोई भी योजना को पूर्ण संपूर्ण नहीं कर पाया हर योजना मेंलाखों लोगों को दूर रखना यह दुर्भाग्य है कहा और उनके हरकतों के ऊपर केंद्र सरकार की छुट्टी शंका के दायरे में ला रहा है राज्य की सबसे बड़ी सहयोग धर्म क्षेत्र द्राक्षरमाम मंदिर में शिवलिंग की तोड़फोड़ केघटना घटकर तीन दिन हो गया लेकिन आज तक मौन धारण क्यों किया हुआ है यह भी संदेश आज पद है घटना को अंजाम देने वाले कौन है और इस पर मौन क्यों है यह एक बड़ा प्रश्न है कहा इसी तरह राज्य सरकार की विफलताओं को उन्होंने क्रमशः बिंदुओं में बताया उक्त प्रश्न वार्ता मेंपूर्व मंत्रीउद्योग मंत्री भी उपस्थित थे साथ में जिला पदाधिकारी भी और विधायक भी भाग लिया।

आंध्र प्रदेश सरकार का दावा

'सुपर सिक्स' सहित कल्याणकारी योजनाओं से बदला लोगों का जीवन स्तर

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

अमरावती। राज्य सरकार ने खुलासा किया है कि लागू की जा रही कल्याणकारी योजनाएं अपेक्षित परिणाम दे रही हैं। सरकार ने कहा है कि 2025 में शुरू की गई 'सुपर सिक्स' योजना सहित कई कल्याणकारी कार्यक्रमों ने लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया है। सुपर सिक्स कल्याण के लिए एक नई सांस है। सत्ता में आने के बाद, गठबंधन सरकार ने लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 'सुपर सिक्स' नाम से छह प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। सरकार ने कहा कि गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और छात्रों को लक्षित करके बनाई गई इन योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरों तक व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। सरकार ने कहा है कि आम आदमी के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं, खासकर

आर्थिक सुरक्षा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि के माध्यम से। रोजगार, निवेश और विकास पर जोर देते हुए गठबंधन सरकार ने स्पष्ट किया है कि विकास कल्याण के साथ-साथ चल रहा है। सरकार ने कहा है कि विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। सरकार ने यह भी कहा है कि राज्य में घरेलू और विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

सरकार ने बताया है कि उद्योगों की स्थापना के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। सरकार ने कहा है कि छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए छात्रवृत्ति और शुल्क वापसी योजनाओं को अधिक पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है।

सरकार का कहना है कि इन उपायों से गरीब परिवारों के छात्रों को आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित होने से बचाया जा रहा है। इसी प्रकार, सरकार का मानना है कि महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत कर रही हैं।

आंध्र प्रदेश में जिलों के पुनर्विभाजन का विरोध तेज

सड़क पर उतरे लोग रायचोटी को जिला केंद्र से हटाने पर भड़का आंदोलन

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

अमरावती। राज्य के आंध्र प्रदेश में अनेक जिलों का विभाजन कर पुनः 3 साल में दुबारा विभाजन की प्रक्रिया से लगभग जितने भी समायोजित ग्राम और विभाजित जिले हैं जो राजनीतिक परिपेक्ष से अपने स्वार्थ सिद्ध करने के लिए बताया जा रहा है। जिससे एक आंदोलन की स्थिति आ गई है जहां किसी का संस्कारित वा जहां किसी की मेल मिलाप नाहो उस गांव में ले जाकर दूसरे लोगों को जोड़ना वहां की सारी स्थिति कृषि संपन्नता व्यापार भारतीय पारंपरिक रिस्ता .आदान-प्रदान पारिवारिक संपर्क अलग- थलग करने की योजना को देखते हुए लोग सड़कों में जाकर धरना दे रहे हैं इसी तारतम के चलते अन्नामय्या जिले को तीन भागों में बांटे जाने को लेकर रायचोटी में चिंताएं। रायचोटी को जिता केंद्र के रूप में हटाकर मदनपल्ले में विलय करने पर विरोध यह सब आपसी जाति धर्मकर्मका स्वार्थ सिद्ध करने के लिए केंद्र की गठबंधन सरकार और स्थानी राजनीतिक पार्टियोंइस तरह के हरकत से बाज आने की हिदायत दे रहे हैं और यही बात को सड़कों में चिल्लाते हुए धरना दे रहे हैंकि यह केंद्र की साजिश है और भारतीय जनता पार्टी का इसमेंऔर तेलुगु देश का स्वार्थ है कहा है ।

डीडीआरसी से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं एक साथ प्राप्त होंगी : शर्मा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

अलवर। राजस्थान के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

श्री शर्मा आज यहां राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय परिसर में जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) का लोकार्पण करने के बाद सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगजन के हित में संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान करके लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित डीडीआरसी से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं एक साथ प्राप्त होंगी, जिससे उनका जीवन आसान एवं समृद्ध होगा और सशक्त दिव्यांग समाज की अवधारणा पूरी होगी।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांग शब्द के स्थान पर सम्मान सूचक दिव्यांग शब्द का उपयोग करके सभी दिव्यांगजनों में आत्मसम्मान का भाव पैदा किया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार दिव्यांग कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के साथ ही उन्होंने भी विधायक निधि कोष से स्कूटी दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण एवं उनके कल्याण में सदैव सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर डीडीआरसी अलवर की परियोजना प्रबंधक कार्यान्वयन समिति की सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने जिला प्रशासन द्वारा मिले सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि समाज की 2.21 प्रतिशत आबादी किसी न किसी रूप में दिव्यांगता से प्रभावित है। ऐसे में दिव्यांगजनों के जीवन को सरल बनाना एवं सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है।

मंथन फाउंडेशन के संस्थापक एवं परियोजना समन्वयक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि जिले में अभी भी बहुत अधिक दिव्यांग ऐसे हैं जो जागरूकता के अभाव में चिन्हीकरण एवं उनके लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से वंचित है। इसके लिए डीडीआरसी द्वारा आने वाले समय में विभिन्न अभियान चलाये जायेंगे ताकि वे मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठा सके।

अनुष्का नए वर्ष में आप अपने खेल से देश- दुनिया मे अलग पहचान बनाएं, हमारी तरफ से ढेरों आशीर्वाद : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड की उभरती हुई अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित अनुष्का कुमारी ने शिष्टाचार भेंट की।

श्री सोरेन ने अनुष्का को नव वर्ष और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनाऐं दी। श्री सोरेन ने कहा कि नया साल आपके लिए एक बेहतरीन वर्ष साबित हो। आप अपने खेल से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में एक नया मुकाम हासिल करें। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा से देश और राज्य का नाम रोशन करें, इसके लिए ढेरों आशीवार्द। इस अवसर पर श्री सोरेन ने फुटबॉलर अनुष्का को सम्मानित करने के साथ स्पोर्ट्स किट प्रदान किया। अनुष्का ने भी अपने अब तक के खेल अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया।

श्री सोरेन ने अनुष्का से कहा कि आप बेफिक्र होकर अपने खेल पर ध्यान दें। आपसे इस राज्य को काफी उम्मीदें हैं। आपकी हर जरूरत तथा सहयोग के लिए सरकार खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार इन खेल प्रतिभाओं को निखारने के साथ वैसा प्लेटफार्म उपलब्ध करा रही है, जहां से वे खेलों की दुनिया में अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकें।

हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कई ठोस कदम उठाए गए हैं। राज्य में खेल का बेहतर वातावरण तैयार करने तथा खिलाड़ियों को आगे ले जाने के लिए जो भी ज़रूरतें होगी, उसे उपलब्ध कराएंगे।

श्री सोरेन ने अनुष्का कुमारी के रांची जिला के ओरमांझी प्रखंड स्थित रुक्का गांव में एक खेल मैदान विकसित करने का निर्देश रांची जिला प्रशासन को दिया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उपस्थित रांची के उप विकास आयुक्त से कहा कि सुश्री अनुष्का के परिजनों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए समुचित कदम उठाएं। श्री सोरेन ने स्पष्ट कहा कि आर्थिक संकट की वजह से किसी खिलाड़ी की प्रतिभा दबनी नहीं चाहिए। खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को हर हाल में सामने लाना है ताकि उन्हें उनकी मंजिल मिले और खेलों की दुनिया में झारखंड की एक अलग पहचान बने।

हिमालय में एक नया अध्याय : उत्तर रेलवे का जम्मू मंडल अपनी नई उपलब्धियों की राह पर अग्रसर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जम्मू। उत्तर रेलवे का जम्मू मंडल, जो 6 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के 70वें रेल मंडल के रूप में स्थापित किया गया था, अपने पहले ही वर्ष में ऐतिहासिक उपलब्धियों का प्रतीक बनकर उभरा है। इस मंडल की स्थापना से न केवल जम्मू-कश्मीर की कनेक्टिविटी को नया आयाम मिला है, बल्कि कश्मीर घाटी के लोगों के जीवन में बदलाव और विकास की नई उम्मीद भी जगी है।

वर्ष 2025 में जम्मू मंडल ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक के उद्घाटन के साथ कश्मीर घाटी को पूरे वर्ष देश के अन्य हिस्सों से जोड़ दिया। इस दौरान चिनाब और अंजी जैसे विश्व प्रसिद्ध रेल पुल राष्ट्र को समर्पित किए गए, जो भारतीय रेलवे की इंजीनियरिंग क्षमता के प्रतीक हैं। वहीं, श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक वंदे भारत ट्रेनों के संचालन ने यात्रा को तेज, सुरक्षित और आरामदायक बनाया, जिससे अब तक 3.75 लाख से अधिक यात्री लाभान्वित हो चुके हैं।

जम्मू मंडल ने धार्मिक पर्यटन को भी नई गति दी है। कटरा-अमृतसर रेल मार्ग से वैष्णो देवी और स्वर्ण मंदिर जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों के बीच आवागमन और अधिक सुगम हुआ है। इसके साथ ही माल ढुलाई के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कश्मीर से 20 हजार टन से अधिक सेब और 1.5 लाख टन सीमेंट का परिवहन किया गया, जिससे किसानों और उद्योगों को बड़ा लाभ मिला। अनंतनाग गुड्स शेड के माध्यम से लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को मजबूत किया गया और पहली बार ऑटोमोबाइल, खाद्यान्न तथा चेरी (शहतूत) जैसे उत्पाद रेल मार्ग से घाटी से देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचे।

राजस्व के क्षेत्र में भी जम्मू मंडल ने मजबूत प्रदर्शन किया है। गैर-किराया राजस्व अनुबंधों से 94 करोड़ से अधिक की आय सुनिश्चित की गई, जबकि टिकट जांच अभियानों के जरिए 63 हजार से अधिक मामलों में 3.72 करोड़ की वसूली की गई। यह उपलब्धियां मंडल की सतर्कता और पारदर्शी कार्यप्रणाली को दर्शाती हैं।

जम्मू मंडल के एक वर्ष पूरे होने पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल ने कहा कि वर्ष 2025 चुनौतियों से भरा रहा, लेकिन यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता रही। उन्होंने भरोसा जताया कि वर्ष 2026 में जम्मू मंडल नई परियोजनाओं के साथ विकास का दूसरा अध्याय लिखेगा।

कुल मिलाकर, उत्तर रेलवे का जम्मू मंडल हिमालयी क्षेत्र में कनेक्टिविटी, पर्यटन, व्यापार और समृद्धि का नया युग लेकर आया है, जो जम्मू-कश्मीर के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो रहा है।

ढकोली के काठगढ़ में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नाले में डाला जा रहा है मालवा प्राकृतिक जल बहाव रोके जाने का आरोप

स्थानीय लोगों का फूटा गुस्सा, प्रशासन की चुप्पी के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

बरसाती नाले में डाला जा रहा मलबा,नाला बंद हुआ तो 100 से अधिक परिवारों के घर डूबने का खतरा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

जीरकपुर, 4 जनवरी। ढकोली के काठगढ़ इलाके में स्थित बरसाती नाला एक बार फिर विवादों में घिर गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोग खुलेआम नियमों की अनदेखी करते हुए बरसाती नाले में मलबा डाल रहे हैं, जिससे नाले का प्राकृतिक बहाव बाधित हो रहा है। लोगों का कहना है कि यह नाला इलाके में बारिश के पानी की निकासी का एकमात्र साधन है और यदि इसे बंद किया गया तो आने वाले मानसून में हालात भयावह हो सकते हैं।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, नाले में मलबा डाले जाने से काठगढ़ इलाके के करीब 100 परिवारों के घर जलभराव की चपेट में आ सकते हैं। लोगों ने बताया कि बीते वर्षों में भी नाले के ओवरफ्लो होने से कई घरों में 4 से 5 फुट तक पानी भर गया था, जिससे घरेलू सामान, फर्नीचर और जरूरी दस्तावेज बर्बाद हो गए थे।

शिकायतें हुईं, कार्रवाई नहीं: काठगढ़ के लोगों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर ज़ीरकपुर नगर कौंसिल में कई बार लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन की लापरवाही से लोगों में भारी रोष है।

प्रशासन की चुप्पी से नाराज़ स्थानीय लोगों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान हरजीत सिंह, भजन सिंह, कुलदीप सिंह, संजय, रवि, जगतार, निर्मल, मनदीप, देव सिंह, गुरमेलो, जरनैल कौर, महेंद्र कौर, मीतू देवी सहित बड़ी संख्या अन्य लोग भी मौजूद रहे।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बरसाती नाले में डाला गया मलबा तुरंत हटाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि मानसून के दौरान किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन समय रहते इस गंभीर समस्या पर कार्रवाई करेगा या फिर किसी बड़े नुकसान के बाद ही जागेगा?

स्थानीय निवासियों का आरोप

वोटों के समय हर राजनीतिक पार्टी के नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन बाद में कोई सुध लेने नहीं आता। हम कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को शिकायत दे चुके हैं, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगर समय रहते नाला साफ नहीं किया गया तो पूरा इलाका डूब जाएगा।

किसी को भी प्राकृतिक पानी के बहाव को रोकने का अधिकार नहीं है जिस व्यक्ति के द्वारा मालवा डालकर नाले के बहाव को रोकने की कोशिश की जा रही है उसे पर नियमों के अनुसार बनती कार्रवाई की जाएगी। नाले के 100 फीट इर्द-गिर्द कोई भी कंस्ट्रक्शन नियमों के मुताबिक नहीं की जा सकती।

अजय बराड़ बिल्डिंग इंस्पेक्टर नगर परिषद जीरकपुर

ज़ीरकपुर में 'सड़क सुरक्षा महीना' का आगाज़, पूरे जनवरी चलेगा जागरूकता अभियान

ट्रैफिक पुलिस की सख्त अपील- नियमों का पालन ही हादसों पर लगाएगा ब्रेक

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

जीरकपुर, 4 जनवरी। ज़ीरकपुर में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को 'सड़क सुरक्षा महीना' का शुभारंभ किया गया। यह विशेष अभियान 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक पूरे महीने चलेगा, जिसके तहत शहर के अलग-अलग हिस्सों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान की शुरुआत ट्रैफिक पुलिस ज़ीरकपुर की ओर से की गई। इस मौके पर ट्रैफिक प्रभारी इंस्पेक्टर मनफूल सिंह, एएसआई जितेंद्र सिंह, सोहनलाल, कृष्ण कुमार सहित अन्य ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान खास तौर पर ऑटो चालकों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई।

ट्रैफिक प्रभारी इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के पीछे सबसे बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। उन्होंने लोगों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त अपील की।

वहीं एएसआई जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज मोबाइल फोन सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण बन चुका है। वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल न सिर्फ चालक बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने ऑटो चालकों से क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाने और नियमों का पालन करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को पंपलेट भी वितरित किए और सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से ही सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है।

अंत में ट्रैफिक पुलिस ने आम लोगों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि ज़ीरकपुर को एक सुरक्षित और जागरूक शहर बनाया जा सके।

जीरकपुर में घर के बाहर खड़ी कार चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

जीरकपुर, 4 जनवरी। जीरकपुर थाना क्षेत्र के न्यू डिवाइस कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी एक कार चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता 60 वर्षीय तेजिंदर सिंह मूल निवासी ग्रीन एनक्लेव ग्रीन लोड सोसायटी जीरकपुर और वर्तमान में किराए पर कोठी नंबर 2-ए, न्यू डिवाइस कॉलोनी में रह रहे हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह निजी कामकाज करते हैं और टाटा कार का इस्तेमाल करते थे, जो उनके बेटे गुरसेवक सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। उक्त कार काफी समय से उनके घर के बाहर पार्क थी।

तेजिंदर सिंह ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को जब उन्होंने घर से बाहर निकलकर देखा तो कार मौके पर नहीं थी। कार की दोनों चाबियां उनके पास ही थीं। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर कार की काफी तलाश की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में सामने आया कि एक ऑल्टो कार में सवार अज्ञात व्यक्ति आए, जिन्होंने उनकी कार की पिछली डिग्गी का छोटा शीशा तोड़ा और कार को धक्का लगाकर स्टार्ट कर चोरी कर लिया।

पुलिस के अनुसार शिकायत के आधार पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कंट्रोल रूम को भी सूचना दे दी है और अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पूरे भारत का माहौल खराब करने जात अभिमानी एडवोकेट अनिल मिश्रा, के खिलाफ तुरंत एनएसए लगाया जाए : बेगमपुरा टाइगर फोर्स

बाबा साहिब जी के खिलाफ बेतुकी टिप्पणी करने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा : ठरोली, सतीश, पवन

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

होशियारपुर, 4 जनवरी। बेगमपुरा टाइगर फोर्स के राष्ट्रीय चेयरमैन तरसेम दीवाना और राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मपाल साहनेवाल के निर्देशानुसार फोर्स के पंजाब अध्यक्ष वीरपाल ठरोली, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश शेरगढ़, अमनदीप कोडला, शहिरी अध्यक्ष पवन दीवाना, ढिल्लों, रोहित बधण आदि ने एक मीटिंग के दौरान हमारे पत्रकार से बात करते हुए कहा कि माननीय हाईकोर्ट की बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अनिल मिश्रा, जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहिब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की तस्वीर को आग लगाने जैसा घिनौना काम किया है, उनके खिलाफ तुरंत ह्क्र लगाया जाए और देशद्रोह (ह्क्र) का मामला दर्ज किया जाए। नेताओं ने कहा कि कथित आरोपी एडवोकेट मिश्रा बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी के बनाए भारतीय संविधान के अनुसार वकालत भी करता हैं और अपने परिवार का गुज़ारा करता हैं। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने दुनिया की मशहूर हस्ती बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी की तस्वीर को जलाकर उसकी बेइज्जती की है, जिससे बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी के चाहने वाले और दलितों के दिल को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि हालांकि एडवोकेट मिश्रा के खिलाफ स्ट स्क्र एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है, लेकिन इस जघन्य अपराध की गंभीरता को देखते हुए एडवोकेट अनिल मिश्रा के खिलाफ ह्क्र भी तुरंत लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व चीफ जस्टिस गवई पर जूते फेंकने वाला व्यक्ति भी एडवोकेट अनिल मिश्रा था और हाई कोर्ट में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी की मूर्ति लगाने में रुकावट डालने वाला व्यक्ति भी वही व्यक्ति था। आपको बता दें कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ पहले भी ऐसे कई केस दर्ज हो चुके हैं। इससे साबित होता है कि एडवोकेट मिश्रा के मन में दलितों के लिए बहुत बुरी भावना है। वह भविष्य में भी ऐसे जघन्य अपराध कर सकता है। उन्होंने मांग की कि एडवोकेट अनिल मिश्रा पर तुरंत ह्क्र लगाया जाए और उन्हें हमेशा के लिए जेल में रखा जाए। उन्होंने कहा कि नहीं तो बेगमपुरा टाइगर फोर्स भाईचारे के संगठनों के साथ मिलकर पूरे देश में कड़ा संघर्ष करेगी, जिसके लिए पूरी तरह से प्रशासन जिम्मेदार होगा।

नगर की सुख शांति हेतु दादा नगर खेडे पर श्री रामायण पाठ व भंडारे का आयोजन किया

अर्थ प्रकाश/दर्शन शर्मा

मूनक, 4 जनवरी। नववर्ष के आगमन पर हर साल की तरह इस बार भी बाबा श्री श्री1008 बचन पूरी जी के महाराज जी के दिशा निर्देश अनुसार दादा नगर खेडे पर नगर की सुख शांति व समृद्धि के लिए 3 जनवरी 2026 दिन शनिवार को श्री रामायण जी अखण्ड पाठ शुरू किया और 4 जनवरी रविवार को पाठ की पूर्णता पर यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली गई। भंडारे का आयोजन किया गया। दादा खेड़ा कमेटी के प्रधान नंबरदार बलकार सिंह ने बताया कि दादा खेडे पर जो भी दान इकट्ठा होगा खेडे के लेंटर की उसारी के कार्य में लगाया जायेगा कमेटी के सदस्यों ने बड़ी लगन व श्रद्धा से लगर में सेवा निभाई इस मौके पर चेयरमैन गुरमीत सैनी, जसवंत सैनी ,कुकी सिंगला, जैपाल सैनी, कर्म चंद बंटू, दीपा सैनी, राम लाल सैनी, अजमेर सिंह, प्रदीप राउ,राज कुमार, अजय सैनी, प्रेम वर्मा, हनी मलाना, संजू सैनी, विकास सैनी, हतिश शर्मा, सागर शर्मा, शिव शर्मा, मखन सैनी व अन्य लोग उपस्थित थे।

जीरकपुर फ्लाईओवर के नीचे मिली लाश, ठंड से मौत की आशंका

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

जीरकपुर, 4 जनवरी। जीरकपुर में कड़ाके की ठंड एक बार फिर एक बेसहारा व्यक्ति की जान ले गई। 27 दिसंबर 2025 को जीरकपुर फ्लाईओवर के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत के बाद, अब कल रात एक और व्यक्ति ने ठंड से जूझते हुए दम तोड़ दिया। यह घटना प्रशासन के दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल रात करीब 9.00 बजे जीरकपुर फ्लाईओवर के नीचे खुले आसमान तले रह रहे एक व्यक्ति की भीषण ठंड के कारण मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार, जब व्यक्ति को देखा गया तो उसका शरीर पूरी तरह अकड़ चुका था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि अत्यधिक ठंड के कारण वह जिंदगी की जंग हार गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिला। लोगों का कहना है कि हर साल सर्दियों में रैन बसेरों और बेसहारा लोगों की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को डेराबस्सी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया था। एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान शीशपाल उम्र करीब 42 वर्ष जोकि मूल रूप से यूपी के संभल जिला का रहने वाला था। इस वक्त यह व्यक्ति प्रीत कॉलोनी में स्थित सब्जी मंडी में काम करता था और पुल के नीचे ही रहता था। मृतक की शीना खत रामगढ़ भुड़ा में रहने वाले उसके भाई सतीश कुमार ने की हैं। पुलिस ने बीएनएस 194 के तहत कार्रवाई करते हुए शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

जगराओं राजोआणा कलां हेरां व गांव में चोरों ने उखाड़े ट्रांसफार्मर

2 किसानों का लाखों कर नुकसान कर गए चोर

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

जगराओं 4 जनवरी। पुलिस थाना सुधार गावों के एरिया के कई में ट्रांसफार्मर चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। पुलिस थाना सुधार के गांव हेरां के पूर्व सरपंच गुरबचन सिंह और राजोआणा कलां के किसान सुरजीत सिंह जब अपने खेतों में पहुंचे तो वहां ट्रांसफार्मरों के खाली खोल पड़े मिले। चोर रात के अंधेरे में ऊंचे बिजली पोल पर चढ़कर ट्रांसफार्मरों से महंगा तेल, तांबा, तार और अन्य कीमती सामान निकालकर फरार हो गए। इस एक ही घटना में दोनों किसानों को करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी देते हुए खेती विविधता और पराली प्रबंधन में राज्य पुरस्कार विजेता यंग फारमर्स इनोवेटिव ग्रुप पंजाब के उपाध्यक्ष सरपंच जगदीप सिंह नत्त ने बताया कि यह वारदात एतिआणा लिंक रोड पर राजोआणा कलां क्षेत्र में हुई। एक ट्रांसफार्मर सड़क किनारे लगे पोल से और दूसरा सड़क से महज 50 मीटर की दूरी पर लगे पोल से उखाड़ा गया। जगदीप सिंह नत्त के अनुसार पिछले सप्ताह साथ लगते गांव राजोआणा खुर्द से भी चोर गिरोह सात ट्रांसफार्मर उखाड़कर उनका महंगा सामान चोरी कर ले गया था। सरपंच जगदीप सिंह नत्त ने आरोप लगाया कि नशे की गिरफ्त में फंसे कई नौजवान गिरोह बनाकर ट्रांसफार्मर चोरी कर रहे हैं। पकड़े जाने पर यही सरगना अपने वकीलों के जरिए आरोपियों की जमानत भी करवाते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों रकबा और बोपाराय कलां इलाके में ट्रांसफार्मर चोरी करते पकड़े गए दो नाबालिग युवकों ने एक मशहूर कबाड़ी का नाम पुलिस को बताया था। साथ ही उन्होंने मुल्लांपुर निवासी आकाश को गिरोह का सरगना बताया, जो गिरफ्तारी के बाद जमानत करवाने की पूरी जिम्मेदारी भी लेता है। शनिवार को पूर्व सरपंच गुरबचन सिंह और किसान सुरजीत सिंह ने घटनास्थल का नक्शा बनवाकर थाना सुधार में शिकायत दर्ज करवा दी है।

थाना सुधार के प्रभारी इंस्पेक्टर गुरदीप सिंह ने दावा किया कि ट्रांसफार्मर चोर गिरोह को बहुत जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी या दुकानदार, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

जगराओं के गांव ढोलन में लगे शिविर में 306 ने किया रक्तदान

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

जगराओं/ढोलन 4 जनवरी। समाजसेवी इंदरजीत धोलन की बेटी की 'जिंद कौर की पहली लोहड़ी' को समर्पित ढोलन गांव में एक बड़ा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। ब्लड डोनर फैमिली जगराओं और इलाके की सभी समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से लगाए गए इस कैंप में इलाके के युवाओं लोगों खून दान किया ओर लोगों खूब उत्साह दिखाया। कैंप के दौरान रिकॉर्ड 306 यूनिट ब्लड जमा हुआ, जो इंसानियत की सेवा में एक कीमती योगदान है। ब्लड डोनेशन के साथ-साथ, डॉ. सुख चोपड़ा ने मरीजों को फ्री फिजियोथेरेपी सर्विस भी दी। मुख्य आयोजकः इस अवसर पर इंदर धोलन, सुनील मक्कड़, नरिंदर सराभा, जिंदर खालसा, गग्गी विर्क, लाखा जगराओं, पिंदर जगराओं और सतपाल देहरका, जतिंदर अरोड़ा (मिट्ठू) पत्रकार सुखदेव गर्ग, कृष्ण कुमार, लाल चंद (सोनू) पत्रकार प्रदीप पाल और भी लोगों शामिल थे।

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश दिवस को समर्पित नगर कीर्तन सजाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बनूड, 4 जनवरी। सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश दिवस को समर्पित गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह से विशाल नगर कीर्तन सजाया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगर कीर्तन में शामिल हुए। बोले सो निहाल के जयकारों के साथ गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में नगर कीर्तन निकाला गया। गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार ने अरदास के बाद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र सरूप को सुंदर फूलों वाली पालकी में सजाया। इस नगर कीर्तन का नेतृत्व पांच प्यारों ने किया। शहर के वार्ड नंबर 7 के गुरुद्वारा साहिब से शुरू हुए नगर कीर्तन का शहर निवासियों ने जगह जगह स्वागत किया। वार्ड नंबर 8 सिंह सभा में बाबा दिलबाग सिंह बागा व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पांच प्यारों को सिरोपा भेंट किया और नगर कीर्तन में शामिल लोगों को चाय और ब्रेड पकौड़े का लंगर छकाया। इसके बाद नगर कीर्तन गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर पहुंचा, जहां सेवादार बाबा गुरदेव सिंह ने पांच प्यारों को सिरोपा भेंट किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु का लंगर छका। शहरवासियों द्वारा जगह-जगह लंगर लगाए गए थे। इस नगर कीर्तन में गतका पार्टियां और बैंड पार्टियां विशेष आकर्षण का केंद्र थी। अंत में नगर कीर्तन के समापन मौके गुरुद्वारा प्रबंधकों की ओर से ट्रैक्टर ट्रॉली वालों को सम्मानित किया गया। सोमवार को बनूड शहर और आसपास के गांवों में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव मनाया जाएगा।

ढकोली की 26 सोसायटियों के निवासियों ने लंबित समस्याओं पर जताई नाराजगी

31 जनवरी 2026 तक मांगे पूरी नहीं हुई तो नगर परिषद कार्यालय और विधायक कार्यालय के बाहर दिया जाएगा धरना

नगर परिषद चुनावों के लिए सोसायटियों की ओर से एक स्वतंत्र उम्मीदवार जाएगा उतारा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

जीरकपुर, 4 जनवरी। ढकोली क्षेत्र की 26 सोसायटियों के निवासियों की संस्था आरडब्ल्यूए (उरवा) की मासिक बैठक में क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर परिषद चुनावों के लिए सोसायटियों की ओर से एक स्वतंत्र उम्मीदवार उतारा जाएगा, जो किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं होगा। यह उम्मीदवार मुख्य चुनाव में जीतने वाली सत्ताधारी पार्टी को समर्थन देगा।

बैठक में बरसाती नालों से जुड़ी गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। निर्णय लिया गया कि ढकोली क्षेत्र में जहां-जहां बरसाती नाले आबादी के पास से गुजरते हैं, वहां उचित फेंसिंग की जाए। इसके अलावा वार्ड नंबर 13 और 14 (शालीमार एन्क्लेव) स्थित कम्युनिटी सेंटर की मरम्मत, पेंट और रखरखाव का कार्य पिछले चार वर्षों से लंबित है, जिसकी जानकारी विधायक और नगर परिषद कार्यालय को पहले ही दी जा चुकी है। निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि यह कार्य 31 जनवरी 2026 तक पूरा नहीं हुआ तो नगर परिषद कार्यालय और विधायक कार्यालय के बाहर धरना दिया जाएगा।

बैठक में मंडी के पास स्थित उस कचरा प्वाइंट का मुद्दा भी उठाया गया, जिसे विधायक डेराबस्सी द्वारा मीटिंग प्वाइंट से सौंदर्यीकरण स्थल में बदलने की घोषणा की गई थी। दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कार्य शुरू न होने पर निवासियों ने गहरी नाराजगी जताई और इसे खोखले वादे करार दिया।

इसके साथ ही वार्ड नंबर 13 और 14 में बरसाती नाले के किनारे रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित होने पर चिंता जताई गई। लोगों ने कहा कि इससे क्षेत्रवासियों की जान को खतरा बना हुआ है और इसे तुरंत शुरू किया जाना चाहिए।

यूआरडब्ल्यूए के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि सभी लंबित कार्यों के लिए सरकार और प्रशासन को 31 जनवरी 2026 तक का समय दिया गया है। यदि तय समय सीमा तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सरकार के पूर्ण बहिष्कार के साथ नगर परिषद और विधायक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

सच बोलने पर पर्चा यही है मान सरकार का 'नया पंजाब-निपुण शर्मा

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



होशियारपुर, 4 जनवरी। पंजाब सरकार के सरकारी हेलिकॉप्टर से जुड़ी सच्चाई पर पत्रकारों पर एफआईआर दर्ज कर मान सरकार ने यह साफ कर दिया है कि आम आदमी पार्टी अब लोकतंत्र नहीं, बल्कि तानाशाही के रास्ते पर चल रही है। यह बयान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष निपुण शर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहे।

जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार सवालों से डर गई है। जब सरकारी हेलिकॉप्टर के दुरुपयोग पर जवाब देना था, तब पत्रकारों को ही अपराधी बना दिया गया। यह प्रेस की आज़ादी को कुचलने और सच्चाई दबाने की सोची-समझी साजिश है।

उन्होंने कहा कि जो सरकार खुद को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देती थी, वही सरकार आज सच्चाई उजागर करने वालों पर केस ठोक रही है। यह वही ÷बदलाव÷ है, जिसमें सवाल पूछने की सज़ा एफआईआर और सच बोलने की सज़ा जेल है।

निपुण शर्मा ने दो टूक कहा कि भाजपा इस दमन को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। पत्रकारों पर दर्ज किए गए मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं।

डेराबस्सी में दशम पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया

सुखमनी साहिब पाठ, गुरबाणी कीर्तन और गुरु का लंगर रहा अटूट

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सुखमनी सेवा सोसायटी एवं समस्त जीबीपी कॉलोनियों डेराबस्सी की संगतों द्वारा दशम पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सुबह धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत सुखमनी सेवा सोसायटी की बीबियों के जत्थे द्वारा श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ से की गई, जिससे पूरा वातावरण गुरबाणीमय हो गया।

इसके पश्चात ज्ञानी अमरीक सिंह जी (बेंगलुरु वाले) ने संगत को संबोधित करते हुए दशम पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के महान जीवन, उनकी कुर्बानियों, धर्म की रक्षा और मानवता के लिए दिए गए अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने गुरु साहिब के उपदेशों पर चलने का आह्वान करते हुए संगत को सत्य, सहनशीलता और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद भाई सुखजीत सिंह जी (गुरुद्वारा बाउली साहिब) द्वारा रसपूर्ण गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया गया। कीर्तन के दौरान संगत द्वारा वाहेगुरु के जाप से समूचा समागम स्थल गूंज उठा।

समागम के अंत में सरबत के भले की अरदास की गई, जिसके उपरांत गुरु का लंगर अटूट रूप से वितरित किया गया। संगत ने बड़ी श्रद्धा के साथ गुरु का लंगर ग्रहण किया।

नववर्ष और श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर जीबीपी रोज़वुड मार्केट एसोसिएशन ने लगाया लंगर

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नववर्ष की शुरुआत और अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के पावन अवसर पर जीबीपी रोज़वुड मार्केट एसोसिएशन की ओर से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर गुलाबगढ़ रोड पर भगवान श्री राम जी के दरबार के समक्ष सर्वत्र भले, देशवासियों की सुख-शांति और खुशहाली के लिए विशेष अरदास की गई। अरदास के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों से आए लोगों ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ भाग लिया।

लंगर सेवा के दौरान संगत में भारी उत्साह देखने को मिला। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्गों के लोगों ने सेवा और प्रसाद ग्रहण करने में सहभागिता निभाई। मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा साफ-सुथरे और सुव्यवस्थित प्रबंध किए गए, जिसकी संगत द्वारा भरपूर सराहना की गई। इस पावन अवसर पर जीबीपी सोसाइटी के निवासी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन धीमान (पम्मा) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी संगतों को नववर्ष और श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक प्रयास समाज में आपसी भाईचारे, सद्भावना और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने मार्केट एसोसिएशन के इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

लंगर सेवा में समस्त मार्केट एवं दुकानदारों द्वारा सराहनीय सहयोग दिया गया। इस सेवा में रमेश सैनी, कपिल वधवा, राजेश सैनी, अरुण शर्मा, सुखा सैनी, विकास पुन्निया, रिंकू सैनी, दिलजोत सिंह, मुस्तकीन, जोनी सैनी, गगन, लक्की, करण, शुभम, पलविंदर सिंह सहित अन्य कई सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

HPSC के परिणाम से क्षुब्ध होकर जब बाप ने बेटी से कहा कि इब तो घर नै आज्या-- तेरा ब्याह कर द्यागें

हरियाणा के आखिरी छोर के गांव मोरका का? एक छोटा किसान जब अपनी बेटी को घर के चूल्हे चौके से हटाकर उच्च शिक्षा के लिए बाहर भेजता है तो उसके दिल और दिमाग में बहुत बड़े सपने होते हैं। दूसरी ओर जब इसी बाप को अपनी बेटी से यह कहना पड़ता है कि ?

÷घर नै आज्या बहोत पढ़ ली, इब तेरा ब्याह करांगे।÷ बहुत ही फ्रस्ट्रेशन से बाप द्वारा कही गई यह बात बेटी को रोने पर मजबूर कर देती है। रोना भी सही है क्योंकि बेटी ने 6 बार नेट की परीक्षा पास की है और अंग्रेजी में पोस्ट ग्रेजुएट करने तक थ्रो आउट प्रथम डिवीजन प्राप्त की है । अब 6 बार नेट क्वालीफाई करने वाली इस बेटी को एचपीएससी द्वारा ली जाने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर की मुख्य परीक्षा में फेल कर दिया जाता है तो उसे बेटी के दिल पर पहाड़ टूट जाता है। उधर से घर वाले शादी की जिम्मेवारी निभाने के लिए तैयार हो जाते हैं और दूसरी ओर इतना पढ़ने के बावजूद भी एचपीएससी द्वारा एसकेटी की परीक्षा में 35त्न का क्राइटेरिया सेट करके फेल कर दिया जाता है। इस प्रकार से कमीशन द्वारा नौकरी के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। गांव की रहने वाली यह लड़की जो आजकल एचपीएससी के इस निर्णय के खिलाफ पंचकूला में पिछले एक सप्ताह से धरने पर बैठी हुई है। मोनिका को अभी भी आशा है कि उन्हें एचपीएससी या हरियाणा सरकार या फिर पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय से न्याय मिलेगा । लेकिन मां-बाप की आशा निराशा में बदल चुकी है। इन सब परिस्थितियों के बीच मोनिका ने एचपीएससी के खिलाफ धरने पर बैठने का निर्णय लिया और मोनिका गांव से 300 किलोमीटर दूर आकर एचपीएससी के खिलाफ धरने पर बैठी है। मोनिका अपनी शैक्षणिक सफर के बारे में बताती है कि उन्होंने प्राइमरी तक की पढ़ाई गांव से की। इसके बाद 10वीं और 12वीं तक की पढ़ाई मीठी गांव से की और उसके बाद ग्रेजुएशन बहल के कॉलेज से पूरी करके अंग्रेजी विषय में एम?ए करने के लिए महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक में दाखिला लिया जहां से उन्हें फर्स्ट क्लास में अंग्रेजी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट पास की। उसके बाद उन्होंने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा और छह बार नेट की परीक्षा पास की ।यूपीपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा पास की जिसका साक्षात्कार होना अभी बाकी है। राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित की जाने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर की मुख्य परीक्षा पास की तथा साक्षात के बार मेरिट में नए आने पर आउट हो गई। परीक्षाओं का सफर यहीं नहीं रुका, तब डीएसएसएसबी की पीजीटी परीक्षा पास की। अब उन्हें आस जगी थी कि हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा 613 अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर पदों पर भर्ती होगी तो उनका निश्चित रूप से नंबर पड़ेगा लेकिन एचपीएससी ने तो 613 के मुकाबले सिर्फ और सिर्फ 151 बच्चों को ही पास कर सैकड़ो क्वालिफाइड बच्चों के असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के सपनों को चकनाचूर कर दिया। अपने पारिवारिक स्थिति बताते हुए मोनिका बहुत गंभीर हो जाती है और कहती है कि उनके परिवार के पास केवल तीन एकड़ भूमि है। पिताजी दूसरे लोगों से तीसरी और चौथे हिस्से की बटाई पर जमीन लेकर परिवार का लालन पालन और गुजारा करते हैं। जब पिता को यह पता चला कि हरियाणा में नौकरी लगाने वाली संस्था ने मोनिका के साथ-साथ इतनी अधिक संख्या में बच्चों को फेल कर दिया तो उनसे रहा नहीं गया और भावुक होकर कहा ÷इब तो घर नै आज्या - तेरा ब्याह कर द्यागें।÷मोनिका फिर भी एचपीएससी के इस परिणाम के खिलाफ पंचकूला धरने पर बैठी है और उन्हें आशा है कि वह इस लड़ाई को शत प्रतिशत जीतेंगे तथा उन्हें न्याय मिलेगा।

सतीश मेहरा

मनीष बंसल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लंच पर बुलाया

चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य मनीष बंसल ने नवबर्ष की पूर्व संध्या पर रविवार को शहर के एक होटल में लंच पार्टी का आयोजन किया।जिसमें पूर्व केंद्रीय रेलवे मंत्री पवन कुमार बंसल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में शहर के सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था।

इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं को पवन बंसल और मनीष बंसल ने नवबर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी।ओर आपसी मेल मिलाप तालमेल तथा संगठनात्मक एकता पर जोर दिया।इसी बीच मेयर,सीनियर डिप्टी मेयरडिप्टी मेयर के चुनाव के अलावा नगर निगम आम चुनाव 2026 के माहौल के दरमियान बंसल के इस आयोजन को शहर के राजनीतिक गलियारो में ना केवल महत्वपूर्ण माना जा रहा है।बल्कि इसके कई सियासी मायने भी निकाले जा रहे है।इस मौके पर सीनियर कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह बढ़हेड़ी,हाकम सरहदी,एचसी कल्याण,और मनु दुबे भी मौजूद थे।

बच्चों में सेवाभाव, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना जगाती है एनएसएस : बबली गोस्वामी

राजबीर श्योकंद ने विद्यार्थियों को दिए सड़क सुरक्षा के 10 गोल्डन टिप्स

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

पूंडरी। राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन का शुभारंभ नगरपालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी एवं समाजसेवी राकेश गोस्वामी ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत करके अतिथियों का अभिनंदन किया। शिविर का फीडबैक सुलेखा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण सामाजिक विकास की सशक्त आधारशिला हैं। ऐसे शिविरों से बच्चों में सेवा भाव, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव विकसित होता है, जो उन्हें एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राजबीर सिंह श्योकंद, चीफ इंस्ट्रक्टर, ड्राईवर ट्रेनिंग संस्थान गढ़ी-पाडला ने सड़क सुरक्षा पर जागरूक करते हुए विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के 10 गोल्डन टिप्स दिए। उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज गति से बचने, ज़ेब्रा क्रॉसिंग से ही सड़क पार करने, वाहन की नियमित जांच कराने, ओवरटेक सावधानी से करने, बच्चों को आगे सीट पर न बैठाने तथा थकान की अवस्था में वाहन न चलाने की अपील की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील दत्त आत्रेय ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पार्षद नसीब सिंह, साहब सिंह, जितेंद्र, दीपक सैनी, ईसम रंगा, राजकुमार सैनी, रवि, पार्षद दिव्या गोयल, सुशील सैनी, उमेश गुप्ता, बृजेश टाया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

डॉ मानव ठाकुर भाजपा संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के चिकित्सक प्रकोष्ठ (आयुष) के जिला संयोजक नियुक्त

गोहर 3 जनवरी (सुभाग सचदेवा)। भारतीय जनता पार्टी के शिर्ष नेतृत्व ने चैल चौक के डाक्टर मानव ठाकुर को संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के चिकित्सक प्रकोष्ठ (आयुष) के जिला संयोजक पद की जिम्मेदारी सौंपी है। डाक्टर मानव ठाकुर ने भाजपा शिर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि

शिर्ष नेतृत्व ने उन पर भरोसा कर जो जिम्मेदारी सौंपी है पुरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाते हुए भाजपा के विस्तार के लिए दिल से कार्य करेंगे। डाक्टर मानव ठाकुर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठन मंत्री सिद्धार्थन, जिला अध्यक्ष हीरा लाल, नाचन के विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार, सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल, सरकाघाट विधायक दिलीप ठाकुर, करसोग विधायक दीप राज मंढाल, धर्मपुर विधानसभा से वर्ष 2022 के भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर सहित चिकित्सक प्रकोष्ठ आयुष के प्रदेश संयोजक डॉ. अशोक शर्मा, प्रदेश महामंत्री पायल बहल वैद्य, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, जिला महामंत्री सोहन सिंह ठाकुर, नाचन मंडल अध्यक्ष मुकेश चंदेल तथा प्रदेश, जिला व मंडल स्तर के सभी पदाधिकारियों का हृदय से धन्यवाद किया। नव नियुक्त जिला संयोजक ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा चिकित्सक प्रकोष्ठ आयुष को सशक्त बनाते हुए संगठन और पार्टी को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे।

एनएच-9 पर भारी वाहनों पर सेफ्टी रिफ्लेक्टर लगाकर दुर्घटनाओं की रोकथाम की दिशा में अहम कदम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

फतेहाबाद, 04 जनवरी। पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धुंध एवं कम दृश्यता वाले मौसम को ध्यान में रखते हुए एक विशेष सेफ्टी अभियान चलाया गया। यह अभियान विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग-9 (एनएच-9) पर संचालित किया गया, जहां भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है।

अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा एनएच-9 पर चलने वाले ट्रक, बस तथा अन्य भारी वाहनों पर सेफ्टी रिफ्लेक्टर लगाए गए। इन रिफ्लेक्टरों के माध्यम से वाहन अंधेरे, कोहरे और धुंध के समय दूर से ही स्पष्ट दिखाई देते हैं, जिससे पीछे व सामने से आने वाले वाहन चालक समय रहते सतर्क होकर संभावित दुर्घटनाओं से बच सकें।

ट्रैफिक थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयसिंह ने बताया कि रिफ्लेक्टर लगाने की प्रक्रिया निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप की गई है, ताकि वाहनों की अधिकतम दृश्यता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने वाहन चालकों को समझाया कि रिफ्लेक्टर केवल नियमों की पूर्ति नहीं, बल्कि उनकी स्वयं की सुरक्षा और सड़क पर अन्य यात्रियों की जान बचाने का एक महत्वपूर्ण साधन हैं।

इस अवसर पर वाहन चालकों को धुंध के समय कम गति से वाहन चलाने, हेडलाइट व इंडिकेटर का सही उपयोग, फॉग लाइट्स का प्रयोग, तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखने के प्रति भी जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया कि थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर सड़क हादसे का कारण बन सकती है।

फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। ऐसे जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि जिले में सुरक्षित, सुचारू और दुर्घटना-मुक्त यातायात व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

बीपीएल सूची के नाम काटना, गरीबों को योजनाओं से बाहर करने का संगठित षड्यंत्र है : राकेश

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

शिमला। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में बीपीएल सूची के साथ जो खिलवाड़ किया जा रहा है, वह अब किसी भ्रम में रखने वाला विषय नहीं रह गया है। यह साफ तौर पर गरीबों को सरकारी योजनाओं से बाहर करने का सुनियोजित और संगठित षड्यंत्र है।

राकेश जमवाल ने कहा कि नए नियमों और कट-ऑफ का बहाना बनाकर, बिना पारदर्शिता, बिना पंचायतों की संस्तुति और बिना वास्तविक जमीनी सत्यापन के, जिलाधीशों के माध्यम से हजारों पात्र गरीब परिवारों के नाम बीपीएल सूची से हटाए जा रहे हैं। कई क्षेत्रों में जारी नई सूचियों में 80 से 90 प्रतिशत तक पुराने बीपीएल परिवारों का अचानक गायब हो जाना इस बात का प्रमाण है कि यह सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि योजनाबद्ध कटौती है।

मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि बीपीएल सूची से नाम कटते ही गरीब परिवारों से आवास,राशन,पेंशन,इलाज, छात्रवृत्ति जैसी जीवन से जुड़ी बुनियादी सुविधाएं अपने आप छिन जाती हैं। कांग्रेस सरकार एक झटके में गरीबों के जीवन की पूरी सुरक्षा-ढाल तोड़ रही है।

राकेश जमवाल ने आरोप लगाया कि इस पूरी प्रक्रिया से पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को जानबूझकर बाहर रखा गया, क्योंकि प्रधान, उप-प्रधान और वार्ड पंच जमीनी सच्चाई जानते हैं और गरीबों के हक में खड़े होते हैं। कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को दरकिनार कर अफसरशाही के जरिए बीपीएल तय करने का रास्ता चुना है।

उन्होंने कहा कि बीपीएल घपले की असली जड़ पंचायत चुनाव न करवाने की साजिश से जुड़ी है। सरकार तय समय पर पंचायत चुनाव इसलिए नहीं करवा रही।

अवैध शराब तस्करी मामले में 33 बोतल 01 अध्धा सहित आरोपी काबू

अंबाला शहर (रवि पाहुजा)। अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान 02 जनवरी 2026 को थाना अम्बाला शहर क्षेत्र बकरा मर्किट अम्बाला शहर से अवैध शराब तस्करी मामले में पुलिस टीम ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अभिषेक निवासी नाहन हाउस थाना अम्बाला शहर जिला अम्बाला को 33 बोतल 01 अध्धा अवैध देसी/अंग्रेजी शराब सहित काबू किया।

जानकारी देते हुए उप निरीक्षक जय कुमार ने बतलाया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी अवैध शराब की तस्करी का कार्य करता है। जिसके पास आज भी भारी मात्रा में अवैध शराब हैं । पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए नजदीक बकरा मण्डी अम्बाला शहर से आरोपी अभिषेक निवासी नाहन हाउस थाना अम्बाला शहर जिला अम्बाला को 33 बोतल 01 अध्धा अवैध देसी/अंग्रेजी शराब सहित काबू किया।

अम्बाला पुलिस जागरूकता अभियान के तहत आमजन को कर रही जागरूक

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

अंबाला। अम्बाला पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क?ी में 04 जनवरी 2026 को प्रबन्धक थाना यातायात अम्बाला व उनकी टीम ने थाना अम्बाला क्षेत्र में आमजन को यातायात के नियमों बारे व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया ।

प्रबन्धक थाना यातायात अम्बाला ने कहा की सर्दी के मौसम में अत्याधिक धुंन्ध पडती हैं सभी वाहन चालक इस मौसम में वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। उन्होने वाहन चालको से अपिल की वह नशा करके वाहन ना चलाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हुए हैं कि वह जागरूकता अभियान द्वारा अपने-अपने थानाधिकार क्षेत्रों में नशे की रोकथाम, नशे से युवाओं को दूर रखने के लिये उन्हें जागरूक करें और आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों व आपराधिक प्रवृति के व्यक्ति का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें।

प्रबन्धक थाना यातायात अम्बाला ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आमजन/युवाओं को यातायात के नियमो बारे व नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करना हैं। जिससे समाज नशा मुक्त व अपराध मुक्त बने।

केक, मिठाई लेकर दिल्ली निवास पर हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता, नेता व गणमान्य लोग

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक, 4 जनवरी। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा का जन्मदिन पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही उनके दिल्ली निवास पर केक, मिठाई लेकर ब?ी संख्या कार्यकर्ता, नेता व गणमान्य लोग पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दी। इतनी रिकॉर्ड तो? भी? इससे पहले देहली कोठी पर नही देखी गयी। सुबह से देर रात तक लोगो और नेताओं तांता लगा रहा है । इस दौरान देश और प्रदेश से सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक सहित हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे और केक काटकर उनको बधाई दी। दीपेंद्र हुड्डा सुबह से देर शाम तक कार्यकर्ताओं द्वारा लाये गये केक काटते रहे और खुशियां बांटते रहे। दीपेंद्र हुड्डा ने लोगों के अपनेपन और स्नेह का आभार व्यक्त किया और सभी को नये साल की मुबारकबाद दी। यद्यपि आज रविवार का दिन था और कार्यालयों में छुट्टी थी, फिर भी दिल्ली के तालकटोरा रोड पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने जन्मदिवस के अवसर पर मिले स्नेहिल संदेशों, शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिये सभी का आभार व्यक्त किया।

पूरे हरियाणा में भी ऐसा माहौल बना रहा कही ब्लड डोनेशन कैम्प, कही भंडारे कही केक काटकर, कही गरीबो में राशन व फल बांटकर मनाया गया।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आम दिनों में भी लोगों के बीच ही रहते हैं। ऐसा कोई दिन नहीं होता जब वो फील्ड में लोगों से न घिरे हों या दिल्ली में अपने सरकारी आवास पर लोगों के बीच न बैठे हों। उन्होंने हाल में खत्म हुए संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा में सार्वजनिक महत्त्व के कई मुद्दे उठाए और सरकार को पीछे हटने पर मजबूर किया। उन्होंने संचार साथी एप पर क?ा विरोध किया जिसके बाद सरकार ने इसकी प्रीलोड अनिवार्यता को वापस लिया।

एनएच 305 की हालत को जल्द सुधारे सरकार : मोहर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुल्लू। कुल्लू के ओट से लुहरी को आपस में जोड़ने वाले एनएच 305 की हालत आज इतनी खराब है कि यहां पर सफर करना स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इतना ही नहीं इससे तीन विधानसभा क्षेत्र के लोग सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन प्रदेश सरकार इस और कोई ध्यान नहीं दे रही है। सराज टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहर सिंह राठौर ने बताया कि ?ऑट लूहरी सड़क मार्ग को नैशनल हाईवे 305 का दर्जा 2012 में मिला। ऐसे में पिछले 12-13 वर्षों में एक बार ही इस सड़क मार्ग को टारिंग नसीब हुई हैं और उसके बाद इसकी बदहाली पर किसी का भी ध्यान नहीं गया है। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन और स्थानीय ?नेताओ की कार्यशैली के कारण ?यह सड़क मार्ग बदहाली से गुजर रहा है। सड़क मार्ग चलने लायक कम दुर्घटना के लिए बहुत ही ज्यादा लोकप्रिय हो गया है। मोहर सिंह राठौर ने बताया कि सरकार की नाकामी के कारण यहां की जनता को माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करनी पड़ी है और अब जनता की नजर भी हाईकोर्ट पर टिक गई हैं।

सराज टुरिज्म डेवेलपमेन्ट ऐसोसिएशन के प्रधान मोहर सिंह राठौर ने कहा कि इस मुहिम को किसी भी हालत में कमजोर नहीं होने ?दिया जाएगा और सराज टुरिज्म डेवेलपमेन्ट सोसिएशन बन्जार पर्यटन ,आम जनमानस, और इलाके को मध्य नजर रखते हुए इस मुहिम को अंतिम पड़ाव तक पहुंचाने में भरपूर सहयोग देगी।

श्रवण संस्कृति परमार संस्थान ग्रेटर ग्वालियर के द्वारा नववर्ष पर दो दिवसीय णमोकार महामंत्र का अखंड पाठ हुआ संपन्न

णमोकार महामंत्र के अखंड पाठ का समापन श्रीजी के अभिषेक एवं विश्व शांति महायज्ञ के साथ हुआ।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

ग्वालियर – श्रवण संस्कृति परमार संस्थान ग्रेटर ग्वालियर के द्वारा नववर्ष की बेला पर 02 से 04 जनवरी तक दो दिवसीय णमोकार महामंत्र का अखंड पाठ दाना ओली स्थित दिगंबर पार्श्वनाथ जैन वरैया मंदिर में आयोजित किया गया। जिसक समापन आज रविवार को णमोकार विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के साथ किया गया। 02 जनवरी शुक्रवार से निरंतर संगीतमय ध्वनी के साथ प्रारंभ हो कर आज रविवार को णमोकार विधान के साथ संपन्न हुआ।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि णमोकार महामंत्र विधान के विधानाचार्य पंडित भरत जैन वैरागी ने मंत्रो के साथ इन्द्रो भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक किया। वही शांतिधारा भरत वैरागी अमित भंडारी ने की। विधान के मण्डल पर मुख्य मंगल कलश डॉ.श्रीमती सरोज जैन ओर नविता जैन, पिंकी जैन, सुनीता जैन एवं नीतू जैन विराजमान तथा मां जिनवाणी श्रीमती रानी जैन ने की।णमोकार महामंत्र विधान में महिलाओं ने भक्तिभाव से अष्ट द्रव्य से पूजन कर महा अर्घ्य समर्पित किए। विधान के पश्चात सभी भक्तों ने विश्व शांति की कामना से विश्वशांति महायज्ञ भी संपन्न किया। संस्था की धार्मिक मंत्री नीतू जैन ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। विधानाचार्य पंडित भरत जैन वैरागी ने बताया कि यह महामंत्र चौरासी लाख मंत्रों का जनक है तथा सभी पापों नाश करने वाला है। इस महामंत्र के प्रभाव से तिर्यंच प्राणी भी मर कर देव हुते हैं। विधान के तत्पश्चात ध्वजारोहण कर्ता जवाहर लाल जैन परिवार की ओर वात्सल्य भोज कराया गया

न्यूज ब्रीफ

हैदराबाद: शराब पीकर वाहन चलाने पर पकड़े गए ऑटो चालक ने मृत सांप दिखाकर धमकाया

अर्थ प्रकाश/ हैदराबाद। हैदराबाद में शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में पकड़े जाने के बाद एक ऑटो रिक्शा चालक ने यातायात पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर मृत सांप दिखाकर धमकाया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को चंद्रयानगुट्टा यातायात पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले एक इलाके की। उन्होंने बताया कि वाहनों की जांच के दौरान चालक को नशे की हालत में ऑटो रिक्शा चलाते हुए पकड़ा गया। इस संबंध में आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यातायात कर्मियों ने ऑटो रिक्शा को जब्त कर लिया और चालक से वाहन से अपना सामान निकालने को कहा। इसी दौरान चालक ने अचानक एक मृत सांप निकाला और यातायात कर्मियों को धमकाने लगा। उसने मामला दर्ज न करने और ऑटो-रिक्शा छोड़ने की मांग की। इसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में ऑटो रिक्शा चालक को मृत सांप हाथ में लेकर एक यातायात पुलिसकर्मी की ओर बढ़ते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उसे यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'इसे (सांप) ले लोज मुझे अभी अपना वाहन वापस चाहिए।'

कर्नाटक: दलित महिला की हत्या, आरोपी का शव जंगल में मिला; हिंदुत्व संगठनों का बंद का आह्वान

अर्थ प्रकाश/ करवार (कर्नाटक)। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के येल्लापुर कस्बे में 30 वर्षीय दलित महिला की सड़क पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि यह हत्या उसके परिचित व्यक्ति ने की। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीपन एमएन ने बताया कि आरोपी रफीक इमामसाब का शव रविवार को येल्लापुर के पास जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। इस घटना से कस्बे में सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया है और कई हिंदू संगठनों ने रविवार को येल्लापुर में बंद का आह्वान किया है। उन्होंने महिला की हत्या को 'लव जिहाद' का मामला बताया है। मृतका की पहचान येल्लापुर के कलम्मा नगर निवासी 30 वर्षीय रंजीता भानसोड के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, उसी इलाके का रहने वाला रफीक महिला की हत्या का मुख्य आरोपी था। पुलिस ने बताया कि रफीक और रंजीता स्कूल के दिनों से दोस्त थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी महिला पर शादी का दबाव डाल रहा था। जब महिला ने इससे इनकार किया, तो उसने सरे आम कथित तौर पर चाकू से महिला पर हमला कर दिया।'' यह घटना शनिवार दोपहर को हुई, जब रंजीता अपने कार्यस्थल से घर लौट रही थी। पुलिस ने बताया कि रंजीता ने लगभग 12 साल पहले महाराष्ट्र के सोलापुर के सचिन कटेरा से शादी की थी और उनका 10 साल का बेटा है। पुलिस ने बताया कि वह अपने पति से अलग, येल्लापुर में अपने परिवार के साथ रह रही थी, जहां वह एक सरकारी स्कूल में मध्याह्न भोजन सहायिका के रूप में काम करती थी। आरोपी अक्सर उसके घर भोजन के लिए आता था लेकिन तनाव तब बढ़ गया जब उसने शादी करने पर जोर दिया जिसका रंजीता और उसके परिवार ने विरोध किया। हत्या के बाद, आक्रोशित निवासियों और हिंदुत्व कार्यकर्ताओं ने आरोपी की गिरफ्तारी में देरी का आरोप लगाते हुए येल्लापुर थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी तक विरोध प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी है। इसी बीच, रफीक का शव जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। श्री राम सेना प्रमुख प्रमोद मुतालिक ने कहा, ''यह पूरी तरह से 'लव जिहाद' का मामला है, जिसमें अविवाहित महिलाओं, विधवाओं या तलाकशुदा महिलाओं को निशाना बनाया जाता है।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र रविवार को रंजीता के परिवार से मुलाकात करेंगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने येल्लापुर और उसके आसपास के इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

बल्लारी झड़प: जनार्दन रेड्डी ने 'जेड' श्रेणी सुरक्षा मांगी, 'सुनियोजित हत्या के प्रयास' का आरोप

अर्थ प्रकाश/बेंगलुरु, । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक जी जनार्दन रेड्डी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अलग-अलग पत्र लिखकर उन्हें तत्काल 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा दिए जाने की मांग की है। रेड्डी ने बल्लारी में एक जनवरी को हुई झड़प को अपने खिलाफ ''पूर्व नियोजित हत्या का प्रयास'' करार देते हुए आरोप लगाया कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। भाजपा विधायक, वाल्मीकि प्रतिमा के अनावरण के लिए बैनर लगाए जाने को लेकर हुई झड़पों का हवाला दे रहे थे। इन घटनाओं के संबंध में जनार्दन रेड्डी समेत कई लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पूर्व मंत्री ने दावा किया कि नववर्ष के दिन बल्लारी स्थित उनके आवास पर हुआ हमला ''कोई साधारण राजनीतिक टकराव नहीं था, बल्कि कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया एक सुनियोजित हत्या का प्रयास था।'' उन्होंने स्थानीय पुलिस पर निष्क्रियता और लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी जान को खतरा है, जो अब ''चरम'' पर पहुंच गया है। घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए रेड्डी ने कहा कि दोपहर करीब दो बजे भरत रेड्डी के समर्थकों ने उनके घर की बाड़ के अंदर के क्षेत्र में अवैध रूप से बैनर लगाने की कोशिश की, जिन्हें पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हटा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि शाम करीब साढ़े पांच बजे भरत रेड्डी के करीबी सहयोगी सतीश रेड्डी 40-50 हथियारबंद लोगों के साथ बोतलें, पत्थर, लाठियां और धारदार हथियार लेकर उनके परिसर में घुस आए और खुली धमकियां दीं, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। रेड्डी के अनुसार, गंगावती से उनके लौटने के बाद शाम करीब सात बजे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक नारा भरत रेड्डी के कहने पर सतीश रेड्डी और उसके लोगों ने सीधा हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान एक बंदूकधारी ने उन्हें और उनके घर को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की। उन्होंने कहा, ''भगवान की कृपा और किस्मत से मैं बाल-बाल बच गया, लेकिन पुलिस हालात पर काबू पाने में नाकाम रही।'' रेड्डी ने यह भी दावा किया कि रात करीब नौ बजे भरत रेड्डी खुद लाठियों, पत्थरों और पेट्रोल बमों से लैस सैकड़ों समर्थकों के साथ एसपी सर्कल के पास पहुंचे, जिससे हालात और बिगड़ गए। रेड्डी ने अपने पत्र में स्वयं और अपने परिवार के लिए तत्काल प्रभाव से 'जेड' श्रेणी या समकक्ष उच्च स्तरीय सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने भरत रेड्डी, सतीश रेड्डी और उनके सहयोगियों के खिलाफ हत्या के मामले दर्ज करने तथा कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की।

स्टोन ब्रुक हाई स्कूल में नि:शुल्क मेडिकल व रक्त जाँच कैंप, 285 लोगों को मिला लाभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कालका जग्गी

पंडित केदारनाथ शर्मा हॉस्पिटल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक रविवार आयोजित किए जाने वाले निःशुल्क मेडिकल कैंप की श्रृंखला के अंतर्गत इस रविवार कालका विधानसभा क्षेत्र में निःशुल्क मेडिकल एवं रक्त जाँच कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप कालका के वार्ड नंबर 30, फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित स्टोन ब्रुक हाई स्कूल परिसर में लगाया गया।

निःशुल्क कैंप में कालका की लोकप्रिय विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनकी उपस्थिति से कैंप में पहुँचे नागरिकों में उत्साह और विश्वास का वातावरण देखने को मिला।

कैंप में सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वासुदेव तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंगला एवं डॉ. आरुषि ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं और लोगों की स्वास्थ्य जाँच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

निःशुल्क कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 285 से अधिक मरीज कैंप में पंजीकृत हुए, जिनमें 98 सामान्य रोग, 72 हड्डी रोग, 70 नेत्र रोग तथा 45 मरीज रक्त जाँच से संबंधित रहे।

कैंप के दौरान हैप्पी कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं फैमिली आईडी से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया तथा पात्र नागरिकों के नए हैप्पी कार्ड भी बनाए गए, जिससे आमजन को विशेष राहत मिली।

विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा ने शिविर के दौरान आम नागरिकों से संवाद किया, आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कुछ समस्याओं का मौके पर ही निवारण भी किया। उन्होंने कहा कि जनता का स्वास्थ्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से कालका विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से में नियमित रूप से निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस जन-कल्याणकारी पहल के लिए विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा एवं पंडित केदारनाथ शर्मा हॉस्पिटल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

'मेक फॉर इंडिया' से मजबूत होगी भारतीय अर्थव्यवस्था : राजीव जेटली

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ

फरीदाबाद। सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी ग्राउंड में स्वदेशी उत्सव एवं सरस आजीविका मेला का सफल आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी उत्सव एवं सरस आजीविका मेला के अंतर्गत आज रविवार को युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-व्यवस्था प्रमुख दीपक शर्मा 'प्रदीप' भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने कहा कि स्वदेशी का अर्थ केवल कुछ पारंपरिक वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मूल उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि देशी उत्पादों को गुणवत्ता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग के स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया जाए, ताकि स्वदेशी वस्तुएं युवाओं की मजबूरी नहीं बल्कि उनका फैशन और पसंद बनें। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भारत ने सीमित संसाधनों में चंद्रयान, मंगलयान और स्वदेशी कोविड वैक्सीन जैसी उपलब्धियां हासिल कर विश्व को अपनी तकनीकी क्षमता का परिचय दिया है। बावजूद इसके, आज भी कई विदेशी कंपनियां भारतीय नामों का उपयोग कर भारतीय उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही हैं, जिससे देश की बड़ी पूंजी विदेशों में जा रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वदेशी जागरण मंच से जुड़कर अपने नवाचार और रचनात्मक विचार साझा करें। उन्होंने कहा कि भारत के पास 130 करोड़ की विशाल आंतरिक बाजार शक्ति है और यदि 'मेक फॉर इंडिया' की सोच को मजबूती मिले तो देश को किसी बाहरी बाजार पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की कंपनियां जैसे टाटा और महिंद्रा आज वैश्विक स्तर पर विश्वसनीयता की मिसाल बन चुकी हैं। यदि स्टार्टअप और एमएसएमई को सही प्लेटफॉर्म और संरक्षण मिले तो वे भी वैश्विक नेतृत्व कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच के इस जन-जागरण अभियान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को समय से पहले साकार किया जा सकता है। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-व्यवस्था प्रमुख दीपक शर्मा 'प्रदीप' ने कहा कि स्वदेशी का सार 'रामराज्य' है, जहाँ दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों प्रकार के कष्टों का अभाव होता है। युवाओं से आह्वान किया कि वे देश के अन ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर–विशेषकर दूध, कृषि, पोल्ट्री और मत्स्य पालन–को ऑर्गेनाइज्ड, स्टैंडर्डाइज्ड और सर्टिफाइड बनाएं। उन्होंने कहा कि भविष्य का व्यापार एफएसएसएआई प्रमाणन, पैकेजिंग, ऑनलाइन बिक्री और ट्रेसिबिलिटी पर आधारित होगा। यदि डेयरी और कृषि को आधुनिक मानकों पर नहीं लाया गया, तो विदेशी कंपनियां इन क्षेत्रों पर कब्जा कर सकती हैं। उन्होंने सरकार द्वारा शुरू की गई मिनिस्ट्री ऑफ कोऑपरेटिव, ओएनडीसी, और फूड प्रोसेसिंग संस्थानों का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं के लिए अपार अवसर उपलब्ध हैं। जनता को संदेश देते हुए उन्होंने तीन सूत्र बताए– 'चाहत से देसी, आवश्यकता से स्वदेशी और मजबूरी में विदेशी।' उन्होंने कहा कि यदि भारत की विशाल भूमि, बाजार, पूंजी और युवा शक्ति का सही संयोजन किया जाए, तो भारत 2040 से पहले ही विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बन सकता है और 2047 का विकसित भारत का लक्ष्य समय से पहले प्राप्त किया जा सकता है।

चंडीगढ़ में सजी देवभूमि की सांस्कृतिक छवि, उत्तरायणी कौतिक-2026 भव्यता के साथ संपन्न

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़। देवभूमि दानपुर घाटी वेलफेयर सोसायटी (रजि.), चंडीगढ़ द्वारा आयोजित पंजाब कला भवन, सेक्टर-16, चंडीगढ़ में आयोजित उत्तरायणी कौतिक-2026 अत्यंत भव्यता, अनुशासित प्रबंधन एवं व्यापक जनसहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सांस्कृतिक महोत्सव ने चंडीगढ़ की धरती पर उत्तराखंड की लोक संस्कृति, परंपरा, संगीत, नृत्य एवं पारंपरिक खान-पान की सजीव और प्रभावशाली झलक प्रस्तुत की, जिससे पूरा वातावरण उत्तराखंडमय हो उठा।संस्था के मीडिया प्रभारी शशि प्रकाश पांडे ने बताया कि

कार्यक्रम में उत्तराखंड सरकार के मंत्री माननीय श्री शिव सिंह बिष्ट, मुख्य अतिथि तथा विधायक कपकोट एवं कार्यक्रम अध्यक्ष श्री सुरेश गढ़िया की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों अतिथियों ने आयोजन की भव्यता, अनुशासन और सांस्कृतिक स्तर की बहुत ही प्रशंसा करते हुए कहा कि चंडीगढ़ में उत्तराखंड की संस्कृति का ऐसा सजीव और सशक्त स्वरूप प्रस्तुत होना अत्यंत सराहनीय है तथा संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

वही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सतनाम सिंह संधू, (राज्यसभा सांसद एवं चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक), तथा श्री संजय टंडन, (पूर्व भाजपा अध्यक्ष चंडीगढ़ एवं वर्तमान सह-प्रभारी हिमाचल प्रदेश) व एरिया पार्षद भाजपा सौरव जोशी, भाजपा चंडीगढ़ महिला मोर्चा अध्यक्ष हीरा नेगी, भाजपा चंडीगढ़ उत्तराखंड प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपिंदर शर्मा , पूर्व डिप्टी मेयर भाजपा चंडीगढ़ अनिल दुबे, व भाजपा पार्षद गुरबख्श रावत उपस्थित रहे। उन्होंने उत्तराखंड की लोक संस्कृति, पारंपरिक व्यंजनों और सांस्कृतिक परिवेश की खुले मन से सराहना की। अतिथियों ने विशेष रूप से मडुए की रोटी, भट की चुटकानी ,गडेरी की सब्जी, गेठी के गुटके एवं पारंपरिक पहाड़ी चटनियों का स्वाद लिया और बहुत ही प्रशंसा की। इस वर्ष आयोजन का प्रमुख आकर्षण अल्मोड़ा की प्रसिद्ध बाल मिठाई रही, जिसने सभी का मन मोह लिया।

इसके साथ ही उत्तराखंड के पारंपरिक आभूषणों–गलोबंद, नथ एवं अन्य लोक आभूषणों की प्रदर्शनी ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इन स्टॉलों पर दिनभर भारी भीड़ रही और लोगों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार आनंद सिंह कोरंगा ने घूंगराली धातूली, फकीरा चंद चिनियाल ने छणां छण आंसू आए , कुंदन सिंह कोरंगा ने भी अपने गानों से दर्शकों का मन खूब मोहा, कमल मेहरा ने आजा मेरा दानपुरा, हेमा ध्यानी ने घास काटुला इजू , गंगा सिंह कोश्यारी ने उत्तरायणी कौतिक लागी र एवं दुर्गा सागर ने मेरी माई हे भगवती द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकधुनों और पारंपरिक गीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम में बाल कलाकारों की आत्मविश्वासपूर्ण एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं । नन्हे कलाकारों की कला, मंचीय आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की अतिथियों एवं दर्शकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि ट्राई-सिटी में आयोजित यह उत्तरायणी कौतिक न केवल प्रवासी

उत्तराखंडियों को एक सूत्र में जोड़ने में सफल रहा, बल्कि इससे देश-विदेश तक उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान, परंपरा और विरासत का सशक्त संदेश भी गया है।

आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, कलाकारों, बाल कलाकारों, सहयोगियों, स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तरायणी कौतिक-2026 उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने की दिशा में एक स्मरणीय एवं प्रेरणादायी आयोजन सिद्ध हुआ है और भविष्य में भी होते रहेंगे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के पदाधिकारी कुंदन सिंह कोरंगा, आनंद सिंह कोरंगा, शशि प्रकाश पांडे, नंदन सिंह कोरंगा, दर्शन सिंह कोरंगा, दान सिंह गढ़िया, हरीश सिंह कोरंगा, चंचल सिंह कपकोटी, रमेश कोरंगा, बलवंत मेहता, सुरेन्द्र सिंह कोरंगा, विशाल कोरंगा, प्रताप सिंह कोरंगा, कुंवर सिंह कोरंगा, राजेंद्र सिंह, टीका मेहता, उमेद ओली, दीवान सिंह ऐठानी, राम सिंह मेहता, चंचल सिंह कोरंगा, दीपक कोरंगा, कुंदन सिंह दफोटी, दयाल कोरंगा, हीरा सिंह माकुनी, सहित अन्य सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही, कुमाऊं सभा, गढ़वाल सभा व सभी उत्तराखंडी संस्थाओं के पदाधिकारी गण व सभी उत्तराखंडी कीर्तन मण्डली के पदाधिकारी गण मौजूद रहे

जम्मू में कूरियर कंपनियों पर सख्ती; मादक पदार्थों के परिवहन पर रोक

अर्थ प्रकाश / जम्मू। जम्मू जिला प्रशासन ने कूरियर कंपनियों और पार्सल सेवा प्रदाताओं को वैध परमिट के बिना मादक पदार्थों और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के परिवहन से रोक दिया है तथा सभी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। ये निर्देश शनिवार को जम्मू के जिलाधिकारी राकेश मिन्हास द्वारा जारी किए गए। आदेश में कहा गया है, ''स्वापक ओषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जम्मू के जिलाधिकारी ने आदेश दिया है कि जिले में काम करने वाली कोई भी कूरियर कंपनी, पार्सल सेवा या रसद सेवा प्रदाता बिना वैध परमिट के किसी भी नशीले पदार्थ या अन्य प्रतिबंधित सामान को न तो स्वीकार करेगी, न बुक करेगी और न ही उसका परिवहन करेगी। यह परमिट एनडीपीएस नियमों और ओषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अनुसार होना जरूरी है।'' आदेश के अनुसार, ''सभी कूरियर कंपनियों और पार्सल सेवा प्रदाताओं को प्रेषक और प्राप्तकर्ता की पहचान की सख्ती से जांच करनी होगी, जिसमें सरकार द्वारा जारी वैध पहचान पत्र शामिल है। साथ ही, हर पार्सल का पूरा रिकॉर्ड रखना होगा, जैसे प्रेषक और प्राप्तकर्ता का विवरण, पार्सल में क्या है, उसका वजन, बुकिंग की रसीद और तारीख, तथा प्रत्येक खेप के बदले लिया गया भुगतान और जहां जरूरी हो वहां लेनदेन का विवरण।'' आदेश में कर्मचारियों को संदिग्ध खेपों की पहचान करने और ऐसी किसी भी गतिविधि की तुरंत निकटतम पुलिस को सूचना देने के लिए प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि किसी भी कूरियर कंपनी या एजेंसी द्वारा निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर उसे व्यक्तिगत और कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इसमें शामिल मालिकों, प्रबंध निदेशकों, निदेशकों, एजेंट और कर्मचारियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम, बीएनएसएस और अन्य कानूनों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

राजस्थान में फतेहपुर सबसे ठंडा, जयपुर में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री

अर्थ प्रकाश /जयपुर, 04 जनवरी (वेब वार्ता)। राजस्थान में मौसम पिछले 24 घंटों के दौरान शुष्क रहा और राज्य के कुछ स्थानों पर मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। मौसम केंद्र ने रविवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, इस अवधि में पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर शीत दिवस और शीत लहर की स्थिति दर्ज की गई। सीकर जिले के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। न्यूनतम तापमान सीकर में 2.5 डिग्री सेल्सियस, लूणकरनसर में 2.8 डिग्री सेल्सियस, वनस्थली में चार डिग्री सेल्सियस और सिरोही, पाली एवं चूरू में 4.4 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। राज्य की राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम केंद्र ने कहा, 'राज्य के कुछ हिस्सों में ठंड की स्थिति बनी रहने की संभावना है, वहीं सुबह कुछ स्थानों पर कोहरे के कारण दृश्यता प्रभावित हो सकती है।'

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में अनजाने में गोली चलने से रेलवे सुरक्षा बल का जवान घायल

अर्थ प्रकाश /जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल की सरकारी बंदूक से अनजाने में गोली चल जाने से वह घायल हो गया। अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात कठुआ रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान सरकारी हथियार से अनजाने में गोली चल जाने से कांस्टेबल दिनेश कुमार के कंधे में गंभीर चोट आई। उन्होंने बताया कि उनके साथियों ने उन्हें तुरंत कठुआ स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल पहुंचाया।

ओडिशा: पत्थर की खदान में चट्टान गिरने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका, बचाव अभियान जारी

अर्थ प्रकाश /भुवनेश्वर, । ओडिशा के ढेंकानाल जिले में पत्थर की एक खदान में चट्टानों का बड़ा हिस्सा गिरने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम मोटांगा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास स्थित खदान में उस समय की है जब कुछ मजदूर पत्थरों की खुदाई और उन्हें निकालने का काम कर रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितने मजदूर चट्टानों के नीचे फंसे हैं और घटना का सटीक कारण क्या है। हालांकि, स्थानीय अग्निशमन दल, ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) की टीम और श्वान दस्ते को बचाव कार्य के लिए मौके पर भेजा गया है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा, 'बचाव अभियान जारी है।' ढेंकानाल के जिलाधिकारी आशीष ईश्वर पाटिल और पुलिस अधीक्षक अभिनव सोनकर बचाव अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इस बीच, विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने 'एक्स' पर लिखा, ''ढेंकानाल में पत्थर की खदान में विस्फोट के बाद चट्टान गिरने से श्रमिकों की मौत की खबर से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। दुःख की इस घड़ी में मैं मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।'' पटनायक ने मामले की उचित जांच किए जाने की मांग करते हुए कहा, ''सरकार को बचाव अभियान में तेजी लाने पर तत्काल ध्यान देना चाहिए।''

त्रिशूर रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में आग लगने से सैकड़ों दोपहिया वाहन जलकर खाक

अर्थ प्रकाश /त्रिशूर (केरल)। केरल में त्रिशूर रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में रविवार को आग लग जाने से सैकड़ों दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। अग्निशमन एवं बचाव सेवा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सशुल्क पार्किंग क्षेत्र में सुबह करीब साढ़े छह बजे आग लगी और इस संबंध में अग्निशमन विभाग को करीब पौने सात बजे जानकारी मिली। एक इलेक्ट्रिक लाइन से निकली चिंगारी को आग लगने का संभावित कारण माना जा रहा है। चिंगारी एक दोपहिया वाहन पर गिर गई थी जिस पर कवर चढ़ा हुआ था। अधिकारियों का अनुमान है कि पार्किंग स्थल में करीब 400 दोपहिया वाहन खड़े थे और घटना में उनमें से अधिकतर जलकर खाक हो गए।

बीते एक हफ्ते में सोना 760 रुपए महंगा, चांदी में भी तेजी

- दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,35,970, मुंबई में 1,35,820 रुपए प्रति 10 ग्राम

नई दिल्ली । देश में सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बीते एक सप्ताह में 24 कैरेट सोना 750 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ है, जबकि 22 कैरेट सोने में 760 रुपये की तेजी दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 4,392.94 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रहा है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग से सोने को मजबूती मिल रही है। रे विवार को दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,35,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है, जबकि मुंबई में यह 1,35,820 रुपये और चेन्नई में 1,37,460 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 22 कैरेट सोना अधिकतर शहरों में 1,24,500-1,24,650 रुपये के बीच कारोबार कर रहा है। 18 कैरेट सोना 1,01,800 - 1,05,000 रुपये के दायरे में स्थिर है। दिल्ली में पिछले 10 दिनों में 24 कैरेट सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। दिसंबर के अंत में कीमतें गिरावट के बाद जनवरी में स्थिर रहीं। 22 कैरेट सोना भी इसी रुझान को फॉलो कर रहा है। वहीं चांदी की कीमतों में भी मजबूत उछाल दर्ज हुआ है। पिछले सप्ताह चांदी 3,100 रुपये प्रति किलो महंगी हुई और 2,41,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। साल 2025 में चांदी ने करीब 163.5 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दिखाई। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन के नए निर्यात नियंत्रण से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, जिससे भविष्य में चांदी की कीमतों में और तेजी आ सकती है।

तेल-तिलहन बाजार में मजबूती, सोयाबीन डीगम तेल आयात घटा

- शादी-ब्याह के मौसम और षडमास की समाप्ति के चलते धीरे-धीरे बढ़ रही है नरम तेलों की मांग

नई दिल्ली । आयातकों द्वारा सोयाबीन डीगम तेल की लागत से कम बिकवाली के कारण इस तेल का आयात घट गया। सोयाबीन डीगम नरम तेलों में सबसे सस्ता है, और इसकी कमी ने बाकी तेलों के दामों में भी मजबूती लाई। बीते सप्ताह सोयाबीन, सूरजमुखी, कपास, मूंगफली और बिनौला तेल-तिलहन के दाम बढ़े फिर भी ये अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी नीचे बने हुए हैं, इसलिए इसे स्थायी उछाल नहीं माना जा सकता। 14 जनवरी के आसपास षडमास समाप्ति और शादी-ब्याह के मौसम की मांग धीरे-धीरे बढ़ रही है। नरम तेलों की मांग में सुधार के साथ बिनौला तेल के दाम भी मजबूत हुए। बड़े मिल वाले सरसों तेल के दाम बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि मूंगफली तेल में जाड़े की मांग और गुणवत्ता की वजह से सुधार देखा गया। सट्टेबाजी के चलते इनके दाम ऊंचे हैं, लेकिन वास्तविक मांग कम और ठंड के मौसम में घटने की संभावना है। बीते सप्ताह सरसों दाना 25 रुपये के सुधार के साथ 6,925-6,975 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,300 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,400-2,500 रुपये और 2,400-2,545 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 210-210 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 5,010-5,060 रुपये और 4,710-4,760 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 100 रुपये के सुधार के साथ 13,650 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 100 रुपये के सुधार के साथ 13,250 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 125 रुपये के सुधार के साथ 10,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। जाड़े की मांग में सुधार के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतों में भी तेजी देखने को मिली। मूंगफली तिलहन 125 रुपये के सुधार के साथ 6,575-6,950 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 300 रुपये के सुधार के साथ 15,800 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 2,530-2,830 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का आईपीओ 9 जनवरी से खुलेगा

- कोल इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी का आईपीओ पूरी तरह ओएफएस होगा

मुंबई (ईएमएस)। नए साल 2026 की शुरुआत में शेयर बाजार में पहली मेनबोर्ड एंट्री भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की होने जा रही है। कोल इंडिया की सब्सिडियरी और मिनी रत्न सरकारी कंपनी बीसीसीएल ने 9 जनवरी 2026 से अपना आईपीओ लाने का ऐलान किया है। कंपनी ने 2 जनवरी को रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। यह आईपीओ पूरी तरह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा, जिसमें प्रमोटर कोल इंडिया अपने 46.57 करोड़ इक्विटी शेयर बेचेगी। इस इश्यू से कंपनी को कोई नई पूंजी नहीं मिलेगी और पूरा पैसा कोल इंडिया को जाएगा। ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 13 रुपए प्रीमियम पर कारोबार कर रहे हैं। कर्मचारियों के लिए 2.32 करोड़ और मौजूदा शेयरधारकों के लिए 4.65 करोड़ शेयर आरक्षित हैं। एंकर निवेशकों के लिए इश्यू 8 जनवरी को खुलेगा, जबकि रिटेल निवेशक 9 से 13 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। शेयरों की लिस्टिंग 16 जनवरी को बीएसई और एनएसई पर होने की उम्मीद है। 1972 में स्थापित बीसीसीएल देश की सबसे बड़ी कोकिंग कोल उत्पादक कंपनी है। वित्त वर्ष 25 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 1,240 करोड़ रुपये रहा। मजबूत बाजार स्थिति और कोकिंग कोल की लगातार मांग इस आईपीओ को निवेशकों के लिए अहम बना सकती है।

लग्जरी ईवी की बिक्री में जीएसटी 2.0 के बाद गिरावट

- अक्टूबर और नवंबर 2025 में लग्जरी खंड में ईवी की बिक्री 2-3 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली ।

जीएसटी 2.0 दरों के लागू होने के बाद लग्जरी इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में लगभग 2-3 प्रतिशत की गिरावट आई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार अब शुरुआती लग्जरी खंड में आईसीई (इंटरनल कंबशन इंजन) गाड़ियां स्वामित्व की कुल लागत (टीसीओ) के लिहाज से बेहतर विकल्प बन गई हैं। इस बदलाव के कारण ईवी और आईसीई के बीच कीमत का अंतर बढ़ गया है, जिससे ग्राहक अब आईसीई मॉडल की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि अक्टूबर और नवंबर 2025 में लग्जरी खंड में ईवी की बिक्री में 2-3 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। उन्होंने कहा कि यह बदलाव विशेष रूप से शुरुआती लग्जरी ईवी खंड में अधिक स्पष्ट है, जबकि अत्यधिक लग्जरी ईवी मॉडल अभी भी मजबूत बने हुए हैं। मर्सिडीज-बेंज इंडिया की कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 8 प्रतिशत है, लेकिन 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाली गाड़ियों में यह 20 प्रतिशत तक जाती है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि

जीएसटी 2.0 ने आईसीई पोर्टफोलियो को और अधिक आकर्षक बनाया है। उन्होंने बताया कि बीएमडब्ल्यू ने आईसीई मॉडल पर जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया है, जिससे कीमत में औसतन 6.7 प्रतिशत की कमी आई।

आरबीआई ने 2000 हजार के नोट को लेकर दिया बड़ा अपडेट.....

नई दिल्ली ।

1 जनवरी 2026 से देश में कई तरह के पैसे से जुड़े बदलाव लागू हुए हैं और इसी बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2000 के नोटों को लेकर अहम जानकारी दी है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 2000 के ज्यादातर नोट सिस्टम में वापस लौट चुके हैं, लेकिन अब भी थोड़ी संख्या में ये नोट लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने 19 मई 2023 को जब 2000 के नोट वापस लेने का ऐलान किया था, तब इनकी कुल वैल्यू 3.56 लाख करोड़ रुपये थी। अब 31 दिसंबर 2025 तक यह घटकर सिर्फ 5,669 करोड़ रुपये रह गई है। यानी करीब 98 फीसदी से ज्यादा नोट वापस आ चुके हैं। इसका मतलब साफ है कि बहुत कम संख्या में 2000 के नोट अब भी सर्कुलेशन में हैं या फिर लोगों के पास रखे हुए हैं। इसके बाद लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या अब 2000 का नोट अवैध हो गया है? इसका जवाब है नहीं। आरबीआई ने साफ किया है कि 2000 का नोट अब भी लीगल टेंडर है। यानी अगर किसी व्यक्ति के पास अभी भी 2000 का नोट है, तब यह कोई अपराध नहीं है। हालांकि, आरबीआई की सलाह यही है कि इसतरह नोटों

को जल्द से जल्द वापस कर दिया जाए या बैंक खाते में जमा करा दिया जाए। अब सवाल यह उठता है कि 2000 के नोट बदले या जमा कैसे करें, क्योंकि बैंक ब्रांच में यह सुविधा पहले ही बंद हो चुकी है। बता दें कि देशभर के सभी बैंकों में 2000 के नोट जमा या एक्सचेंज करने की सुविधा 7 अक्टूबर 2023 को खत्म हो गई थी। अब लोग सीधे आरबीआई के इश्यू ऑफिस में जाकर 2000 के नोट अपने बैंक खाते में जमा कर सकते हैं या फिर वहीं जाकर नोट एक्सचेंज भी करा सकते हैं।

एलन मस्क की एक्स अवैध सामग्री के खिलाफ कड़ा रुख अपनाएगी

नई दिल्ली ।

एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया साइट 'एक्स' ने कहा है कि वह अवैध सामग्री को तुरंत हटाएगी और ऐसे खातों को स्थायी रूप से निलंबित करेगी। यह नीति बाल यौन शोषण सहित किसी भी गैरकानूनी सामग्री पर लागू होगी। एक्स ने बताया कि वह जरूरत पड़ने पर स्थानीय सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेगी। कंपनी का कहना है कि प्लेटफ़ॉर्म स्थानीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करेगा। एक्स की एआई सेवा 'ग्रोक' का इस्तेमाल अवैध सामग्री बनाने के लिए करने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ भी समान कार्रवाई की जाएगी। एलन मस्क ने स्पष्ट किया कि इस तरह के उपयोगकर्ता वही परिणाम भुगतेंगे, जैसा कि सीधे अवैध सामग्री अपलोड करने वालों को होता है। भारत सरकार ने पाया है कि एक्स पर अश्लील, अभद्र और अन्य गैरकानूनी सामग्री अपलोड की जा रही है, जो स्थानीय कानूनों का उल्लंघन है। एक्स की यह नीति प्लेटफ़ॉर्म को अधिक सुरक्षित बनाने और अवैध गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

एफपीआई ने जनवरी के दो दिनों में भारतीय बाजार से निकाले 7,608 करोड़

नई दिल्ली । विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 2026 की शुरुआत में सतर्क रुख अपनाया है। जनवरी के पहले दो कारोबारी सत्रों में उन्होंने भारतीय इक्विटी से 7,608 करोड़ रुपये निकाले। यह पिछले साल के रुझान का ही हिस्सा है, जब 2025 में कुल 1.66 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली हुई थी। विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी निवेशकों का यह रुख कई वैश्विक और घरेलू कारकों से प्रभावित है। इसमें अस्थिर मुद्रा, वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताएं और भारतीय बाजार का बढ़ा हुआ मूल्यांकन मुख्य कारण हैं। इन सबके चलते एफपीआई ने जोखिम कम करने की रणनीति अपनाई है। एफपीआई की लगातार बिकवाली ने रुपये की डॉलर के मुकाबले गिरावट में भी योगदान दिया। 2025 के दौरान यह बिकवाली रुपये को लगभग 5 फीसदी कमजोर करने में सहायक रही। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 में विदेशी निवेशकों का रुख बदल सकता है। बेहतर घरेलू बुनियादी कारक निवेशकों को आकर्षित कर सकते हैं। मजबूत जीडीपी वृद्धि और कॉर्पोरेट मुनाफे में सुधार आने वाले महीनों में सकारात्मक एफपीआई प्रवाह के संकेत दे सकते हैं।

सेंसेक्स की शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.23 लाख करोड़ बढ़ा

- रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे अधिक लाभ दर्ज किया, टीसीएस, इंफो सिस एवं बजाज फाइनेंस को हुआ नुकसान

मुंबई । पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में सकारात्मक रुझान देखा गया। निवेशकों के उत्साह के साथ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेजी दर्ज की गई, जिससे बाजार का कुल मूल्यांकन भी बढ़ा। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर ने लाभ में रहने का रिकॉर्ड बनाया। इन कंपनियों के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में 1,23,724.19 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे अधिक लाभ दर्ज किया। इसका बाजार मूल्यांकन 45,266.12 करोड़ रुपये बढ़कर 21,54,978.60 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वहीं भारतीय स्टेट बैंक ने 30,414.89 करोड़ रुपये जोड़कर अपना मूल्यांकन 9,22,461.77 करोड़ रुपये कर लिया। इस प्रदर्शन के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का खिताब बरकरार रखा। टॉप 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्यांकन 10,745.72 करोड़ रुपये घटकर 11,75,914.62 करोड़ रुपये रह गया। इसके अलावा इंफोसिस का मूल्यांकन 6,183.25 करोड़ रुपये कम हुआ, जबकि बजाज फाइनेंस में भी गिरावट दर्ज की गई।

इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुझान

– रुपए की चाल और ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी

मुंबई ।

इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों, विदेशी निवेशक गतिविधियों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। पिछले सप्ताह घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी के कारण बाजार में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 720.56 अंक बढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 286.25 अंक ऊपर गया। निफ्टी ने 26,340 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर भी छुआ। विशेषज्ञों के अनुसार निवेशक इस सप्ताह भारत में आने वाले एचएसबीसी सर्विसेज पीएमआई और संयुक्त पीएमआई के अंतिम आंकड़ों पर ध्यान देंगे। ये आंकड़े व्यापारिक गतिविधियों, रोजगार और आर्थिक गति के रुझानों को दर्शाएंगे। साथ ही, कंपनियों के तिमाही नतीजों के शुरुआती दौर में निवेशक प्रमुख कंपनियों में चुनिंदा पोजीशन बना सकते हैं। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़े निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। विशेषकर अमेरिकी गैर-कृषि

पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़े बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बाजार के जानकारों का कहना है कि बाजार की भावना रचनात्मक रहने की उम्मीद है, लेकिन यह स्थिर दायरे में रह सकता है। निवेशक वैश्विक और घरेलू आंकड़ों के आधार पर अपनी रणनीति बनाएंगे। इस सप्ताह बाजार की चाल आर्थिक संकेतकों, तिमाही नतीजों और वैश्विक रुझानों से प्रभावित होगी। निवेशक सतर्क रहेंगे और बाजार में रचनात्मक लेकिन स्थिर गतिविधियों की संभावना रहेगी।

नेपाल में पेट्रोल 4 और डीजल 5 रुपए सस्ता

नई दिल्ली । नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। पेट्रोल 4 रुपए कम होकर 159 रुपए प्रति लीटर और डीजल 5 घटकर 137 रुपए प्रति लीटर हो गया। नई कीमतें 1 जनवरी 2026 से लागू होंगी। नेपाल में ईंधन की बिक्री तीन कैटेगरी में विभाजित है। पहली कैटेगरी में चारली, बिराटनगर, जनकपुर और बीरगंज; दूसरी में सुर्खेत और दांग; तीसरी में काठमांडू, पोखरा और दीपायल शामिल हैं। हर क्षेत्र में कीमतें थोड़ी भिन्न हो सकती हैं।

ओएनजीसी गुजरात के खाली हो चुके कुओं में सीओ2 भंडारण करेगी

- पायलट परियोजना में दो छोड़े गए तटवर्ती कुएं का उपयोग किया जाएगा

नई दिल्ली । तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने गुजरात के गांधार तेल क्षेत्र में अपने पहले पूर्ण स्तर के कार्बन संग्रहण और भंडारण (सीसीएस) पायलट की योजना की घोषणा की है। इस परियोजना के तहत कंपनी खाली हो चुके तेल कुओं में कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) को जमा करेगी, जिससे वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन को कम किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि पायलट परियोजना में दो छोड़े गए तटवर्ती कुएं का उपयोग किया जाएगा। इन कुओं में प्रतिदिन लगभग 100 टन सीओ2 उप-सतही हाइड्रोकार्बन जलाशयों में जमा की जाएगी। सीओ2 का स्रोत मुख्य रूप से दहेज क्षेत्र के नजदीकी औद्योगिक प्रतिष्ठान और ओएनजीसी का हजीरा संयंत्र होगा। सीओ2 को जमीन के नीचे जमा किया जाएगा ताकि यह वातावरण में न जाए। इससे पहले ओएनजीसी ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की कोयली रिफाइनरी से सीओ2 प्राप्त किया था, जो गांधार कुओं तक लगभग 80 किलोमीटर दूर से लाया गया। इस परियोजना का एक प्रमुख उद्देश्य सीओ2 का तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए उपयोग करना भी है। इससे हानिकारक ग्रीनहाउस गैस को एक उपयोगी संसाधन में बदला जा सकेगा।

अगले 10 सालों में भारत सबसे बेहतर ग्रोथ प्रोफाइल वाले देश.....ऐसा क्यों कहा आर्थिक जानकार ने

नई दिल्ली ।

भारतीय शेयर बाजारों के लिए 2025 का साल उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। ऐसा देश की मैक्रो इकोनॉमिक स्थिति मजबूत रहने के बाद भी हुआ। यह कहना आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर एस नरेन का है। नरेन ने 2025 को भारतीय शेयर बाजारों के लिए हाइबरनेशन यानी सुस्ती का साल बताया है। उनके मुताबिक, कम फिस्कल डेफिसिट, कम करंट अकाउंट डेफिसिट, कंट्रोल में महंगाई और मजबूत आर्थिक विकास के बावजूद भारतीय शेयर बाजार दुनिया के मार्केट्स से पीछे रह गया।

लेकिन 2026 को लेकर नरेन का आउटलुक पूरी तरह अलग है। उन्होंने साफ कहा है कि नया साल भारतीय बाजारों के लिए टर्नअराउंड का साल साबित हो सकता है। उनके मुताबिक 2026 में भारत के शेयर बाजार ज्यादातर ग्लोबल मार्केट्स से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इतना ही नहीं नरेन भारत की ग्रोथ स्टोरी को लेकर काफी सकारात्मक दिखे और कहा कि अगले 10 सालों में भारत दुनिया की सबसे बेहतर ग्रोथ प्रोफाइल वाले देशों में शामिल रहेगा।

डेमोग्राफिक स्ट्रक्चर को भारत की बड़ी ताकत बताकर नरेन ने कहा कि लॉन्ग टर्म निवेश के लिए भारत बेहद आकर्षक बाजार है। उनका मानना है कि एसेट एलोकेशन वर्तमान में सबसे सही रणनीति है और 2025 की तुलना में 2026 में इक्विटी में थोड़ा ज्यादा रिस्क लिया जा सकता है, क्योंकि पिछले एक साल में भारतीय बाजारों ने ज्यादातर ग्लोबल मार्केट्स को अंडरपरफॉर्म किया है। हालांकि एस नरेन ने निवेशकों को सावधानी बरतने की चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल लेवल पर जोखिम अभी भी ऊंचे बने हुए हैं।

नरेन के मुताबिक, गोल्ड और सिल्वर ने बीते एक साल और पांच साल में जबरदस्त रिटर्न दिया है। सिल्वर की कीमतें एक साल में दोगुनी से ज्यादा हो चुकी हैं, जबकि सोने में भी 70 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आई है। इसके मुकाबले प्रमुख इक्विटी इंडेक्स का रिटर्न करीब 10 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। इस वजह से वे निवेशकों को प्रेशियस मेटल्स में एक्सपोजर को मॉडरेट रखने की सलाह दे रहे हैं। कुल मिलाकर नरेन का संदेश साफ है कि 2026 में भारत की इक्विटी स्टोरी मजबूत दिख रही है, लेकिन निवेश का रास्ता संतुलित और सोच समझकर तय करना जरूरी है।

भारत का कोयला आयात नवंबर में 28 फीसदी बढ़ा

- अप्रैल-नवंबर 2025 में भारत का कुल कोयला आयात 18.61 करोड़ टन रहा

नई दिल्ली । नवंबर 2025 में भारत का कोयला आयात 2.5 करोड़ टन पर पहुंच गया, जो नवंबर 2024 में 1.95 करोड़ टन था। यह आंकड़ा 28.1 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। इस वृद्धि की जानकारी इस्पात कंपनी सेल और टाटा स्टील के संयुक्त उद्यम एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड ने साझा की, जो एक बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है। एमजंक्शन के एक अे धिकारी ने बताया कि नवंबर में आयात में वृद्धि का मुख्य कारण इस्पात मिलों द्वारा सर्दियों के भंडार को फिर से तैयार करना था। इसके अलावा, समुद्र मार्ग से आने वाले कोयले की कीमतें कमजोर रहने के कारण कुछ खरीदारों ने नई पोजीशन ली। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर 2025) में भारत का कुल कोयला आयात 18.61 करोड़ टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि (18.20 करोड़ टन) की तुलना में थोड़ा अधिक है। उन्होंने कहा` कि आने वाले महीनों में घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ने की संभावना है। इसके चलते आयात में गिरावट की उम्मीद है, क्योंकि घरेलू स्रोतों से आवश्यक आपूर्ति पूरी हो सकेगी।

4000 ब्रेल पुस्तकों के साथ यूपी के पहले राज्य विवि में खुला ब्रेल पुस्तकालय

- योगी सरकार की दिव्यांग सशक्तिकरण नीति को मिला नया आयाम
- 150 से अधिक पाठकों की क्षमता, लुई ब्रेल की जयंती पर दृष्टि दिव्यांगों को मिला शिक्षा का उपहार
- विश्वविद्यालय के ब्रेल प्रेस से प्रकाशित यूजी एवं पीजी स्तर के 54 पाठ्यक्रमों की एनईपी आधारित 4000 से अधिक शैक्षणिक ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध
- ब्रेल पुस्तकों का सुव्यवस्थित पुस्तकालय स्थापित करने वाला उत्तर प्रदेश का पहला राज्य विश्वविद्यालय बना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लखनऊ, 4 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समावेशी शिक्षा और दिव्यांग सशक्तिकरण की नीति को धरातल पर उतारते हुए डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में प्रदेश के पहले राज्य विश्वविद्यालय स्तरीय ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति आचार्य संजय सिंह ने स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्थापित इस अत्याधुनिक ब्रेल पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इससे पूर्व कुलपति ने विश्वविद्यालय के ब्रेल प्रेस परिसर में ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात फीता काटकर ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग का विधिवत उद्घाटन किया गया।

दृष्टि दिव्यांगों को मिलेगा कंप्यूटर प्रशिक्षण

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति द्वारा दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों का हाथ पकड़कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि उन्हें आधुनिक कंप्यूटर प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ब्रेल लिपि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए शिक्षा का सशक्त माध्यम है, जो उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ती है।

54 उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों की 4000 से अधिक ब्रेल पुस्तकें

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि ब्रेल पुस्तकालय में विश्वविद्यालय के ब्रेल प्रेस से प्रकाशित यूजी एवं पीजी स्तर के 54 पाठ्यक्रमों की एनईपी आधारित 4000 से अधिक शैक्षणिक ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध हैं। यह प्रदेश का पहला ऐसा राज्य विश्वविद्यालय है, जहां इतनी बड़ी संख्या में ब्रेल पुस्तकों का सुव्यवस्थित पुस्तकालय अनुभाग विकसित किया गया है। पुस्तकालय में 150 से अधिक विद्यार्थियों के बैठकर अध्ययन करने की सुविधा वाला रीडिंग रूम भी तैयार किया गया है।

10 हजार ब्रेल पुस्तकों का लक्ष्य

प्रवक्ता एवं पुस्तकालय प्रभारी प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि इस वर्ष ब्रेल पुस्तकों की संख्या बढ़ाकर 10 हजार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यहां शैक्षणिक पुस्तकों के साथ-साथ नोवेल, नाटक, महापुरुषों की जीवनियां और साहित्यिक कृतियां भी उपलब्ध हैं।

बाहरी दृष्टि दिव्यांग भी ले सकेंगे सुविधा

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबको शिक्षा की भावना के अनुरूप यह पुस्तकालय केवल विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बाहरी दृष्टि दिव्यांग भी

सदस्यता लेकर यहां अध्ययन कर सकेंगे। इसके लिए विशेष, आकस्मिक और कॉर्पोरेट सदस्यता की व्यवस्था की गई है। विशेष सदस्यता विद्वानों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अन्य लखनऊ के निवासियों को मिलेगी। इसके लिए सदस्यता फॉर्म के साथ दो आवासीय प्रमाण देने होंगे। पुनर्वास विवि के अतिथि प्रवक्ता, सेवानिवृत्त अध्यापक, कर्मचारी पुस्तकालय शुल्क जमा कर विशेष सदस्य हो सकेंगे। आकस्मिक सदस्यता एक बार में छह माह तक दी जा सकेगी। इसके तहत राशि का भुगतान कर पुस्तकालय संसाधनों का लाभ उठा सकते हैं। अनियमित सदस्यों को कोई पुस्तक जारी नहीं की जाएगी। कॉर्पोरेट सदस्यता के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा कर लखनऊ का कोई भी संगठन पुस्तकालय का सदस्य बन सकेगा। इसके तहत संगठन छह पुस्तकालय टिकटों के हकदार होंगे। यह सुविधा संगठन अपने कार्यरत कर्मचारियों को देगा।

दृष्टि दिव्यांगों ने जताया आभार

ब्रेल शोध छात्र अजय कुमार द्विवेदी, रोहित, राम सकल, मनोज और अजय सहित अन्य दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लुई ब्रेल ने उन्हें पढ़ने की लिपि दी, जबकि विश्वविद्यालय ने सम्मानजनक व्यवस्था और अवसर प्रदान किया।

नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता नई दिल्ली, (यूटीएन)। चेहरे की जन्मजात विकृतियों से जूझ रहे वंचित बच्चों और वयस्कों के लिए BJS Delhi (भारतीय जैन संगठन - दिल्ली) 14 से 16 जनवरी तक मुनि मायाराम जैन अस्पताल, पीतमपुरा में तीन दिवसीय नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप का आयोजन कर रहा है। इस कैंप में देशभर के जरूरतमंद मरीजों को विश्व-स्तरीय सुधारात्मक सर्जरी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। कैंप की जानकारी देने हेतु अनुव्रत भवन, नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ शासन श्री मुनि श्री विमल कुमार एवं बहुश्रुत मुनि श्री उदित कुमार द्वारा नवकार मंत्र से किया गया। मुनि श्री ने समाज से नशा-मुक्त और संस्कारित जीवन अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सामाजिक सेवा का उद्देश्य केवल शारीरिक उपचार नहीं, बल्कि समग्र कल्याण होना चाहिए। BJS Delhi के अध्यक्ष डॉ. कमल जैन सेठिया ने कहा कि यह कैंप गरिमापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवा के प्रति संगठन की नैतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कैंप संयोजक विजय जैन ने बताया कि इसमें कटे होंठ-तालू, भेंगापन, चेहरे के दाग-धब्बों जैसी विकृतियों का पूर्णत: नि:शुल्क उपचार किया जाएगा। 14 जनवरी को ओपीडी व जांच, जबकि 15-16 जनवरी को सर्जरी और पोस्ट-ऑपरेटिव केयर दी जाएगी। राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि BJS अब तक तीन लाख से अधिक नि:शुल्क सर्जरी कर चुका है। नेशनल हेड राजेश खिवनसारा ने इसे जीवन बदलने वाली पहल बताया। यह BJS Delhi का छठा बड़ा कैंप होगा, जिसमें 100 से अधिक लाभार्थियों की उम्मीद है। कैंप में अमेरिका के प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. लैरी वेनस्टीन और डॉ. व्हिटनी पैफर्ड भारतीय चिकित्सकों के साथ सेवाएं देंगे। रजिस्ट्रेशन हेतु हेल्पलाइन नंबर *902433322* जारी किया गया है। 14 जनवरी को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कैंप दौरे की संभावना है। यह पहल इस संदेश को सशक्त करती है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए होनी चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

श्रद्धा और सत्कार से मनाया गया श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह/चंडीगढ़- 21 पोह नानक शाही सम्वत 557 की अनुसार आज 4 जनवरी को समूह नानक नाम लेवा संगत साहिबे कमाल साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मना रही है इसी पावन दिवस को आज गुरद्वारा कलगीधर खेड़ी में श्रद्धा और सत्कार से मनाया गया और कथा -कीर्तन दीवान सजाये गए जिनमें विशेष तौर पर श्री दरबार साहिब अमृतसर साहिब से आये रागी जत्थों ने हाजरी भरी। जिस में भाई बलविंदर सिंह लाड़ी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर, भाई गुरदित सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर, बीबी कमलजीत कौर मोहाली वाले, इस्त्री सत्संग जथा गुरद्वारा कलगीधर खेड़ी सेक्टर 20, भाई प्रेम सिंह जी चंडीगढ़ वाले तथा भाई दिलवर सिंह जी गुरुद्वारा कलगीधर खेड़ी वालों ने कीर्तन की हाजरी भरी । भाई इंद्रजीत सिंह जी मुख्य ग्रंथी गुरुद्वारा कलगीधर खेड़ी सेक्टर 20 जी ने गुरु साहिब के जीवन और सिक्ख इतिहास सम्बन्धी कथा- विचारों से सांगत को निहाल किया उपरांत सरबत के भले की अरदास की गई और हुकमनामा लिया गया तथा गुरु के अटूट लंगर बरताये गए। शाम के समय भी विशेष कीर्तन दीवान सजाये गए जिनमे भाई जगतार सिंह जी राजपुरा हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर वालों ने कीर्तन हाजरी भरी। इन सभी समागमों के दौरान गुरु घर की प्रबंधक कमेटी सेक्रेटरी हुकम सिंह जी, मोहिंदर सिंह जी, गुरप्रीत सिंह जी, हरमीत सिंह जी कुलवंत सिंह जी,जगदीश सिंह जी,तथा गुरु घर के मुख्य सेवादार गुरइन्दर बीर सिंह जी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि हर बार कि तरह इस बार भी संगत ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया और गुरु घर कि खुशियाँ प्राप्त कर रही है। उन्होंने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म कि रक्षा के लिए अपना परिवार वार दिया जिन्हे याद करके समूह संगत नतमस्तक होती है। गुरु साहिब का पूरा जीवन धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समूचे सिक्ख पंथ को उनके जीवन से शिक्षा मिलती है। उन्होंने समूची साध -संगत और श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी का शुक्राना किया जिनके आशीर्वाद से समागम सम्पूर्ण हुए।

पी जी जी सी जी 42 में पर्यावरण पाठशाला का आयोजन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह/ चंडीगढ़- स्नातकोत्तर राजकीय बालिका महाविद्यालय सेक्टर 42 चंडीगढ़ के एन एस एस शिविर में पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता को लेकर जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण पाठशाला का आयोजन किया गया । फाउंडेशन के संस्थापक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने पर्यावरण पाठशाला की शुरुआत मातृशक्तियों को नमन करते हुए किए।पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रमुख आयामों की चर्चा के साथ ट्री एम्बुलेंस के संचालन की जानकारी तथा पर्यावरण प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ।इस ज्ञानवर्धक सत्र में पर्यावरण के महत्वपूर्ण व्यावहारिक पक्षों के साथ प्रमुख स्थानीय एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई तथा अरावली पर्वत श्रृंखला को संरक्षित रखने की आवाज सभी ने बुलंद की ।विश्व में चले रहे युद्धों को भी पर्यावरण के लिए खतरा बताया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की पर्यावरण विभाग प्रमुख सुनीता कुमारी,एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ सुखप्रीत सिद्धू और डॉ अशोक चंबियाल तथा एन एस एस के स्वयंसेवक सहभागी रहे।पर्यावरण प्रश्नोत्तरी के विजेता प्रतिभागियों को फाउंडेशन की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की ओर से पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही के उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा पत्र देकर सादर धन्यवाद किया गया ।

नये थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह बडैच ने नयागांव के थाना प्रभारी का पदभार संभाला तथा उन्होंने दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ़ । स्थानीय नयागांव के नये थाना प्रभारी इंसपैक्टर गुरबीर सिंह बडैच ने नयागांव के नये थाना प्रभारी का पदभार सम्भाला । वह पहले जीरकपुर थाने में तैनात थे तथा उन्होंने एक प्रेस वार्ता का आयोजन करके उसमें कहा कि जिला मोहाली के पुलिस एस एस पी हरमनदीप सिंह हंस जी द्वारा चलाई गई नशा विरोधी अभियान से नशा बेचने वाले तथा नशा करने वालो पर नकेल डालते हुऐ किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा । अगर किसी के पास नशा बेचने वाले की जानकारी है तो वह मुझे आ कर बताएं उसकी पहचान गुप्त रखी जायेगी । इसके साथ ही बताया कि कानून व्यवस्था को देखते हुऐ समस्त नयागांव के मकान मालिकों,दुकानदारों,होटल के मालिक और पेईगेस्ट मालिकों को निर्देश दिए हैं कि उनके पास अगर कोई भी नौकर,किराएदार या कोई भी गेस्ट भी रहने के लिए आता है तो उसकी पूरी जानकारी नयागांव के थाने में अवश्य दें और मैरिज पैलेसों में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई हथियार लेकर नहीं आएगा और लाऊड स्पीकर रात के दस बजे से सुबह छह बजे के बीच में नहीं बजेंगे और दिन में भी धार्मिक या और किसी प्रकार के समागम के लिए साउंड की इजाजत लेनी अनिवार्य है , तथा लाउडस्पीकर की आवाज धिमे रखने की भी हिदायत भी दी है ताकि किसी पडोसीयो या बच्चों को पढाई के समय कोई भी परेशानी न हो , इस बारे में सारे निर्देश मोहाली जिला के एस एस पी श्री हरमनदीप सिंह हंस द्वारा जारी किए गए हैं । नये थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह बडैच ने कहा जो भी इन निर्देशों का उल्लंघन करेगा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी ताकि कानून व्यवस्था को बनाये रखा जाये सके ।



क्यूजीन क्लस्टर मॉडल से बदलेगी प्रदेश की खाद्य अर्थव्यवस्था

- वन डिस्ट्रिक्ट वन क्यूजीन के तहत योगी सरकार कर रही सभी 18 मंडलों में क्यूजीन क्लस्टर विकसित करने की तैयारी
- प्रत्येक जनपद के विशिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों को संगठित पहचान, बेहतर बाजार और आधुनिक सुविधाएं होंगी उपलब्ध
- उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक बाजार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा क्यूजीन क्लस्टर मॉडल
- प्रदेश के पारंपरिक स्वाद को नई पहचान देने के साथ ही आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को भी मजबूती प्रदान करेगी पहल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लखनऊ, 4 जनवरी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश की समृद्ध खाद्य विरासत को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल कर रही है। प्रस्तावित वन डिस्ट्रिक्ट-वन क्यूज़ीन (ह्यष्ठह्यष्ट) मॉडल के तहत प्रदेश के सभी 18 मंडलों को क्यूज़ीन क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाने का प्रस्ताव है। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक जनपद के विशिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों को संगठित पहचान, बेहतर बाजार और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। समग्र रूप से क्यूजीन क्लस्टर मॉडल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक बाजार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। यह पहल न केवल प्रदेश के पारंपरिक स्वाद को नई पहचान देगी, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को भी मजबूती प्रदान करेगी। हर मंडल क्यूज़ीन क्लस्टर, स्थानीय व्यंजनों को मिलेगा संगठित प्लेटफॉर्म

क्यूज़ीन क्लस्टर मॉडल के अंतर्गत प्रत्येक मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों के विशिष्ट व्यंजनों को चिन्हित कर उन्हें गुणवत्ता, पैकेजिंग, विपणन और ब्रांडिंग के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। इससे न केवल पारंपरिक स्वाद संरक्षित होंगे, बल्कि उन्हें आधुनिक उपभोक्ता की पसंद के अनुरूप प्रस्तुत किया जा सकेगा।

पेठा, पेड़ा, लिट्टी-चोखा, समोसा और लड्डू बनेंगे यूपी के फूड ब्रांड

इस योजना के तहत आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा, गोरखपुर का लिट्टी-चोखा, कानपुर का समोसा और लड्डू जैसे लोकप्रिय व्यंजनों को राज्य स्तरीय ब्रांड के रूप में विकसित किया जाएगा। इन व्यंजनों की पहचान अब केवल स्थानीय बाजार तक सीमित न रहकर ई-कॉमर्स, फूड फेस्टिवल और पर्यटन स्थलों के माध्यम से देश-विदेश तक पहुंचेगी।

फूड स्टार्टअप और उद्यमिता को मिलेगा सहयोग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार फूड स्टार्टअप, एमएसएमई और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। क्यूज़ीन क्लस्टर मॉडल के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग यूनिट, कोल्ड चेन, गुणवत्ता परीक्षण और प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता के नए अवसर मिलेंगे।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से जमीन पर दिखेगा असर

इस पहल से सरकार की प्रो-इंडस्ट्री नीति, सिंगल विंडो सिस्टम और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के कारण फूड सेक्टर में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। प्रस्ताव के तहत, ह्यष्ठह्यष्ट मॉडल के ज़रिए स्थानीय उत्पादकों को स्वास्थ्य, ब्रांडिंग सपोर्ट और मार्केट लिंकेज उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपने उत्पाद विकसित कर सकें।

रोजगार, निवेश और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

क्यूजीन क्लस्टर आधारित विकास से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर, स्थानीय निवेश और फूड टूरिज्म को नई गति मिलेगी। होटल, रेस्टोरेंट, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ह्यष्ठह्यष्ट क्यूजीन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे उत्तर प्रदेश एक फूड डेस्टिनेशन स्टेट के रूप में उभर सके।

भू-स्वामित्व नामांतरण और लैंड यूज़ चेंज की प्रक्रिया होगी आसान, किया जा रहा है डिजिटल सरलीकरण

-सीएम योगी आदित्यनाथ की डिजिटल पहल, भू-प्रशासन संबंधी प्रक्रियाएं होगी सरल, पारदर्शी, तेज और नागरिक-केंद्रित

-लैंड यूज़ चेंज और नामांतरण प्रक्रिया में सुधार से बढ़ेगा ग्रामीण क्षेत्र में औद्योगिक निवेश

अर्थ प्रकाश/ लखनऊ, 04 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक प्रदेश सरकार ने भूमि संबंधी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी, तेज और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस दिशा में स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग और राजस्व परिषद के संयुक्त प्रयासों से भू स्वामित्व में नामांतरण की धारा-34 और लैंड यूज चेंज की धारा 80 की प्रक्रियाओं का डिजिटल सरलीकरण किया जा रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रक्रिया को एकीकृत प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है। प्रक्रिया को फरवरी 2026 तक पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई है। यूपी सरकार की इस पहल से प्रदेश के लाखों किसानों, भू-मालिकों और उद्योगपतियों को अनावश्यक कागजी कार्रवाई से मुक्ति मिलेगी, साथ ही डिजिटल तकनीक के माध्यम से कार्रवाई भी तेज और अधिक पारदर्शी हो सकेगी।

धारा-34 के तहत नामांतरण प्रक्रिया को बनाया जा रहा डिजिटल और सरल

स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग और राजस्व परिषद के संयुक्त प्रयासों से भूमि संबंधी प्रशासनिक प्रक्रियाओं का डिजिटलाइजेशन और सरलीकरण किया जा रहा है। इस क्रम में भू-संपत्ति हस्तांतरण के दौरान नामों के बदलाव की धारा-34 के तहत नामांतरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाया जा रहा है। जिसके तहत सभी आवश्यक जानकारियां जैसे- खसरा-खतौनी विवरण, मालिकाना हक के प्रमाण और अन्य अभिलेख ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के जरिए एक ही बार में संकलित की जाएंगी। ऑनलाइन अपलोड होते ही डिजिटल डेटा फ्लो के जरिए अभिलेखों की जांच की जाएगी। जिससे इस प्रक्रिया में पारंपरिक रूप से कई स्तरों पर फॉर्म भरने, दस्तावेज जमा करने और लेखपाल की आख्या की प्रतीक्षा में लगने वाले समय में कमी आएगी। साथ ही कार्यप्रणाली आमजन के लिए अधिक सरल और पारदर्शी हो सकेगी।

लैंड यूज चेंज प्रक्रिया की धारा-80 का भी हो रहा है डिजिटलीकरण

कृषि भूमि को गैर-कृषि या औद्योगिक उपयोग में बदलने से संबंधित धारा 80 के अंतर्गत लैंड यूज चेंज प्रक्रिया का भी डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पहले आवेदन, अनुमोदन और अभिलेख अपडेट के लिए बार-बार दौड़-भाग करनी पड़ती थी। अब सभी जरूरी जानकारियां जैसे भूमि का खसरा-खतौनी विवरण, मौजूदा उपयोग की स्थिति और आसपास के क्षेत्र की जानकारियां ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में एक बार में ही ली जाएगीं। अनावश्यक औपचारिकताओं को हटाकर डिजिटल जांच की व्यवस्था की गई है, जिससे लेखपाल द्वारा बार-बार रिपोर्टिंग की जरूरत समाप्त हो जाएगी। विभाग ने आवेदन फॉर्म, आख्या रिपोर्ट्स और सर्टिफिकेट के सरल प्रारूप का परीक्षण पूरा कर लिया है।

ऑनलाइन पोर्टल, एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जाएगें नोटिस

प्रक्रिया संबंधित सभी नोटिस अब पारंपरिक डाक के बजाय ऑनलाइन पोर्टल, एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्यम से प्रेषित किए जाएंगे। जिससे आवेदक को तत्काल सूचना मिले सकेगी, साथ ही लेखपाल की आख्या की आवश्यकता को न्यूनतम किया जाएगा। स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग से आवश्यक एपीआई एकीकरण किया जा रहा है, जो डेटा फ्लो को अधिक प्रभावी बनाएगा। प्रक्रिया के तहत नामांतरण प्रमाणपत्र और लैंड यूज चेंज सर्टिफिकेट कुछ ही दिनों में ऑनलाइन भी उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में चल रही भू-प्रशासन में इस डिजिटल पहल से न केवल समय की बचत होगी बल्कि संपत्ति की खरीद बिक्री में होने वाले अपराध और भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। साथ ही लैंड यूज़ चेंज प्रक्रिया में सुधार और सरलीकरण से ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश में भी वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

माघ मेले में प्रवाहित हो रही भक्ति, संस्कृति और संगीत की त्रिवेणी, कला संगम कार्यक्रम की शुरुआत के साथ हुआ आगाज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

प्रयागराज, 04 दिसंबर। माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परम्परा, सांस्कृतिक विविधता और प्रशासनिक दक्षता का सजीव उदाहरण है। इसी की झलक देखने को मिल रही है माघ मेला क्षेत्र में कला संगम कार्यक्रम में जिसका आगाज शनिवार से हो गया। उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग की तरफ से इसका आयोजन हो रहा है।

लोक कला की प्रस्तुतियों से गुलजार हुआ माघ मेला, कला संगम का हुआ आगाज

प्रयागराज के संगम तट पर शुरू हुए माघ मेले में भारतीय संस्कृति और कलाओं का भी संगम हो रहा है। मेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड में रविवार से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की शुरुआत हो गई है। कार्यक्रम के पहले दिन का प्रथम कार्यक्रम उदय चन्द्र परदेशी एवं टीम द्वारा देवी लोकगीत की प्रस्तुति से हुआ। लोक गायिका मालिनी अवस्थी के भजनों की प्रस्तुति से श्रोता भाव विभोर हो गए । कार्यक्रम में वाराणसी से आए राम जनम की टीम का शंख वादन ने भी लोगों को रोमांचित किया। संगीता मिश्रा ने लोक गायन में अपनी प्रस्तुति दी तो वहीं लखनऊ से आए वरुण मिश्रा की शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति का भी श्रोताओं ने रसास्वादन किया। लोक नृत्य और शास्त्रीय नृत्यों का भी पहले दिन संगम देखने को मिला। कीर्ति श्रीवास्तव के लोक नृत्य डेढ़इया और नीता जोशी के कथक नृत्य की जबरदस्त जुगलबंदी देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन आभा मधुर ने किया।

120 से अधिक लोक और शास्त्रीय कलाकार 20 दिन देंगे प्रस्तुतियां

कला संगम के पहले दिन दिन कुल 6 प्रस्तुतियां हुई । माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि मेला क्षेत्र में 4 जनवरी से 30 जनवरी तक इनकी प्रस्तुतियां होंगे। इस आयोजन में 120 से अधिक लोक एवं शास्त्रीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस 20 दिवसीय आयोजन को उत्तर प्रदेश का संस्कृति विभाग आयोजित कर रहा है।

कैंची धाम से दुनिया तक : नीम करोली बाबा पर आधारित 7-भागीय मल्टीलिंगुअल वेब सीरीज़ 'संत' की घोषणा

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

दिल्ली। अलमाइटी मोशन पिक्चर ने अपनी अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण परियोजना 'संत' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह 7-भागों की प्रीमियम मल्टीलिंगुअल वेब सीरीज़ भारत के महान संत नीम करोली बाबा के जीवन, दर्शन और वैश्विक प्रभाव पर आधारित होगी—वही संत जिन्होंने स्टीव जॉब्स, मार्क ज़करबर्ग और जूलिया रॉबर्ट्स जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों को भी गहराई से प्रभावित किया।

यह सीरीज़ नीम करोली बाबा की असाधारण आध्यात्मिक यात्रा, उनके प्रेम, सेवा, भक्ति और करुणा के दर्शन को आधुनिक सिनेमा की भाषा में वैश्विक दर्शकों तक पहुँचाने का प्रयास है। 'संत' को एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो भारतीय अध्यात्म और विश्व सिनेमा के बीच सेतु का कार्य करेगा।

20 भाषाओं में बनेगी सीरीज़

'संत' को 20 भाषाओं में तैयार किया जाएगा, जिससे यह भारतीय प्रोडक्शन हाउस द्वारा बनाई जा रही सबसे व्यापक मल्टीलिंगुअल आध्यात्मिक सीरीज़ में से एक होगी। सीरीज़ में लाइव-एक्शन सिनेमैटिक शूट, हाई-एंड वीएफएक्स और एआई-सहायता से दृश्य पुनर्निर्माण (AI-assisted visual reconstruction) का उपयोग किया जाएगा, ताकि विभिन्न कालखंडों और घटनाओं को यथार्थ और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जा सके।

इस प्रोजेक्ट पर पिछले दो वर्षों से गहन शोध और विकास कार्य चल रहा है, जिसमें आध्यात्मिक विद्वानों, इतिहासकारों और रचनात्मक विशेषज्ञों की भागीदारी रही है, ताकि प्रस्तुति पूरी तरह प्रामाणिक, संवेदनशील और गहराईपूर्ण हो।

अंतरराष्ट्रीय तकनीक, भारतीय आत्मा

अलमाइटी मोशन पिक्चर ने यूनाइटेड किंगडम से शीर्ष तकनीकी विशेषज्ञों को अंतिम रूप दिया है, वहीं भारत की अनुभवी क्रिएटिव और प्रोडक्शन टीम भी इस परियोजना का हिस्सा होगी। निर्माताओं का कहना है कि 'संत' वैश्विक ओटीटी मानकों पर खरी उतरेगी, लेकिन इसकी आत्मा पूरी तरह भारतीय आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ी रहेगी।

वैश्विक पहुंच के तहत, निर्माता विनम्र प्रयास के रूप में मार्क ज़करबर्ग, जूलिया रॉबर्ट्स और स्टीव जॉब्स फाउंडेशन जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों से संपर्क करने की योजना भी बना रहे हैं, ताकि बाबा के सार्वकालिक और सार्वभौमिक प्रभाव को सही संदर्भ में प्रस्तुत किया जा सके।

निर्माता के लिए व्यक्तिगत आस्था का विषय

सीरीज़ की निर्माता और अलमाइटी मोशन पिक्चर की संस्थापक प्रभलीन संधू ने इस प्रोजेक्ट को अपने जीवन से गहराई से जुड़ा बताया। उन्होंने कहा, 'संत' मेरे लिए सिर्फ एक सीरीज़ नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक जिम्मेदारी है। नीम करोली बाबा जी ने मेरे जीवन के सबसे कठिन दौर में मेरा मार्गदर्शन और संरक्षण किया है। एक श्रद्धालु के रूप में, उनकी कहानी दुनिया तक पहुँचाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। एक निर्माता के रूप में, मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि यह सीरीज़ पूरी निष्ठा, भक्ति और विश्वस्तरीय गुणवत्ता के साथ बने।'

कंटेंट में साबित कर चुकी हैं दम

प्रभलीन संधू इससे पहले 'भयः द गौरव तिवारी मिस्ट्री' जैसी चर्चित वेब सीरीज़ का निर्माण कर चुकी हैं, जो अमेज़न एमएक्स प्लेयर और प्राइम वीडियो पर रिलीज़ हुई और अपनी मौलिकता के लिए सराही गई।

इसके अलावा, उन्होंने प्रतिष्ठित सीरीज़ 'मेड इन इंडिया - ए टाइटन स्टोरी' भी पूरी की है, जिसमें नसीरुद्दीन शाह (जे.आर.डी. टाटा) और जिम सर्भ (ज़ेरक्सीस देसाई) प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आए थे।

वैश्विक महत्व की आध्यात्मिक प्रस्तुति

'संत' को केवल एक वेब सीरीज़ नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव के रूप में देखा जा रहा है, जो आस्था, करुणा और शाश्वत ज्ञान को



आधुनिक दर्शकों से जोड़ने का प्रयास करेगा।

सीरीज़ की कास्टिंग, ओटीटी प्लेटफॉर्म और प्रोडक्शन टाइमलाइन से जुड़ी विस्तृत जानकारियाँ आने वाले महीनों में साझा की जाएं

टी 20 वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगी बांग्लादेशी टीम

-आईपीएल विवाद के बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का फैसला

ढाका(एजेंसी)। बांग्लादेश की टीम आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 खेलने के लिए भारत नहीं जाएगी। बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की है। नजरुल ने कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बैठक के बाद इस बात का फैसला लिया है। अब इंतजार इस बात का है कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का इस मुद्दे पर क्या रुख होता है क्योंकि इस बड़े इवेंट के लिए शेड्यूल वगैरह तो आईसीसी ही तैयार करती है।

आसिफ नजरुल ने फेसबुक पर लिखा कि बांग्लादेश विश्व कप खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को यह फैसला लिया है। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं, जो इंडियन क्रिकेट बोर्ड की आक्रामक सांप्रदायिक नीतियों के जवाब में लिया गया है। बीसीबी का ये फैसला बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर करने के बाद लिया गया है। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने कोलकाता नाइट राइडर्स को निर्देश दिया था कि वो मुस्ताफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दे। केकेआर ने बीसीसीआई के निर्देशों का पालन करते हुए मुस्ताफिजुर को रिलीज कर दिया था।

मुस्ताफिजुर को रिलीज करने के बाद हुआ बवाल

कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुस्ताफिजुर रहमान को पिछले महीने हुई आईपीएल नीलामी में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। भारत के कुछ धार्मिक और राजनीतिक संगठनों की ओर से बांग्लादेशी खिलाड़ी के आईपीएल में खेलने पर सवाल उठाए गए,जिसके बाद बीसीसीआई ने बड़ा निर्णय लिया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को 2026 के लिए अपने घरेलू अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसमें भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज़ भी शामिल है। यह सीरीज पहले 2025 में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बांग्लादेश के मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेले जाने निर्धारित हैं। निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक टीम को अपना पहला मैच 7 फरवरी को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना है। हालांकि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए इन मुकाबलों के स्थान को लेकर अब असमंजस की स्थिति बन गई है।

चोट से रिकवर कर मैदान में उतरने को तैयार अय्यर... 6 जनवरी को हिमाचल के खिलाफ मैच

मुंबई (एजेंसी)। भारत के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोट से रिकवरी के बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेलने को तैयार हैं। 31 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। अय्यर 6 जनवरी को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई की ओर से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ खेलने वाले है। रिपोर्ट के अनुसार, श्रेयस अय्यर को बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से कुछ शर्तों के साथ खेलने की मंजूरी मिली है। अय्यर ने अपने रिहैबिलिटेशन के आखिरी दौर के लिए सीओई में 10 दिन बिताए। रिटर्न-टू-प्ले प्रोटोकॉल के तहत, अय्यर ने 2 जनवरी को एक प्रैक्टिस मैच भी खेला। इस प्रैक्टिस मैच के दौरान अय्यर को किसी तरह की तकलीफ महसूस नहीं हुई।

विजय हजारे ट्रॉफी में अय्यर का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने साल 2024 में कर्नाटक के विरुद्ध 50 गेंदों में 114 रन की पारी खेली थी। अय्यर ने प्रमुख घरेलू वनडे प्रतियोगिता में लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। वह पिछले सीजन 5 मुकाबलों में 325 रन बनाकर मुंबई के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने है।

बात दें कि अय्यर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के तीसरे वनडे के दौरान गंभीर चोट लगी थी। कैच लेने की कोशिश में अय्यर अपना संतुलन खो बैठे और पसलियों के बल मैदान पर गिर पड़े। इससे उनकी स्प्लीन में गंभीर चोट आई और अंदरूनी ब्लीडिंग भी हुई। इसके बाद से अय्यर क्रिकेट मैदान से दूर हैं।

न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारत की वनडे टीम शनिवार को चुनी जाएगी, जिसमें खिलाड़ियों की फिटनेस पर ध्यान दिया जाएगा। इसके बाद यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है कि चयनकर्ता उन्हें सीधे इंटरनेशनल मुकाबलों के लिए चुने सकते हैं या फिर पहले उन्हें घरेलू प्रतियोगिता में परखना चाहते है।

डेविड वॉर्नर ने बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स की ओर से खेली शतकीय बारी

-टी20 क्रिकेट में विराट कोहली के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर इस समय बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिए खेल रहे हैं। बीबीएल 2025-26 के 21वें मैच में सिडनी थंडर्स का मुकाबला होबार्ट हरिकेंस के साथ हुआ। इस मैच में वॉर्नर ने सिडनी के लिए रिकॉर्ड शतकीय पारी खेली। सिडनी के लिए वॉर्नर ने मैच में नाबाद 130 रन बनाए। उन्होंने सिर्फ 57 गेंद में अपना शतक पूरा किया। इससे पहले वॉर्नर ने बीबीएल में आखिरी बार 2011 में शतक लगाया था। इस तरह उन्होंने बीबीएल में 14 साल के सूखे को खत्म किया। इस शतकीय पारी के साथ ही वॉर्नर ने टी20 क्रिकेट में विराट कोहली के एक बड़े रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। टी20 फॉर्मेट में वॉर्नर का ये 9वां शतक था। वॉर्नर ने अपनी 428वीं पारी में ये कारनामा किया, जबकि कोहली ने 397वीं पारी में 9वीं टी20 सेंचुरी लगाई थी। टी20 में क्रिस गेल 22 सेंचुरी के साथ पहले स्थान पर हैं। वहीं पाकिस्तान के बाबर आजम 11 टी20 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ डेविड वॉर्नर ने शतक लगाया, लेकिन उनकी टीम को जीत नहीं मिल सकी। मुकाबले में सिडनी की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी थी। बैटिंग में टीम की शुरुआत खराब हुई और उसने बिना कोई रन बनाए अपने 2 विकेट गंवा दिए, फिर वॉर्नर ने अकेले मोर्चा संभालाते हुए निक मेडिसन, सैम बिलिंग्स और डेनियल सम्स के साथ मिलकर स्कोर को 20 ओवर के खेल में 4 विकेट के नुकसान पर 204 रन तक पहुंचाया। सिडनी के इस स्कोर के जवाब में होबार्ट की शुरुआत बहुत ही शानदार रही थी। पारी की शुरुआत करने आए टिम वार्ड और मिचेल ओवेन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 108 रनों की पार्टनरशिप की। टिम वार्ड ने होबार्ट के लिए 90 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा मिचेल ओवेन ने 45 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद मिडिल ऑर्डर के खिलाड़ियों ने 17.5 ओवर में टीम के स्कोर को 207 रन पहुंचाकर होबार्ट को 6 विकेट से जीत दिलाई।

खराब शुरुआत के बावजूद रूट और ब्रूक की अर्धशतकीय पारी से संभाली इंग्लैंड की टीम

नई दिल्ली (एजेंसी)। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर हो रहे एशेज 2025-26 के पांचवें टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड ने खराब शुरुआत के बावजूद मैंच पर मजबूत पकड़ बना ली। जो रूट और हैरी ब्रूक की अर्धशतकीय पारियों ने टीम को संभाल लिया है। बारिश और खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त करना पड़ा और केवल 45 ओवर ही फेंके जा सके। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए झाय रिचर्डसन की जगह ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को शामिल किया। वहीं, स्पिनर टॉड मर्फी को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि पिच से स्पिनरों को मदद नहीं मिलने की वजह से यह फैसला लिया। दूसरी ओर, इंग्लैंड को मजबूरन एक बदलाव करना पड़ा और चोटिल गस एटकिंसन की जगह मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल करना पड़ा। इंग्लैंड की शुरुआत फिर निराशाजनक रही। बेन डकेट ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर मिचेल स्टार्क के एक ओवर में लगातार दो चौके लगाए, लेकिन 24 गेंदों में 27 रन बना विकेट के पीछे कैच दे बैठे। इसके बाद माइकल नेसर ने जैक क्रॉली को 29 गेंदों में 16 रन पर एलबीडब्ल्यू किया। अगले ही ओवर में स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल को 23 गेंदों में 10 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड ने 13 ओवर में 57 रन पर अपने तीन शीर्ष विकेट गंवा दिए।

इसके बाद जो रूट और हैरी ब्रूक ने नई गेंद को संभालते हुए पारी को स्थिर किया। लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 114/3 था। कैमरन ग्रीन पहले सत्र में प्रभावी साबित नहीं हुए। 34वें ओवर में दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए–रूट ने 65 गेंदों में और ब्रूक ने 63 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की। ग्रीन के एक ओवर में ब्रूक ने टेस्ट का पहला छक्का भी लगाया। 45 ओवर के बाद अंपायरों ने लाइट मीटर निकाला और खराब रोशनी के चलते खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसके बाद बारिश के कारण खेल दोबारा शुरू नहीं हो सका। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड का स्कोर 211/3 था। जो रूट 103 गेंदों में 72 रन (8 चौके) और हैरी ब्रूक 92 गेंदों में 78 रन (6 चौके, 1 छक्का) बनाकर नाबाद लौटे।

तेज गेंदबाज मयंक यादव ने शुरु की गेंदबाजी, लखनऊ सुपर जायंट्स को मिली राहत

नई दिल्ली । लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव अब तेजी से फिटनेस हासिल कर रहे हैं। मयंक पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण तकरीबन एक साल से मैदान से बाहर थे। अब उन्होंने अभ्यास शुरु कर दिया है। 23 साल के मयंक ने पहले ही सत्र में अपनी तेज रफ्तार से सबका ध्यान खींचा था। मयंक इसके बाद पीठ की चोट के कारण 2025 सत्र में केवल दो ही मुकाबले खेल पाये थे। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उनके पूरी तरह से फिट नहीं होने के बाद भी इस गेंदबाज को रिटेन किया है। वहीं एक बोर्ड अधिकारी ने कहा, मयंक अपने रिहैबिलिटेशन में अच्छी प्रगति कर रहे हैं और उन्होंने तेजी से गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है। इस अधिकारी ने साथ ही कहा, उन्होंने स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग में भी काफी बेहतर किया है, जिससे वह तेज गेंदबाजी के लिए पूरी फिटनेस हासिल करने के करीब है। उम्मीद है कि आने वाले समय में वह 100 फीसदी तेजी से गेंदबाजी कर पायेंगे।

अभी रोहित और विराट को खेलते हुए देखना चाहते हैं इरफान पठान

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा है कि वह रोहित शर्मा और विराट कोहली को अभी खेलते हुए देखना चाहते हैं। वहीं पठान ने रोहित और कोहली के पुरुष विश्व कप 2027 में खेलने की संभावनाओं को लेकर कहा, आप निश्चित रूप से 2027 एकदिवसीय विश्वकप कप के बारे में उनको खेलते देखना चाहेंगे हालांकि अभी इसमें काफी समय है । इसलिए अभी से कुछ नहीं कहा जा सकता है पर जहां तक मेरी बात है मैं बस रोहित और कोहली दोनों को लंबे समय तक भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट खेलते हुए देखना चाहता हूं। साथ ही कहा कि अभी ये दोनो ही केवल एक प्रारुप में खेल रहे हैं। इसलिए वे जितना ज्यादा खेलेंगे, उतना ही उनके लिए अच्छा रहेगा। वहीं पठान ने एकदिवसीय टीम के नये कप्तान शुभमन गिल की भी प्रशंसा करते हुए कहा, जब मुझे पहली बार 19 साल की उम्र में चुना गया था, तो द्रविड़ ने कहा था, इरफान, यह अच्छी बात है कि तुम इस लेवल तक पहुंच गए हो, लेकिन अब चीजें और कठिन होंगी। जब मैंने उनसे पूछा कि अगर चीजें मुश्किल हो जाएं तो मुझे क्या करना चाहिए? उन्होंने जवाब दिया, तुम्हें इसे संभालना आ जाएगा और ऐसा ही कुछ शुभमन गिल के साथ भी होगा। इंग्लैंड दौरे पर शुभमन के साथ एक अच्छी बात यह हुई कि उनका टेस्ट एवरेज बेहतर हुआ और टीम पर उनका दबदबा भी बढ़ा। अब वनडे में भी उन पर जिम्मेदारी है और यह उनके लिए आगे बढ़ने का एक बड़ा मौका है। वहीं शुभमन की तुलना विराट कोहली से किए जाने पर पठान ने कहा,वह बहुत प्रतिभाशाली है इसलिए तुलना होगी ही। ये वैसे ही है जैसे पहले विराट कोहली की सचिन तेंदुलकर से तुलना की जाती थी। इसलिए इसमें कुछ अलग नहीं है पर शुभमन को लगातार रन बनाकर विराट से तुलना को सही साबित करना होगा।

टी20 में बेहतर संतुलन के लिए गेंदबाजों को पांच ओवर दें : टॉफेल

सिडनी (एजेंसी)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई अंपायर साइमन टॉफेल ने कहा है कि टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों को चार ओवर की जगह पर पांच ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति दी जानी चाहिए। टॉफेल के अनुसार इससे गेंद और बल्ले के बीच बेहतर संतुलन रहेगा। आजकल अधिकतर मैचों में बल्लेबाज हावी रहते हैं जिससे काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं। वर्तमान में एक गेंदबाज टी20 प्रारुप में केवल चार ओवर ही कर सकता है पर टॉफेल का मानना है कि अगर गेंदबाज को पांच ओवर दिये जायं तो खेल की रणनीति बदल जाएगी।

इस अंपायर ने कहा , 'मैंने कुछ अलग-अलग लीग को कुछ अपनी ओर से कई सुझाव दिए हैं, जिन पर अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया है। मैं सीमित ओवरों के क्रिकेट को रोमांचक बनाने के पक्ष में हूं इसलिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी में एक समान हालात चाहता हूं। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि टी20 क्रिकेट में एक गेंदबाज पांचवां ओवर भी फेंके। अगर कोई बल्लेबाज पहली गेंद से लेकर अंत गेंद तक पूरी पारी में क्रीज पर रह सकता है तो फिर हम सभी गेंदबाजों को चार ओवर तक ही क्यों सीमित किया जार रहा है।

टॉफेल ने कहा, 'क्या हम किसी एक गेंदबाज को एक अतिरिक्त ओवर दे सकते हैं जिससे बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बराबरी हो सकेगी। मैं केवल मैच में संतुलन चाहता हूं। उन्होंने कहा कि वह हाल ही में शामिल किये गये इम्पैक्ट प्लेयर नियम और रणनीतिक टाइमआउट को सही नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा, 'सभी बदलाव अच्छे नहीं होते। हम केवल बाजार के अनुसार चीजे नहीं बदल सकते। हमें खेल को देखते हुए सावधानी बरतनी होगी। आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर होता है। वहीं आईएलटी20 में सुपर सब होता है।

छेत्री सहित भारतीय फुटबॉलरों ने फीफा से की अपील, आईसीएल निलंबित होने से परेशानी में हैं खिलाड़ी

कोलकाता । भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री ने कहा है कि आज देश का फुटबॉल जगत बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है। छेत्री के अनुसार इंडियन सुपर लीग (आईसीएल) को निलंबित किये जाने के बाद से ही खेल मुश्किल में है। ऐसे में भारतीय फुटबॉल को बचाने के लिए विश्व फुटबॉल महासंघ (फीफा) को कदम उठाने चाहिये। आईएसएल के निलंबन के बाद से ही नये सत्र की शुरुआत नहीं हो पायी है। इससे खिलाड़ी आर्थिक संकटों से भी जूझ रहे हैं। खिलाड़ियों के साथ ही क्लब भी संश में हैं। खिलाड़ियों को वेतन तक नहीं मिल पा रहा है। इससे खिलाड़ियों का करियर भी संकट में है। छेत्री के साथ ही गुरप्रीत सिंह संधू, संदेश झिंगन सहित कई अन्य खिलाड़ियों ने भी कहा कि आईएसएल को शीघ्र बहाल किया जाना चाहिये। खिलाड़ियों ने कहा कि भारतीय फुटबॉल इस समय ऐसे ठहराव में फंसा है, जहां आगे की राह नहीं दिख रही है। वहीं संधू ने कहा कि साल की शुरुआत में खिलाड़ियों को आईएसएल खेलना चाहिये था पर वह अभी तक संशय में हैं। इस मामले में खिलाड़ियों ने विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा से सीधे हस्तक्षेप की अपील की है। । छेत्री ने कहा कि खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, क्लब मालिक और प्रशंसक सभी स्पष्टता, सुरक्षा और सबसे अहम एक सुरक्षित भविष्य के अधिकारी हैं। गौरतलब है कि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट के नवीनीकरण को लेकर समझौता 8 दिसंबर को समाप्त हो गया था, जिसके बाद जुलाई से ही 2025-26 सीजन को रोक दिया गया।

अभी संन्यास लेने का इरादा नहीं : स्मिथ

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि अभी वह खेल का आनंद ले रहे हैं और उनका निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है। स्मिथ ने अबत एशेज सीरी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। नियमित कप्तान पीट कमिंस के बाहर होने से वह कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। स्मिथ के अनुसा अभी वह फिट हैं और लंबे समय तक टीम के लिए खेल सकते हैं। वहीं स्मिथ से जब उनके एशेज 2027 में खेलने को लेकर सवाल पूछा गया। तो उन्होंने कहा, मैंने कुछ समय से कहा है, मैं इसे सीरीज-दर-सीरीज देख रहा हूं, और हम देखेंगे कि चीजें कहां पहुंचती हैं। मुझे लगता है कि मैं अभी ठीक कर रहा हूं, मैं खेल का आनंद ले रहा हूं, मैं अपना योगदान दे रहा हूं, और इसमें मुझे अच्छा लग रहा हूं। इसलिए अभी संन्यास को लेकर कोई तारीख तय नहीं की जा सकती है।

उन्होंने कहा, हाल के कुछ साल में ऑस्ट्रेलियाई टीम के अच्छे प्रदर्शन से खेल और बेहतर हुआ है। मैच अब ड्रॉ नहीं हो रहे बल्कि परिणाम आ रहे है। ये अच्छे संकेत हैं। हमारे पास एक अच्छी टीम है। हम लगातार दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेले हैं। ऐसा कभी नहीं हुआ कि केवल एक या दो खिलाड़ी ही खेले रहे हों। टीम के सभी खिलाड़ी अपनी ओर से योगदान दे रहे हैं। इसी वजह से हम एक अच्छी टीम बने हैं। इस टीम का हिस्सा बआ रहना सबसे अच्छा रहा है। अब एक बड़े खिलाड़ी के तौर पर, मैं आने वाले कुछ खिलाड़ियों की सहायता कर सकूंगा और उन्हें टेस्ट क्रिकेट का खेल सिखाने में सहायता कर सकूंगा।स्मिथ ने संन्यास की घोष्णा करने वाले उस्मान ख्वाजा की भी प्रशंसा की है। वहीं अपनी कप्तानी में ख्वाजा को टीम में नहीं लिए जाने पर स्मिथ ने कहा कि इससे उन्हें सबक मिला और ख्वाजा ने स्पिनरों के खिलाफ अपने खेल को पहले से बेहतर बनाया है।,

शमी के चयन नहीं होने पर नाराज कोच ने गुस्सा जताकर कहा... और कितने विकेट लेने होंगे?

नई दिल्ली । भारत की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को नहीं शामिल किया गया है। इस फैसले ने सभी को चौंका दिया है, खासकर इसलिए क्योंकि शमी घरेलू क्रिकेट में शानदार फार्म में हैं। चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा पर भरोसा दिखाया है। शमी के बचपन के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने चयन समिति के फैसले पर खुलकर नाराजगी जाहिर कर दी है। उन्होंने मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर पर सवाल उठाकर कहा कि शमी को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। बदरुद्दीन ने कहा, एक खिलाड़ी और क्या कर सकता है? शमी को और कितने विकेट लेने होंगे? शमी का मौजूदा घरेलू सीजन उनके चयन का मजबूत दावा पेश करता है। विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने पांच मैचों में 11 विकेट झटके हैं। हाल ही में असम के खिलाफ बंगाल की ओर से खेलकर शमी ने 3 विकेट देकर 55 रन खर्च किए और टीम को विपक्षी को 217 रन पर ढेर करने में मदद की। हालांकि, कोच बदरुद्दीन को आशंका है कि चयन समिति अब 35 वर्षीय शमी से आगे बढ़ने का मन बना चुकी है। उनका मानना है कि भविष्य की योजनाओं के तहत युवा गेंदबाजों को मौका दिया जा रहा है।

आईपीएल से बाहर हुए मुस्तफिजुर रहमान का 400वां कमाल.... हासिल की ये बड़ी उपलब्धि

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के बीच मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देशों के बाद आईपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर की टीम से बाहर कर दिया गया है। आईपीएल से बाहर होने के बाद रहमान ने टी20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। मुस्तफिजुर रहमान ने टी20 क्रिकेट में 400 विकेट पूरे किए और बतौर तेज गेंदबाज सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले पेसर बने है। टी20 में सबसे तेज 400 विकेट लेने का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान के नाम है। मुस्तफिजुर टी20 इतिहास में 400 विकेट लेने वाले सिर्फ 11वें गेंदबाज बने है। वह ऐसा करने वाले शाकिब अल हसन के बाद दूसरे बांग्लादेशी भी हैं, जिन्होंने बीपीएल 2022 के दौरान 353 मैचों में यह कारनामा किया था।

30 साल के मुस्ताफिजुर ने यह रिकॉर्ड अपना 315वां टी20 मैच खेलकर बनाया। यह मुकाबला बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में सिलहट टाइटंस के खिलाफ बना। रंगपुर राइडर्स की ओर से खेलकर मुस्ताफिजुर ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए और अपनी टीम को 6 विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने मेहदी हसन मिराज का विकेट लेकर 400 विकेट पूरे किए, इसके बाद अफिफ हुसैन ध्रुबो और खालिद अहमद को भी आउट किया। अब मुस्तफिजुर के नाम 315 टी20 मैचों में 402 विकेट हैं। उनका इकॉनमी रेट 7.43 का है। उन्होंने टी20 में 6 बार चार विकेट और 4 बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया है।

मुस्तफिजुर ने पाकिस्तान के वहाब रियाज का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 335 मैच में 400 विकेट लेने का कमाल किया था। यह बांग्लादेशी पेसर अब कुल मिलाकर 400 टी20 विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गया है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के लेग-स्पिनर इमरान ताहिर को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने यह मुकाम हासिल करने के लिए 320 मैच लिए थे। अफगानिस्तान के स्पिन स्टार राशिद खान कुल मिलाकर 400 टी20 विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज बने हुए हैं, उन्होंने यह कारनामा सिर्फ 289 मैचों में किया।